21 जून 2025 | रांची, शनिवार | वर्ष-26, अंक- 139, पृष्ठ-12 | आषाढ़ कृष्ण पक्ष 11, संवत 2082 | रांची एवं डालटनगंज (मेदिनीनगर) से एक साथ प्रकाशित | रजिस्ट्रेशन नं: BIHHIN/1999/155 | www.rastriyanaveenmail.com

अंतरराष्ट्रीय योग दिवस की शुभकामनाएं

ईश्वर में हमारा विश्वास

# राष्ट्रीय नवीन मेल

सत्यमेव जयते

₹2.00

हर पक्ष की खबर | हर पक्ष पर नजर

## पाक पर ब्रह्मोस चला, तहस-नहस हो गई आतंकी टोली

राष्ट्रीय नवीन मेल




कामेश्वर कुमार 'कामेश', रांची

**कायर** थे तभी ऐसी, कायरता
की बोली थी बोली,
जो घृणित काम किए थे, जला
दी सेना, इनकी टोली,
पहलगाम घाटी घुमने, गई थी
दुल्हन नई नवेली,
सबके मन में हंसी खुशी थी,
सबकी अलग थी बोली,
धर्म का नाम पूछके आतंकी,
अलग किए सैलानी,
निर्दयी, बुझदिल आतंकी,
हथियार से घेर ली टोली,
लहुलुहान पल भर में हो गए, बंद
हुई हंसी ठिठोली,
जन्नत की इस धरती पर आतंकी
खेले खून की होली,
धिक्कार तुझे तू कुकर्मी, जिसने
मानवता न जानी,
निहत्थे सैलानियों पर, चला
दी थी झट से गोली,
आतंकी ठिकानों को, गोलीबारी
का अर्थ बताया,
पाक में ब्रह्मोस चला, तहस-
नहस की आतंकी टोली,
घर में घुस आतंकवादियों को,
ऐसी सबक सिखा दी,
कश्मीर-कन्याकुमारी के
भारतीयों की जिया जुड़ा दी।

### रांची का तापमान

| | कांके | रांची |
|---|---|---|
| अधिक. | 25.0° | 26.0° |
| न्यून. | 21.5° | 22.1° |

### व्हाट्सएप से सीधे जुड़ें

सुझाव, शिकायत और समाचारों का स्वागत समाचार पत्र में प्रकाशित करने के लिए सप्रमाण समाचारों का स्वागत है। आप सुझाव या शिकायत भी भेज सकते हैं। संपर्क/व्हाट्सएप 82925 53444 विज्ञापन देने या अखबार प्राप्त करने के लिए संपर्क +91 82923 73444 कार्यकारी संपादक।



### मुख्यमंत्री ने वीडियो कांफ्रेंसिंग के जरिए सभी जिलों के उपायुक्तों के साथ की बैठक, कहा

# भारी बारिश को देखते हुए अलर्ट मोड में रहें अधिकारी

नवीन मेल डेस्क

**रांची।** मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने शुक्रवार को झारखंड मंत्रालय से वीडियो कांफ्रेंसिंग के जरिए सभी जिलों के उपायुक्तों के साथ संवाद कर राज्य में हो रही भारी बारिश को दृष्टिगत रखते हुए अधिकारियों को पूर्ण रूप से अलर्ट मोड में रहने का निर्देश दिया। मुख्यमंत्री ने सभी जिलों के उपायुक्तों से कहा कि शहरी तथा ग्रामीण क्षेत्रों में जल जमाव की समस्या से आम जनता को निजात दिलाने के लिए प्रभावी कदम उठाए जाएं।

मुख्यमंत्री सोरेन ने सभी जिलों के उपायुक्तों को निर्देश दिया कि लोकल अथॉरिटी के साथ समन्वय स्थापित कर जल जमाव की स्थिति को जल्द से जल्द खत्म करने का प्रयास करें। जिलों में सड़क, पुल-पुलिया, घर, फसल आदि को हुए नुकसान का शेष पेज 11 पर

## अतिवृष्टि में हुए नुकसान का आकलन कर विभाग को भेजें रिपोर्ट



### जल जमाव वाले क्षेत्रों में छिड़काव कार्य करें

मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने सभी जिलों के उपायुक्तों को निर्देश दिया कि शहरी तथा ग्रामीण क्षेत्रों में जहां भी जल जमाव की स्थिति है, वहां मच्छर-मक्खियों को नियंत्रित करने के लिए कीटनाशक का छिड़काव कराएं। ताकि, इसकी वजह से जो बीमारियां उत्पन्न होती हैं, उसे नियंत्रित किया जा सके। मुख्यमंत्री ने निर्देश दिया कि बरसात के मौसम में सर्पदंश (स्नेक बाइट) के भी ज्यादा मामले आते हैं। शेष पेज 11 पर

## बारिश और वज्रपात से पोल व तार गिरे, बिजली व्यवस्था ठप

- बारिश से लोगों को करना पड़ा परेशानियों का सामना
- भारी वर्षा से लोगों का दैनिक कार्य हुआ अस्त-व्यस्त

**रांची।** झारखंड में हो रही झमाझम बारिश से आम जनजीवन अस्त-व्यस्त हो गया है। बारिश से जहां गर्मी से राहत मिली, वहीं लोगों की परेशानियां भी बढ़ गई हैं। पलामू जिले में बीते चार दिनों से हो रही लगातार बारिश से तरहसी प्रखंड के गोइंदी से हिंदिया जाने वाले मुख्य मार्ग पर बनी पुलिया (कलभट्ट) तेज बहाव में बह गई है। इससे पारटांड, हिंदीया एवं पुरनी हिंदीया का संपर्क पूरी तरह से मुख्य सड़क से कट गया है। करीब 600 घर प्रभावित हुए हैं। साथ ही, भारी बारिश से राज्य के प्रमुख जलाशयों में जलस्तर तेजी से बढ़ने लगा है। जलस्तर बढ़ने के कारण धनबाद के मैथन डैम और बोकारो के तेनुडैम के कई फाटक खोल दिए गए हैं। भारी बारिश से राजधानी रांची के कई हिस्सों समेत गुमला, बोकारो, लोहरदगा, खूंटी, पश्चिमी सिंहभूम, गढ़वा एवं अन्य जिलों में गुरुवार की रात से बिजली आपूर्ति व्यवस्था चरमराई रही। यहां घंटों बिजली आपूर्ति ठप रही, जिससे आम जनजीवन को काफी परेशानियों का सामना करना पड़ा। शेष पेज 11 पर

## 25 जून तक बारिश के आसार

**रांची।** मौसम विभाग ने कहा है कि राज्य के कई जिलों में 25 जून तक बारिश हो सकती है। 21 जून (शनिवार) को राज्य के उत्तर-पश्चिमी और उत्तर-पूर्वी जिले के कुछ हिस्सों में भारी बारिश होने की संभावना है। कुछ इलाकों में वज्रपात होने की भी आशंका है। मौसम विभाग के अनुसार, 22 और 23 जून को राज्य के कुछ इलाकों में गर्जन के साथ वज्रपात होने की आशंका है। 24 जून को उत्तर-पूर्वी और दक्षिण-पूर्वी जिलों के कुछ हिस्सों में भारी बारिश की संभावना है। शेष पेज 11 पर

### राज्य कैबिनेट की बैठक में 26 प्रस्तावों को मिली मंजूरी

# जेएसएससी सीजीएल परीक्षा अब दो चरणों में ली जाएगी

नवीन मेल डेस्क

**रांची।** मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन की अध्यक्षता में शुक्रवार को प्रोजेक्ट भवन में कैबिनेट की बैठक हुई। कैबिनेट की बैठक में 26 प्रस्तावों को मंजूरी दी गई। झारखंड कर्मचारी चयन आयोग (जेएसएससी) की ओर से ली जाने वाली कंबाइंड ग्रेजुएट लेवल (सीजीएल) परीक्षा अब दो चरणों (प्रारंभिक और मुख्य परीक्षा) में आयोजित होगी। हालांकि, अगर आवेदकों की संख्या 50 हजार से कम हुई, तो पूर्व से चली आ रही व्यवस्था के अनुसार परीक्षा एक चरण में ही आयोजित होगी। कैबिनेट की बैठक में झारखंड कर्मचारी चयन आयोग परीक्षा (स्नातक स्तर) संचालन नियमावली, 2015 (समय-समय पर यथा संशोधित) में आवश्यक संशोधन की स्वीकृति दी गई। साथ ही, झारखंड कर्मचारी चयन आयोग द्वारा वित्तीय वर्ष 2025-26 में विभिन्न प्रतियोगिता परीक्षाओं के सफल आयोजन के लिए झारखंड आकस्मिकता निधि से कुल 31,50,00,000 रुपए (एकतीस करोड़ पचास लाख) अतिरिक्त राशि की स्वीकृति दी गई।

कैबिनेट की बैठक में हुए फैसलों की जानकारी देते हुए कैबिनेट सचिव वंदना दादेल ने बताया कि बैठक में कुल 26 प्रस्तावों को मंजूरी दी गई है। सड़क और शिक्षा से जुड़ी कई अहम योजनाओं पर कैबिनेट ने मुहर लगाई है।


कैबिनेट सचिव ने बताया कि राज्य स्थापना दिवस पर पुलिस अधिकारियों को मिलने वाले पदकों में वृद्धि की गई है। राज्य स्थापना दिवस 15 नवंबर पर पुलिस पदाधिकारी को मिलने वाले पदकों में विशिष्ट सेवा के लिए 10 की जगह अब 21 पदक, वहीं सराहनीय सेवा के लिए 31 पदक की जगह अब 60 पदक दिए जाएंगे। यह पदक महानिदेशक से लेकर महानिदेशक स्तर तक के पदाधिकारी को मिलेगा।

रांची शहर में अरगोड़ा चौक-रिंग रोड तक फोर लेन सड़क के लिए 141 करोड़ और विवेकानंद स्कूल मोड़ से रिंग रोड तक साइकिल ट्रैक और सर्विस रोड निर्माण के लिए 301 करोड़ रुपए की प्रशासनिक स्वीकृति दी गई। कैबिनेट सचिव वंदना दादेल ने बताया कि राष्ट्रीय एड्स नियंत्रण संगठन के निर्देश पर 'झारखंड स्टेट लेजिस्लेटिव फोरम ऑफ एचआईवी-एड्स' के गठन के प्रस्ताव को स्वीकृति दी गई।
शेष पेज 11 पर

**50** हजार से कम हुई आवेदकों की संख्या, तो पूर्व व्यवस्था के अनुसार होगी परीक्षा

» झारखंड स्थापना दिवस पर पुलिस अधिकारियों को मिलने वाले पदकों में हुई वृद्धि

» अरगोड़ा चौक-रिंग रोड तक फोर लेन सड़क के लिए 141 करोड़ की स्वीकृति



### कैबिनेट के अन्य फैसले

- झारखंड राज्य हिंदू धार्मिक न्यास बोर्ड रांची के लिए 3 करोड़ रुपए प्रतिवर्ष सहायता राशि देने की मंजूरी दी गई।
- नगर ऊंटारी के चिकित्सक डॉ गुरु शरण डॉ गुरु चरण सिंह सलूजा को सेवा से बर्खास्त करने का निर्णय लिया गया।
- झारखंड राज्य चिकित्सा परिषद संशोधन नियमावली 2025 को मंजूरी दी गई।
- राज्य आवास बोर्ड के आवासीय भू संपदा में संशोधन की नियमावली को मंजूर किया गया। इसके तहत दिव्यांगों को भूखंड के आवंटन में आरक्षण की व्यवस्था की गई है। इसके तहत दिव्यांगों को जो पूर्व में तीन प्रतिशत क्षैतिज आरक्षण मिलता था उसे बढ़ाकर अब पांच प्रतिशत दिया जा जाएगा।
- पथ प्रमंडल लातेहार अंतर्गत लातेहार से बरवाडीह तक की 25 किलोमीटर की सड़क के चौड़ीकरण और मजबूतीकरण के लिए 114.99 करोड़ की मंजूरी दी गई।
- सरकार के राजपत्रित पदाधिकारियों के लिए मोबाइल सुविधा के लिए प्रतिमाह उन्हें 25,000 रुपए मोबाइल फोन सेट के लिए और रिचार्ज के लिए प्रतिमा 500 रुपये देने की मंजूरी दी गई।
- झारखंड राज्य के राष्ट्रीय कैडेट कोर (एनसीसी) के अंशकालीन पदाधिकारियों और कैडेटों के शिविरों में आने-जाने के दौरान दैनिक भत्ता में वृद्धि एवं एनसीसी कैडेटों को एसी टायर-3 में यात्रा की स्वीकृति दी गई।
- विभिन्न स्तर के पदाधिकारी और कार्यालयों के लिए सरकारी वाहनों की अनुमान्यता में संशोधन की स्वीकृति दी गई। शेष पेज 11 पर

## बैठक में बत्ती गुल, सीएम ने जवाब तलब किया

**रांची।** कैबिनेट की बैठक के दौरान भी बिजली संकट की झलक देखने को मिली। कैबिनेट की बैठक के दौरान अचानक बिजली गुल हो गई। कुछ देर मुख्यमंत्री से लेकर राज्य सरकार के मंत्री और आला अधिकारी अंधेरे में बैठे रहे। हालांकि, 10 मिनट के अंदर बिजली बहाल कर दी गई, लेकिन मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने इसे गंभीरता से लेते हुए अधिकारियों को बिजली संकट को लेकर जवाब तलब किया है। कैबिनेट की बैठक के बाद सीएम सोरेन ने खुद मीडिया को यह बात बताई। उन्होंने कहा, भारी बारिश के कारण राज्य के विभिन्न इलाकों में भारी नुकसान हुआ है। सड़क, पुल-पुलिया और फसलों को नुकसान हुआ है। जानमाल की क्षति हुई है। बिजली आपूर्ति व्यवस्था प्रभावित हुई है।

## बोकारो के जरीडीह में अवैध गन फैक्ट्री का हुआ पर्दाफाश

नवीन मेल डेस्क



- अंग्रेजी ब्रांड की अवैध शराब फैक्ट्री का भी खुलासा, दो गिरफ्तार, मुख्य सरगना फरार
- नक्सल संगठनों को हथियार होता था सप्लाई, बंगाल होते हुए बांग्लादेश तक भेजा जाता था

**बोकारो।** कोलकाता एसटीएफ (स्पेशल टास्क फोर्स), रांची एटीएस (एंटी टेररिस्ट स्क्वॉड) और बोकारो पुलिस की संयुक्त टीम ने गुरुवार की रात बोकारो के जरीडीह में छापेमारी कर अवैध गन फैक्ट्री का पर्दाफाश किया। टीम ने अर्धनिर्मित देसी हथियार, हथियारों के कलपुर्जे, निर्माण में उपयोग होने वाली सामग्री, लेथ मशीनें और अन्य तकनीकी उपकरण जब्त किए हैं। इस छापेमारी में दो कारीगरों को गिरफ्तार किया गया है, जबकि मुख्य सरगना सूरज साव फरार है। गिरफ्तार दोनों आरोपी बिहार के मुंगेर और खगड़िया जिलों के रहने वाले बताए जाते हैं।

जानकारी के अनुसार, पुलिस टीम ने जरीडीह बाजार के कलाली रोड स्थित कावेरी मैरिज पैलेस एवं उसके सामने स्थित गोदाम में छापेमारी की थी। मैरेज हॉल और गोदाम सूरज साव का बताया जाता है। शेष पेज 11 पर

## घाटशिला जेल में विचाराधीन कैदी की संदिग्ध स्थिति में मौत

नवीन मेल डेस्क

- अज्ञात व्यक्ति के खिलाफ मामला दर्ज, पुलिस कर रही जांच

**जमशेदपुर (पूर्वी सिंहभूम)।** पूर्वी सिंहभूम जिले के घाटशिला उपकारा में बंद एक विचाराधीन कैदी की संदिग्ध परिस्थितियों में गुरुवार की रात मौत हो गई। मृत कैदी की पहचान पश्चिमी सिंहभूम जिले के सोनुवा थाना क्षेत्र के आसनतालिया गांव निवासी भीम गोप के रूप में हुई है। घटना देर रात की बताई जा रही है। मृत कैदी की मौत को लेकर कई तरह की अटकलें लगाई जा रही हैं। इधर, जिला प्रशासन ने इसे गंभीरता से लेते हुए जांच शुरू कर दी है। घाटशिला के कार्यपालक दंडाधिकारी अमन कुमार के बयान पर अज्ञात व्यक्ति के खिलाफ मामला दर्ज कर लिया गया है। प्राथमिकी में यह उल्लेख किया गया है कि कैदी की मौत संदिग्ध तरीके से हुई है, जिससे उसकी मौत की वजहों को लेकर कई सवाल खड़े हो गए हैं। पुलिस और जेल प्रशासन की ओर से पूरे मामले की जांच की जा रही है। शव को पोस्टमॉर्टम के लिए भेज दिया गया है। रिपोर्ट के आधार पर आगे की कार्रवाई की जाएगी।

## पुरुलिया में सड़क हादसा झारखंड के नौ की हुई मौत



- जमशेदपुर-पुरुलिया नेशनल हाइवे 18 पर हुई दुर्घटना

पुरुलिया (हि.स.)

पश्चिम बंगाल में पुरुलिया के बलरामपुर थानांतर्गत नामशोल गांव स्थित प्राथमिक विद्यालय के पास शुक्रवार की सुबह हुए सड़क हादसे में नौ लोगों की मौत हो गई। हादसे के शिकार हुए सभी लोग झारखंड के सरायकेला-खरसावां जिले के रहने वाले थे। हादसा जमशेदपुर-पुरुलिया नेशनल हाइवे 18 पर हुआ। पुलिस के अनुसार, बलरामपुर की ओर से आ रहे एक ट्रेलर और विपरीत दिशा से आ रही बोलेरो की आमने-सामने की टक्कर हो गई। इससे दोनों वाहन पलट गए। स्थानीय लोगों और बलरामपुर पुलिस ने बोलेरो सवार 9 लोगों को लहूलुहान हालत में निकाला और ब्लॉक प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र पहुंचाया। डॉक्टर ने सभी को मृत घोषित कर दिया।

दुर्घटना का शिकार हुए बोलेरो सवार लोग झारखंड के निमड़ी इलाके से पुरुलिया शादी समारोह में शामिल होने के बाद लौट रहे थे। मृतकों में बृहस्पति महत, गुरुपद महत, शंकर महत, विजय महत, अजय महत, कृष्णा महत, स्वपन महत शामिल हैं। ये सभी झारखंड के निमड़ी थाना अंतर्गत तिलैतन गांव के रहने वाले थे। इसके अलावा निमड़ी थानांतर्गत रघुनाथपुर गांव निवासी चंद्रमोहन महत और मुरू गांव निवासी चितरंजन महत की भी दुर्घटना में मौत हो गई।
शेष पेज 11 पर

## इंडिया | कोचिंग इंस्टिट्यूट के झूठे दावों की पोल उनके ही विज्ञापन खोल रहे हैं



सुनील बादल
कार्यकारी संपादक

**पं**जाब की बेटी आस्था सिंह ने सिर्फ 21 साल की उम्र में सबसे कम उम्र में आइएएस बनकर रिकॉर्ड अपने नाम पर दर्ज करवा लिया है। आस्था सिंह ने बिना कोचिंग के अपने पहले प्रयास में यूपीएससी परीक्षा में 61वीं रैंक हासिल की है। प्रयागराज की अनन्या सिंह ने 22 साल की उम्र में यूपीएससी परीक्षा अपने पहले प्रयास में पास की और अखिल भारतीय रैंक 51 हासिल की थी। उन्होंने बिना किसी कोचिंग के सेल्फ स्टडी के दम पर यह सफलता हासिल की थी। जबकि उद्योग से कोचिंग माफिया का रूप ले चुके अनेक संस्थान भ्रामक विज्ञापनों के सहारे अरबों का कारोबार कर रहे हैं।17 जून 25 रांची सहित देश के अनेक दैनिक समाचार पत्रों ने अलेन ALLEN कोचिंग संस्थान का एक विज्ञापन प्रमुखता से प्रकाशित किया जिसमें दावा किया गया था कि नीट यूजी 2025 में उसके क्लासरूम में कोचिंग करने वाले केशव मित्तल ने अखिल भारतीय स्तर पर 7 वां रैंक हासिल किया जबकि उसी दैनिक के अगले पृष्ठ पर मोशन कोचिंग इंस्टीच्यूट ने अपने विज्ञापन में उसी केशव मित्तल को अपना विद्यार्थी बताया मजेदार बात यह है कि देश के एक और प्रमुख दैनिक के रांची एडिशन के 19 जून के अंक में प्रथम पृष्ठ पर प्रकाशित विज्ञापन में नारायणा एडुकेश्नल इंस्टिट्यूट ने उसी केशव मित्तल को अपना विद्यार्थी बताकर एप का नंबर भी प्रकाशित किया है । एक ही विद्यार्थी ने तीनों संस्थाओं में कैसे पढ़ाई की होगी ? कुछ वर्षों पूर्व एक ऐसे ही मामले में विद्यार्थी का बयान आया था कि उसने किसी भी कोचिंग संस्थान में पढ़ाई नहीं की थी ।केंद्रीय उपभोक्ता संरक्षण प्राधिकरण (सीसीपीए) ने भ्रामक दावे करने और अनुचित व्यापार प्रथाओं में शामिल होने के लिए 49 कोचिंग सेंटर को नोटिस जारी किए थे और 24 पर 77 ।6 लाख रुपये का जुर्माना लगाया था । हालांकि जिन कोचिंग सेंटरों को नोटिस मिले हैं, उनके नाम सार्वजनिक नहीं किए गए, लेकिन उपभोक्ता संरक्षण निकाय ने कहा कि जिन सेंटर को नोटिस दिया गया, उनमें जॉइंट एंट्रेंस एग्जामिनेशन (जेईई) और नैशनल एलिजिबिलिटी-कम-एंट्रेंस टेस्ट (नीट) की कोचिंग देने वाले संस्थान शामिल थे।प्राधिकरण ने इसी साल अप्रैल में एक बयान में कहा था कि कई कोचिंग संस्थानों के दिशानिर्देशों में भ्रामक विज्ञापन की रोकथाम का उल्लंघन करते पाए जाने के बाद नाटिस जारी किए गए। ये दिशानिर्देश कोचिंग सेंटर को अपनी सेवाओं को बढ़ावा देने के लिए झूठे या भ्रामक विज्ञापन या दावे करने और भ्रामक या अनुचित व्यापार प्रथाओं में शामिल होने से रोकते हैं। उपभोक्ता संरक्षण प्राधिकरण ने अपने बयान में कहा, 'आईआईटी-जेईई और नीट जैसी परीक्षाओं के हालिया परिणाम की घोषणा के बाद सीसीपीए ने देखा कि कोचिंग सेंटर दिशानिर्देशों का पालन नहीं कर रहे थे।'कोचिंग संस्थानों को सीसीपीए के नोटिस जेईई और नीट में गारंटीकृत प्लेसमेंट, रैंकों के आश्वासन, उपभोक्ता अधिकारों के उल्लंघन और भ्रामक विज्ञापनों के साथ-साथ प्रवेश रद्द करने के बाद गैर या आंशिक शुल्क वापसी और सेवाओं में कमी से संबंधित दावों पर जारी किए जाते हैं। पिछले साल प्राधिकरण ने संघ लोक सेवा आयोग की परीक्षाओं के लिए प्रशिक्षण देने वाले तीन कोचिंग सेंटर पर सिविल सेवा परीक्षा में अपनी सफलता दर के बारे में भ्रामक विज्ञापन देने के लिए जुर्माना लगाया था।कोचिंग संस्थानों में फर्जीवाड़े के कई मामले सामने आए हैं, जिनमें भ्रामक विज्ञापन, अनुचित शुल्क संरचना और खराब गुणवत्ता वाली शिक्षा शामिल हैं। छात्रों को संस्थान से फीस और वापसी नीतियों के बारे में स्पष्टीकरण प्राप्त करना चाहिए। छात्रों को संस्थान के शिक्षकों और पाठ्यक्रम के बारे में पूछताछ करनी चाहिए। उपभोक्ता मामले विभाग ने सभी कोचिंग संस्थानों को छात्र-केंद्रित दृष्टिकोण अपनाने और छात्रों के वित्तीय हितों की रक्षा के लिए स्पष्ट, पारदर्शी वापसी नीतियों को अनिवार्य बनाने का निर्देश दिया है, प्रेस सूचना ब्यूरो ने कहा है कि यदि किसी छात्र के साथ किसी कोचिंग संस्थान में धोखाधड़ी हुई है, तो वह उपभोक्ता अदालत में शिकायत दर्ज करा सकता है।



कोचिंग सेंटरों के विज्ञापनों पर सरकार की नज़र है। जहां शिक्षा मंत्रालय ने कुछ दिन पहले ही कोचिंग सेंटरों के रेगुलेशन के लिए गाइडलाइंस जारी की है, वहीं केंद्रीय उपभोक्ता संरक्षण प्राधिकरण ने भी खुद संज्ञान लेते हुए कई कोचिंग सेंटरों को नोटिस जारी किया है। लोकसभा में कोचिंग सेंटरों के दावों को लेकर पूछे गए सवाल के जवाब में केंद्रीय शिक्षा राज्य मंत्री डॉ सुभाष सरकार ने बताया था कि सीसीपीए ने कोचिंग संस्थानों द्वारा भ्रामक विज्ञापन के खिलाफ खुद संज्ञान लेते हुए कार्रवाई की है। शिक्षा मंत्रालय ने गाइडलाइंस तैयार कर सभी राज्यों को भेजा है ताकि राज्य कानूनी प्रावधानों के तहत कार्रवाई कर सकें।शिक्षा मंत्रालय ने अपनी गाइडलाइंस में यह भी सिफारिश की है कि कोई भी कोचिंग संस्थान किसी भ्रामक विज्ञापन को प्रकाशित नहीं करेगा। पैरंट्स या स्टूडेंट्स से यह वादा नहीं किया जाएगा कि इस कोचिंग सेंटर में पढ़ने से रैंक आने की गारंटी होगी या फिर बहुत अच्छे नंबर आ ही जाएंगे। कोचिंग सेंटर को अपनी वेबसाइट पर टीचर्स से जुड़ी सारी जानकारी देनी होगी। फीस, फीस रिफंड पॉलिसी की जानकारी देनी होगी। 16 वर्ष से कम आयु के छात्रों का नामांकन नहीं किए जाने का निर्देश दिया गया है।

# अधिकारियों ने मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन से की शिष्टाचार भेंट





**रांची।** सीएम हेमंत से शुक्रवार को कांके रोड स्थित मुख्यमंत्री आवासीय कार्यालय में नगर आयुक्त, रांची नगर निगम सुशांत गौरव, आदिवासी कल्याण आयुक्त कुलदीप चौधरी एवं मुख्य कार्यपालक पदाधिकारी, झारखंड राज्य आजीविका संवर्धन सोसायटी अनन्य मित्तल ने मुलाकात की। सीएम से यह शिष्टाचार भेंट थी।

## वरिष्ठ पत्रकार नवीन मिश्र के निधन पर प्रदेश भाजपा ने जताया शोक



**रांची।** प्रदेश भाजपा ने वरिष्ठ पत्रकार नवीन मिश्र के असामयिक निधन पर गहरा शोक जताया है। प्रदेश अध्यक्ष एवं नेता प्रतिपक्ष बाबूलाल मरांडी ने शोक व्यक्त करते हुए कहा कि राज्य ने एक सहज सरल व्यक्तित्व के धनी, पत्रकारिता जगत में अपनी विशिष्ट पहचान बनाने वाले पत्रकार को खो दिया है। यह अपूरणीय क्षति है। श्री मरांडी दिवंगत आत्मा की शांति केलिए ईश्वर से प्रार्थना की। कहा कि दुख की बेला में भगवान परिजनों को धैर्य साहस प्रदान करें। शोक व्यक्त करने वालों में कार्यकारी अध्यक्ष डॉ रविंद्र कुमार राय, क्षेत्रीय संगठन महामंत्री नागेंद्र त्रिपाठी, प्रदेश संगठन महामंत्री कर्मवीर सिंह, प्रदेश महामंत्री एवम सांसद आदित्य साहू, डॉ प्रदीप वर्मा, मनोज सिंह, प्रदेश उपाध्यक्ष राकेश प्रसाद, कोषाध्यक्ष दीपक बंका, कार्यालय मंत्री हेमंत दास, मीडिया प्रभारी शिवपूजन पाठक, सह प्रभारी योगेंद्र प्रताप सिंह, अशोक बड़ाइक, आदि शामिल हैं।

# ब्यूरोक्रेट्स साथ दे तो रांची को एक साल में एक नंबर शहर बनाएंगे : संजय सेठ

- स्वस्थ जीवन के लिए योग को अपने जीवन में सभी लोग उतारें

**नवीन मेल संवाददाता**

**रांची।** केंद्रीय रक्षा राज्य मंत्री संजय सेठ ने कहा कि 21 जून को पूरा देश 11वां अंतरराष्ट्रीय योग दिवस मनायेगा। पूरे देश भर में एक लाख जगह पर और 175 देश में योग किया जाएगा। उन्होंने कहा कि वह कोई राजनीति नहीं करना चाहते, वे रांची को बचाने आए हैं। उन्होंने आरोप लगाया कि रांची नगर निगम के अकर्मण्यता के कारण रांची में चारों तरफ पानी भरा हुआ है। हर तरफ घर, दुकान डूबी हुई हैं। यह सब नगर निगम की अकर्मण्यता है। उन्होंने कहा कि ब्यूरोक्रेट्स अगर साथ दे तो इंदौर को पछाड़कर रांची को एक साल में एक नंबर शहर बनाएंगे।



रक्षा राज्य मंत्री सेठ शुक्रवार को अरगोड़ा स्थित सांसद कार्यालय में प्रेस कांफ्रेंस को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी का संकल्प है कि देश के लोग निरोगी रहें। इसका असर है कि आज पूरा विश्व योग को अपनाकर अपने स्वास्थ्य जीवन का लाभ ले रहे हैं। कोरोना काल में लोगों ने योग को अपनाकर अपनी जान बचाई प्रधानमंत्री मोदी की प्रेरणा से हम लोग सभी योग के क्षेत्र में आगे बढ़ रहे हैं। वे कांके के कुम्हारिया गांव में प्रधानमंत्री स्कूल में शनिवार को ग्रामीणों के साथ योग करेंगे। इस योग कार्यक्रम में 20 अंतरराष्ट्रीय खिलाड़ी भी भाग लेंगे।

उन्होंने कहा कि लगातार बारिश से जो रांची में हुआ, वह नहीं होना चाहिए था। इसका दोषी कौन है, मैं कोई राजनीति नहीं करना चाहता, मैं रांची को बचाने आया हूं। रांची नगर निगम की अकर्मण्यता के कारण रांची के चारों तरफ पानी भरा हुआ है। हर तरफ घर, दुकान डूबी हुई हैं। यह सब नगर निगम की अकर्मण्यता के कारण है। रांची के लोगों का जीवन नरकीय बन गया है। उन्होंने कहा कि ब्यूरोक्रेट्स अगर साथ दे तो हम इंदौर को पछाड़कर रांची को एक साल में एक नंबर शहर बनाएंगे।

केंद्रीय रक्षा राज्य मंत्री ने कहा कि रांची की ऐसी नरकीय स्थिति का एक बड़ा कारण नगर निगम का चुनाव नहीं होना भी है। चुनाव होने के बाद संबंधित वार्ड सदस्य अपने-अपने क्षेत्र की देखरेख और साफ सफाई की जिम्मेदारी लेते हैं। इसके परिणाम स्वरूप जल जमाव नहीं हो पता है। पार्षद सालों भर अपने-अपने मोहल्लों की नालियों की सफाई करते रहते हैं परंतु चुनाव नहीं होने से पूरी व्यवस्था चरमरा गई है। यह सोचने वाली बात है कि पहाड़ी इलाका रांची जलमग्न कैसे हो रहा है? आखिर नगर निगम के चुनाव क्यों नहीं हो रहे हैं। इसके लिए जिम्मेदार कौन हैं। दो दिन की बारिश में लोगों के करोड़ों रुपये की संपत्ति बर्बाद हुई इसका जिम्मेदार कौन है। उन्होंने कहा कि जहां-तहां बड़े-बड़े नालों पर अतिक्रमण भी जल जमाव का एक बड़ा कारण बन चुका है। बड़े-बड़े नालों की सफाई नहीं हो पाती है, जिस वजह से कई मोहल्ले डूबे हुए हैं।

उन्होंने कहा कि जब शहर का यह हाल है तो ग्रामीण का क्या हाल होगा। बिजली आपूर्ति की भी वही दुर्दशा है पूरा शहर और गांव अंधकार में है। उन्होंने कहा कि शासन-प्रशासन रांची वासियों की चिंता करे और प्राथमिकता के आधार पर इस दिशा में काम शुरू होना चाहिए। कल योग दिवस के अवसर पर सभी सभी मंडल के बीच केंद्रीय रक्षा राज्य मंत्री की ओर से योग किट वितरण किया गया। इस प्रेस वार्ता में रांची महानगर के अध्यक्ष वरुण साहू महामंत्री बलराम सिंह विशेष रूप से उपस्थित रहे।

### सेठ की पीसी अपने विधायक को आईना दिखाने के लिए थी : झामुमो



**रांची।** रक्षा राज्य मंत्री संजय सेठ ने शुक्रवार को रांची नगर निगम की बदहाली को लेकर प्रेस कॉन्फ्रेंस की। इस पर प्रतिक्रिया देते हुए झामुमो के केंद्रीय सदस्य डॉ. तनुज खत्री ने तीखी टिप्पणी की। उन्होंने कहा कि केंद्रीय मंत्री का यह प्रेस कॉन्फ्रेंस अपने ही विधायक सीपी सिंह को आईना दिखाने के लिए था। उन्होंने कहा कि रांची नगर निगम को भाजपा के कार्यकाल में भ्रष्टाचार और टकराव की राजनीति का गढ़ बना दिया गया था। मेयर व डिप्टी मेयर के बीच की खींचतान ने पूरे नगर निगम को पंगु बना दिया, जहां सिर्फ टेंडर मैनेजमेंट व कमीशनखोरी का खेल चलता रहा। डॉ. तनुज ने कहा कि सीपी सिंह ने नगर विकास मंत्री रहते हुए रांची की ड्रेनेज व्यवस्था को पूरी तरह चौपट कर दिया, जिसका दंश आज तक रांची झेल रहा है। उन्होंने व्यंग्य करते हुए कहा कि सीपी सिंह तो एक ही नाली का उद्घाटन दो से तीन बार करते नजर आए। डॉ. तनुज ने कहा कि रांची एक प्रमुख शैक्षणिक और प्रशासनिक दृष्टि से महत्वपूर्ण क्षेत्र है, लेकिन भाजपा ने इसे इस कदर बदहाल बना दिया कि आज हल्की बारिश में भी रांची बाढ़ जैसी स्थिति में पहचाना जाने लगा है। यह भाजपा की नाकामी का सीधा प्रमाण है। रांची की सड़कों पर बहता पानी और गड्ढों में तब्दील होती सड़कें इस बात की गवाही हैं कि भाजपा शासन में नगर प्रबंधन केवल नाम का था। अंत में डॉ. तनुज ने कहा कि जब भी बारिश में रांची की स्थिति बदतर होती है, संजय सेठ प्रेस कॉन्फ्रेंस कर अपनी जिम्मेदारी से बचने की कोशिश करते हैं, जबकि वे स्वयं पिछले पांच वर्षों से इस क्षेत्र के सांसद हैं। जनता अब बहाने नहीं, जवाबदेही चाहती है।

## एसीएस ने शिक्षा मंत्री से की मुलाकात

# 10+2 विद्यालयों में खड़िया शिक्षकों के नियुक्ति की मांग



**नवीन मेल संवाददाता**

**रांची।** आदिवासी छात्र संघ (एसीएस) के केंद्रीय अध्यक्ष सुशील उरांव के नेतृत्व में शिक्षा मंत्री रामदास सोरेन प्रतिनिधि मंडल से मुलाकातत कर विभिन्न मांगों पर बात हुई। इसमें खड़िया मातृभाषा के लिए 10+2 विद्यालयों में शिक्षकों की नियुक्ति हेतु तत्काल पद सृजित किए जाए। पांचवीं अनुसूचित क्षेत्रों के सभी 10+2 विद्यालयों में खड़िया, कुड़ुख, मुंडारी, संताली, हो आदि भाषाओं के लिए न्यूनतम 100-100 शिक्षकों के पद सृजित किए जाए। सभी विद्यालयों में छात्रों के जाति प्रमाणपत्र के आधार पर मातृभाषा में शिक्षा की सुविधा सुनिश्चित की जाए। राज्य की मान्यता प्राप्त जनजातीय भाषाओं के लिए पाठ्यक्रम निर्माण, पुस्तक प्रकाशन एवं शिक्षक प्रशिक्षण की व्यवस्था की जाए। विद्यालयों में जनजातीय भाषाओं के संरक्षण व प्रचार-प्रसार हेतु राज्यस्तरीय जागरूकता अभियान चलाया जाए। सभी विद्यालयों में नॉन-टीचिंग स्टाफ की नियुक्ति की जाए। प्रत्येक सरकारी विद्यालय में कंप्यूटर लैब एवं कंप्यूटर शिक्षकों के पद सृजित किए जाए। विषयानुसार शिक्षकों की कमी को शीघ्र दूर किया जाए व खेल शिक्षकों के पद प्रत्येक विद्यालय में सृजित किए जाएं।

## जलनिकासी पर 887 करोड़ खर्च फिर भी नहीं मिली राहत : विजय शंकर



**रांची।** आदिवासी मूलवासी जनाधिकार मंच के केंद्रीय उपाध्यक्ष विजय शंकर नायक ने आरोप लगाया है कि राजधानी रांची में पिछले 10 वर्षों में जलजमाव की समस्या को खत्म करने के लिए 887 करोड़ रुपए से अधिक की राशि खर्च की गई, फिर भी शहरवासियों को इस समस्या से निजात नहीं मिली। शहरवासियों को हर बारिश में जलभराव, यातायात जाम और गंदगी का सामना करना पड़ता है।

## मंत्री डॉ इरफान ने नगर उंटारी को दी बड़ी स्वास्थ्य सौगात

# बनेगा 100 बेड का अस्पताल व ट्रामा सेंटर

**नवीन मेल संवाददाता**



**रांची।** नेपाल हाउस सचिवालय में स्वास्थ्य मंत्री डॉ इरफान अंसारी से भवनाथपुर विधायक अनंत प्रताप देव ने शिष्टाचार भेंट की। इस दौरान उन्होंने नगर उंटारी में 100 बेड के आधुनिक अस्पताल और ट्रामा सेंटर में चिकित्सकों समेत सभी आवश्यक स्वास्थ्य सुविधाएं उपलब्ध कराने को लेकर मांग पत्र सौंपा। जनस्वास्थ्य को प्राथमिकता देते हुए मंत्री डॉ. इरफान अंसारी ने 168 करोड़ रुपये की राशि स्वीकृत करने की घोषणा की। इसके तहत नगर उंटारी में 100 बेड का अत्याधुनिक अस्पताल एवं ट्रामा सेंटर स्थापित किया जाएगा, जिसमें आधुनिक चिकित्सा संसाधन एवं विशेषज्ञ डॉक्टरों की उपलब्धता सुनिश्चित की जाएगी। यह निर्णय क्षेत्र की स्वास्थ्य व्यवस्था को सशक्त बनाएगा और हजारों लोगों को बेहतर इलाज की सुविधा उनके अपने क्षेत्र में ही उपलब्ध होगी।

## आजसू के स्थापना दिवस की तैयारी को लेकर महानगर समिति की बैठक, प्रभाकर ने कहा

# झारखंड आंदोलन के अधूरे सपनों को पूरा करने का लेंगे संकल्प

**नवीन मेल संवाददाता**



**रांची।** खेलगांव में आयोजित आजसू पार्टी के बलिदान दिवस समारोह की तैयारी को लेकर रांची महानगर समिति की बैठक पार्टी कार्यालय में हुई, जिसमें वरिष्ठ नेता प्रवीण प्रभाकर विशेष रूप से उपस्थित थे। बैठक की अध्यक्षता महानगर अध्यक्ष ज्ञान सिन्हा ने की तथा संचालन केंद्रीय सचिव नईम अंसारी ने किया। वरिष्ठ नेता एवं झारखंड आंदोलनकारी प्रवीण प्रभाकर ने कहा कि झारखंड आंदोलन में आजसू की अहम भूमिका रही है। बलिदान दिवस पर आजसू कार्यकर्ता झारखंड आंदोलन के अधूरे सपनों को पूरा करने का संकल्प लेंगे। श्री प्रभाकर ने कहा कि बलिदान दिवस समारोह में पूरे राज्य के 264 प्रखंडों से कार्यकर्ता खेलगांव पहुंचेंगे। कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए महानगर कार्यकर्ताओं पर महत्वपूर्ण जिम्मेवारी है। महानगर अध्यक्ष ज्ञान सिन्हा ने कहा कि स्थापना दिवस समारोह ऐतिहासिक होगा। पूरे शहर को झंडा–बैनर से सजाया जाएगा। विभिन्न चौक–चौराहों पर कट आउट लगाए जाएंगे। इसके अलावा विभिन्न मोहल्लों से कार्यकर्ता मोटरसाइकिल जुलूस की शक्ल में खेलगांव स्थित समारोह स्थल पहुंचेंगे। बैठक में मीडिया संयोजक परवाज खान, बनमाली मंडल, रमेश गुप्ता, बिरेंद्र प्रसाद, राकेश सिंह, जय श्रीवास्तव, देवाशीष चट्टोराज, सज्जाद अंसारी, अमित वर्मा, अभिषेक त्रिवेदी, ज्योतिष त्रिवेदी, मिंटू कुमार, संजीव कुमार, अभय कुमार, गौतम सिंह, आनंद राज, संतोष दुबे, डॉ पार्थ परितोष, कौशल तिवारी, अनिल गुप्ता आदि उपस्थित थे।

**स्थापना दिवस** | राज भवन में बंगाल स्थापना दिवस समारोह आयोजित, बोले राज्यपाल

# हमें भाषा और संस्कृति का सम्मान करना चाहिए

**नवीन मेल संवाददाता**



**रांची।** राज्यपाल संतोष कुमार गंगवार ने कहा कि हमारा भारतवर्ष विविधताओं का देश है। यहां की भाषाएं, परंपराएं, संस्कृति और रीति-रिवाज़ अत्यंत समृद्ध हैं। हम सब एक सूत्र में बंधे हुए हैं, यही "विविधता में एकता" हमारी सबसे बड़ी शक्ति है और यह पूरी दुनिया के सामने एक अद्भुत उदाहरण प्रस्तुत करता है।

राज्यपाल शुक्रवार को राज भवन में आयोजित बंगाल स्थापना दिवस समारोह में झारखंड में निवास कर रहे बंगालवासियों को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि हमें न केवल अपनी भाषा और संस्कृति का सम्मान करना चाहिए, बल्कि अन्य राज्यों की भाषा और संस्कृति का भी आदर करना चाहिए। इस दिशा में हमारे प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की ओर से आरंभ किया गया "एक भारत, श्रेष्ठ भारत" एक दूरदर्शी पहल है, जिसका उद्देश्य भारत के विभिन्न राज्यों के बीच एकता, सांस्कृतिक आदान-प्रदान और आपसी समझ को सुदृढ़ बनाना है। उन्होंने कहा कि झारखंड और बंगाल, ये दो राज्य न केवल भौगोलिक रूप से जुड़े हैं, बल्कि सांस्कृतिक, सामाजिक और भावनात्मक रूप से भी एक-दूसरे के अत्यंत निकट हैं। झारखंड में रह रहे बंगाली समुदाय ने राज्य की सामाजिक, सांस्कृतिक और आर्थिक प्रगति में जो योगदान दिया है, वह अत्यंत सराहनीय है।

राज्यपाल ने कहा कि बंगाल की जनता उत्सवप्रिय होती है और अपने त्योहारों को श्रद्धा, उत्साह और भव्यता के साथ मनाते हैं। दुर्गा पूजा और काली पूजा जैसे पर्वों में देश के कोने-कोने से लोग सम्मिलित होते हैं। उन्होंने कहा कि बंगाल न केवल सांस्कृतिक दृष्टि से समृद्ध है, बल्कि औद्योगिक और आर्थिक दृष्टि से भी देश के अग्रणी राज्यों में रहा है। जूट, कपड़ा, कृषि, सूचना प्रौद्योगिकी आदि क्षेत्र में राज्य ने उल्लेखनीय प्रगति की है।

### राज्य ने राष्ट्रीय निर्माण में ऐतिहासिक योगदान दिया

राज्यपाल ने कहा कि बंगाल की भूमि सृजन, विचार और सांस्कृतिक चेतना की भूमि रही है। इस राज्य ने राष्ट्रीय निर्माण में ऐतिहासिक योगदान दिया है। बंगाल पुनर्जागरण से लेकर स्वतंत्रता संग्राम तक इस भूमि ने ऐसे महान चिंतकों, लेखकों, कवियों और क्रांतिकारियों को जन्म दिया जिन्होंने हमारी राष्ट्रीय चेतना पर अमिट छाप छोड़ी। इस भूमि ने रवींद्रनाथ टैगोर, शरतचंद्र, बंकिमचंद्र जैसे साहित्य के स्तंभ दिए, जिनकी लेखनी ने विश्व स्तर पर भारतीय अस्मिता को पहचान दिलाई। उन्होंने कहा कि बंगाल ने समाज सुधार और स्वतंत्रता संग्राम के क्षेत्र में भी देश को नई दिशा दी। राजा राम मोहन राय ने सामाजिक कुरीतियों के विरुद्ध बिगुल फूंका, वहीं नेताजी सुभाष चंद्र बोस ने आज़ादी के आंदोलन को अद्भुत साहस और दृढ़ संकल्प के साथ नई गति दी। बंगाली समाज ने परंपरा और आधुनिकता के संतुलन का जो उदाहरण प्रस्तुत किया है, वह सम्पूर्ण भारत के लिए प्रेरणादायक है।

## न्यूज बॉक्स

### सेल्फी लेने के चक्कर में जोन्हा फॉल में बहा डीपीएस स्कूल का शिक्षक, खोज जारी



रांची। पिछले दो दिनों से लगातार हो रही मुसलाधार वारिस से नदी नाले उफान पर है। पूरा जन जीवन अस्त व्यस्त हो गया है। प्रखंड के हुन्डरू फौल जोन्हा फौल सीता फौल इत्यादि फौल अपना रौद्र रूप धारण कर लिए हैं। इन जल प्रपातों के पानी की धारा अपने उफान पर है। इसी बीच भारी बारिश के बीच जोन्हा फॉल घूमने आए रांची का एक पर्यटक गुरुवार को पानी के तेज बहाव में बह गया। अभी तक उसके शव का पता नहीं चल पाया है। उसकी पहचान माइकल घोष (40 वर्ष) अलकापुरी डीबडीह रांची के रूप में हुई है। जो डीपीएस स्कूल रांची का म्यूजिक टीचर था। जानकारी के अनुसार बताया गया कि माइकल घोष गुरुवार की दोपहर अपने स्कूल के हीं दो शिक्षक साथी पंकज श्रीवास्तव और ऋतिक समद के साथ कार (यूपी 14 सीएम-1020) में सवार होकर जोन्हा फॉल घूमने आया था। घूमने के दौरान वे तीनों झरने के ऊपर उस स्थान पर चले गए जहां से काफी तेज गति से पानी का बहाव झरने में होता है। तीनों साथी झरने के खुबसूरत नजारे का लुत्फ उठा रहे थे। इसी बीच माइकल तेज बहाव के बिल्कुल करीब पहुंच कर सेल्फी लेने लगा। इस क्रम में उसका संतुलन बिगड़ गया और देखते हीं देखते पानी के तेज रफ्तार में बह गया। सूचना पाकर मौके पर पहुंचे थानेदार हीरालाल शाह द्वारा स्थानीय पर्यटन मित्रों और ग्रामीणों की मदद से शव की काफी तलाश की गई। पर भारी बारिश के चलते शव का कहीं पता नहीं चला। पर्यटन मित्रों का कहना है कि बारिश थमने के बाद हीं तलाशी संभव हो पाएगा।

### रांची नगर निगम के नए नगर आयुक्त ने पदभार ग्रहण किया



**रांची।** सुशांत गौरव ने रांची नगर निगम के नए नगर आयुक्त के रूप में पदभार ग्रहण किया। निवर्तमान प्रशासक संदीप सिंह ने उन्हें प्रभार सौंपा एवं शुभकामनाएं दी। इस मौके पर अपर प्रशासक संजय कुमार, उप प्रशासक रविंद्र कुमार, उप प्रशासक गौतम प्रसाद साहू, मुख्य अभियंता प्रवीण जयंत भेंगरा, सभी सहायक प्रशासक, कार्यपालक अभियंता, अधीक्षण अभियंता, नगर निवेशक, सहायक लोक स्वास्थ्य पदाधिकारी, निगम के अभियंतागण, कार्यालय अधीक्षक एवं अन्य पदाधिकारी व कर्मी उपस्थित थे।

### आर्ट एक्जिबीशन का दो दिवसीय आयोजन



- कला प्रदर्शनी में कलाकारों की दिखी कल्पना व सृजनशीलता

**रांची।** अटीलियर आर्ट गैलरी द्वारा कलाकृति-आर्ट एक्जिबीशन का दो दिवसीय आयोजन शुक्रवार से चैंबर भवन में प्रारंभ हुआ। झारखंड चैंबर ऑफ कॉमर्स के अध्यक्ष परेश गट्टानी ने एक्जिबीशन का उद्घाटन किया। चैंबर अध्यक्ष ने प्रदर्शनी में शामिल महिला युवा स्टार्टअप कलाकारों एवं उनकी कृतियों की प्रशंसा की। यह कहा कि प्रदर्शनी में भाग लेनेवाले कलाकार नए और प्रतिभाशाली हैं जो अपनी कला के माध्यम से लोगों को प्रेरित करना चाहते हैं। इनकी पेंटिंग्स में जीवन के विभिन्न पहलुओं को दर्शाया गया है। महासचिव आदित्य मल्होत्रा ने अटीलियर फाउंडेशन के इस प्रयास की सराहना करते हुए हस्तनिर्मित पेंटिंग्स को अद्भुत बताया। कहा कि यहां जितनी भी कलाकृतियां हैं सबों में कुछ न कुछ संदेश है। सुबह 10 बजे से शाम 6 बजे तक शुरू हुए आर्ट एक्जिबीशन में दिन भर कला प्रेमी शामिल हुए। प्रदर्शनी में कलाकारों ने अपनी कलाकृतियों को प्रदर्शित किया जिससे दर्शकों को उनकी रचनात्मकता और प्रतिभा देखने का अवसर मिला। एक्जिबीशन में युवा चित्रकारों ने भी अपने अनुभव साझा किए। दो दिवसीय आर्ट एक्जिबीशन में मैत्री गट्टानी, खुशी बाजोरिया, तान्या चौधरी और अमोलिका अग्रवाल की पेंटिंग्स की प्रदर्शनी की गई है, जिसे दर्शकों द्वारा खूब सराहा जा रहा है। अटीलियर आर्ट गैलरी की फाउंडर मैत्री गट्टानी ने अवगत कराया कि उनके फाउंडेशन द्वारा पहली बार आर्ट एक्जिबीशन का आयोजन किया गया है। दर्शकों की ओर से मिल रहे रेस्पांस को देखते हुए फाउंडेशन द्वारा भविष्य में गैलरी खोलने की पहल की जायेगी। फाउंडेशन द्वारा पेंटिंग्स के ऑर्डर भी स्वीकार किये जाते हैं, जिसे फाउंडेशन के इंस्टाग्राम एकाउंट पर भी दिया जा सकता है। विदित हो कि एक्जिबीशन में प्रवेश निःशुल्क है। शनिवार को भी आम लोगों के लिए सुबह 10 बजे से शाम 6 बजे तक एक्जिबीशन खुला रहेगा।

### ड्रामा फेस्टिवल के पहले दिन नाटक 'गिरगिट' का हुआ मंचन



**रांची।** कड़रु स्थित झारखंड फिल्म एंड थिएटर अकादमी के स्टूडियो थिएटर में तीन दिवसीय पूर्णकालिक ड्रामा फेस्टिवल का आयोजन किया गया है। इस फेस्टिवल के प्रथम दिन हिंदी नाटक "गिरगिट" का मंचन किया गया, जिसे दर्शकों ने खूब सराहा।

**नाटक की कहानी और प्रस्तुति :** "गिरगिट" नाटक के लेखक अंतोन चेखव हैं, जबकि इसकी परिकल्पना और निर्देशन राजीव सिन्हा ने किया है। इस नाटक में अपराजिता रॉय, प्रिंस राजपूत, नितीश कुमार गुप्ता, अब्दुल तौफिक, सोमकांत, स्वेता किंडो, सौरभ मंडल, सूरज पारया, चिराग केसरी, रोशन सिंह, अब्दुल तौफिक़, मोंटी रॉक और शोभित अमन ने अभिनय किया। नाटक की कहानी एक भ्रष्ट पुलिस अधिकारी के इर्द-गिर्द घूमती है, जो फेरी वालों को लूटता है और समय-समय पर अपने रंग बदलता है। इस नाटक में इंसानी फितरत को दर्शाया गया है, जो दर्शकों को हंसाने में सफल रहा।

**दर्शकों की प्रतिक्रिया :** दर्शकों ने इस नाटक को खूब पसंद किया और हंसते-हंसते लोटपोट हो गए। इस फेस्टिवल के दौरान दर्शकों की अच्छी संख्या मौजूद थी, जिन्होंने नाटक की प्रस्तुति की सराहना की।

**आयोजकों की प्रतिक्रिया :** झारखंड फिल्म एंड थिएटर अकादमी के निदेशक राजीव सिन्हा ने कहा कि इस फेस्टिवल का उद्देश्य कलाकारों को अपनी प्रतिभा दिखाने का मंच प्रदान करना है। हमें उम्मीद है कि यह फेस्टिवल आगे भी जारी रहेगा और झारखंड के कलाकारों को अपनी प्रतिभा दिखाने का अवसर मिलेगा। फेस्टिवल के दूसरे दिन देशभक्ति से सराबोर नाटक "चक्रव्यूह" का मंचन किया जाएगा।

### नगर निगम के अधिकारियों ने पंचशील चौक में हुए अतिक्रमण की कराई मापी

# नापी के आधार पर नोटिस और होगी बड़ी कार्रवाई : अंचल अधिकारी

**मनोज मिश्रा रांची।** शुक्रवार को हेहल अंचल अधिकारी घनश्याम कुमार, सदर एसडीओ उत्कर्ष कुमार, नगर निगम और जिला की टीम पंचशील चौक पहुंची। दल बल के साथ पहुंचे प्रशासन की टीम को देख कर सभी सख्ते में आ गए। मालूम हो कि पंचशील नगर चौक पर कुछ दबंगों ने नाले की जमीन पर क जा कर घर - दुकान बना रखा है। खतियान के अनुसार खाता नंबर 210 के प्लॉट नंबर 1075 में 39 डिसमिल परती नाले की जमीन का जिक्र है, वहीं दबंगो ने दाखिल खारिज तक करा रखी है। स्थानीय कहते हैं कि हेहल अंचल से रसीद कैसे कट रहा है और निगम ने होल्डिंग नंबर कैसे दे दिया। नाले की जमीन पर बने मकान का नक्शा पास हो गया, यह बिना पदाधिकारियों के साठ-गांठ के संभव नहीं है। स्थानीय बताते हैं कि वर्ष 2008 में नाले की जमीन का अतिक्रमण शुरू हुआ था तब से नाले की जमीन बचाने के लिए हमलोग संघर्ष करते आ रहे हैं और मंत्री से लेकर बड़े अधिकारियों तक के सामने बात रखी। सैकड़ों बार नगर निगम के चक्कर काटे, लिखित जानकारी दी मगर असर कुछ नहीं हुआ।

**खबर का असर**

राष्ट्रीय नवीन मेल अखबार पंचशील नगर चौक में नाले की जमीन पर अतिक्रमण कर घर दुकान बनाए जाने के कारण वाटर लोगिंग से शांति नगर, राधा नगर, पंचशील नगर में भारी जल जमाव की खबरें लगातार छापती आ रही है। खबरों का असर हुआ और प्रशासन जमीनी हकीकत देखने आई और सदर एसडीओ उत्कर्ष कुमार ने आदेश दिया की जमीन की मापी और नाले की जमीन पर बने मकान की जांच करें। आदेश का पालन करते हुए हेहल अंचल अधिकारी घनश्याम कुमार ने सड़क किनारे 60 से 70 फीट नाले की जमीन खोजने के लिए नापी की।

- **राष्ट्रीय नवीन मेल ने पंचशील नगर सहित विभिन्न भागों में नदी नालों के अतिक्रमण का मुद्दा प्रमुखता से उठाया**
- **खतियान में खाता नंबर 210 के प्लॉट 1075 में परती नाला लेकिन उसी प्लॉट पर बनी है दुकानें और मकान**





### बरसाती मेढ़क की तरह आता है निगम : कुमुद झा



समाजसेवी कुमुद झा ने कहा कि पंचशील नगर, राधा नगर और शांति नगर में भारी जल जमाव होता है जिससे हजारों परिवार प्रभावित होते हैं निगम हर बार बरसाती मेढ़क की तरह आती है और खानापूर्ति कर वापस लौट जाती है होता कुछ नहीं है।

### पानी में फंसे घरों तक मेडिकल सेवा उपलब्ध कराना बड़ी चुनौती : डॉ एके लाल



स्थानीय डॉ एके लाल कहते हैं कि बरसात में पिछले दो दशकों से पानी लोगों के घरों में घुस रहा है जिससे जनजीवन अस्त-व्यस्त हो जाता है। पंचशील नगर, राधा नगर, शांति नगर के पानी में फंसे घरों तक किसी को मेडिकल की जरूरत हो तो उन्हें मेडिकल सेवा उपलब्ध होना एक चुनौती से कम नहीं होता है। हर प्रशासन एक्शन में तो दिखती है मगर एक्शन कुछ होता नहीं।

### जमीन की नापी पूरी कर ली गई है : अंचल अधिकारी

हेहल अंचल अधिकारी घनश्याम कुमार ने राष्ट्रीय नवीन मेल संवाददाता को बताया कि पंचशील नगर के नाले की जमीन की नापी पूरी कर ली गई है और इसका रिपोर्ट बन रहा है। रिपोर्ट आने के बाद बड़ी कारवाई होगी।







# सावधान! खतरनाक नाला लिखे साइन बोर्ड दूर से दिख रहा है स्पष्ट

**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

पंचशील नगर के रोड नंबर तीन में निगम ने सावधान खतरनाक नाला लिखकर बोर्ड वर्ष 2023 में उस समय लगाया था जब सब्जी बेचकर लौट रहे दो किसानों की मौत नाले के पानी में बहने से हो गई थी। इसके बाद निगम हरकत में आई और उस खतरनाक बहते पानी के नाले की बैरिकेडिंग भी कराई। वर्तमान में निगम की सवाधान खतरनाक नाला लिखी बोर्ड धुंधली हो गई थी और उस पर प्रचार पम्पलेट भी लगे हुए थे। बोर्ड में दोबारा सवाधान खतरनाक नाला लिखने की आवश्यकता थी और बैरिकेडिंग चेक करने की भी जरूरत थी। राष्ट्रीय नवीन मेल इस मुद्दे को उठाया और प्रमुखता से खबर छापी। खबर का असर हुआ और निगम ने बोर्ड में स्पष्ट रूप से सावधान खतरनाक नाला लिखा और बैरिकेडिंग भी दुरूस्त कराई।




- **घटना की पृष्ठभूमि:** वर्ष 2023 में दो किसानों की नाले में बहने से मौत के बाद निगम ने लगाया था चेतावनी बोर्ड
- **निगम की कार्रवाई:** पहले बैरिकेडिंग कराई गई थी, लेकिन समय के साथ बोर्ड धुंधला हुआ और उस पर प्रचार पम्पलेट चिपका दिए गए थे
- **मौजूदा स्थिति:** बोर्ड पर "सावधान खतरनाक नाला" दोबारा स्पष्ट रूप से लिखा गया है
- **बैरिकेडिंग की स्थिति:** पुरानी बैरिकेडिंग की मरम्मत कर उसे दुरुस्त किया गया
- **मीडिया की भूमिका:** राष्ट्रीय नवीन मेल द्वारा खबर प्रकाशित करने के बाद निगम हरकत में आया
- **नतीजा:** खबर के असर से जनहित में त्वरित सुधारात्मक कदम उठाया गया



नाले के ऊपर बने घर से खतरनाक बना नाला और धूमिल बोर्ड

बैरिकेटिंग व बोर्ड लगा लेकिन हादसे के बाद

मनोज मिश्रा

रांची। प्रशासन लेट पहुंचता है, होश याद में आता है और कारवाई किसी हादसे के बाद होती है। हम उस परंपरा को भूल गए जहां अग्रसोची सदासुखी वाली जीवन चरितार्थ होती है। इसके कारण सुदृढ़ व्यवस्था की ओर से हमारा चित्त हटकर अव्यवस्था शब्द पर टिक गई। सुबह से शाम तक उन दिव्य कलाकारों की बात करें जो अव्यवस्था पर इतनी सुंदर सुंदर तार्किक शब्द गढ़ने की कोशिश करते रहेंगे और बड़े चौराहों के बर्बर शेर के अंदाज में घुरते दिखेंगे। ये शब्दों के बड़े-बड़े तीरंदाज जो दो लोगों के बीच तीर मारते नजर आएंगे मगर सरकार को उन मामलों को सूचित नहीं करेंगे जिसके करने से भविष्य के किसी बड़े हादसे को टाला जा सकता है। एक बार फिर बारिश हो रही है और नाला का प्रचंड स्वरूप हर साल कि तरह इस बार भी प्रकट होगा तो सावधान लिखी बोर्ड के धुमिल होने से निगम की मामूली चूक से बड़े हादसे परिणत हो सकते हैं। लोगों का सावधान खतरनाक नाला लिखा बोर्ड स्पष्ट रूप से दूर से पढ़ा जाना चाहिए और उसपर किसी प्रचार की पोस्टरबाजी नहीं होनी चाहिए। बैरिकेड के मरम्मत की भी जरूरत है, बना भी लेट से मगर दुरुस्त हो तब ही तो कारगर हो।

रातू रोड के पंचशिल नगर में फिर भरेगा बरसात का पानी

उठते सवाल : दो लोगों की मौत का जिम्मवार कौन

2023 में निगम की ओर से लगा सावधान का बोर्ड : विकास कुमार

स्थानीय दुकानदार विकास कुमार ने कहा कि हल्की बारिश में गली में तीन फीट तक पानी जमा हो जाता है। 2023 के उस काले दिन को याद करते हुए उन्होंने बताया कि दो लोग साइकिल से बाजार पर स जी बेचकर लौट रहे थे। नाला के उपर से बह रहे बारिश के पानी की धार ने उन दो किसानों को अपने साथ बहा ले गई, सात दिनो के बाद ही दोनों की लाशें मिली थी। उसके बाद प्रशासन ने बैरिकेडिंग लगाई और सवाधान खतरनाक नाला लिखकर बोर्ड लगाया। बारिश हो रही है बोर्ड धुमिल ने से खतरा की सुरक्षा भी धुंधली साबित होगी।

सड़क से लेकर घर तक बदबूदार पानी : राजकिशोर यादव

पंचशील नगर निवासी राजकिशोर यादव ने कहा कि बारिश होने पर रोड नंबर तीन में पानी जमा हो जाता है, घर से निकलना बंद हो जाता है। मोटरसाइकिल, कार किसी काम नहीं आते और सड़क से लेकर घर तक बदबूदार पानी ही पानी जमा रहता है। उन्होंने खतरनाक नाला सवाधान लिखे बोर्ड का जिक्र करते हुए कहा कि दुःखद घटना घटी थी दो वर्ष पहले दो साइकिल सवार बह गए थे।

### आज / कल




## जलजमाव से सड़क तालाब में हुआ परिवर्तित

**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

जिले के रातु क्षेत्र के रिंग रोड,नयाटोली, सिमलिया की जनता को सड़क में बिछे गिट्टी के छाई (डस्ट) की परेशानी के बाद अब जलजमाव के कारण सड़क तालाब जैसे गड्ढे में तब्दील हो गई है। क्षेत्र की मुख्य मार्ग होने के कारण प्रतिदिन सैकड़ो गाड़ियों की परिचालन होने से सड़क में बिछे गिट्टी के (डस्ट) धूल उड़ने के बाद अब जलजमाव के कारण तालाब जैसे गड्ढे की समस्या से क्षेत्रवासियों को काफी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। क्योंकि यह मार्ग रिंग रोड स्थित भारतीय क्रिकेटर महेंद्र सिंह धोनी के आवास के बगल से नोवा नगर होते हुए गुमला रोड, मेजर कोठी तक जाती है। इस संबंध में राष्ट्र सेवा फाउंडेशन के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष सुनील कुमार सिंह ने कहा कि 2024 के विधानसभा चुनाव पूर्व सड़क की स्थिति काफी जर्जर होने और सड़क पर बड़े-बड़े गड्ढे में पानी भरने एवं सड़क कीचड़युक्त होने के कारण लोगों को आवागमन में काफी परेशानियों की सामना करना पड़ रहा था। इस निमित्त उक्त क्षेत्र के जनप्रतिनिधियों के साथ संबंधित विभाग के मंत्री व आला अधिकारियों का ध्यानाकर्षण करने के लिए सड़क पर धान रोपनी कर विरोध प्रदर्शन किया गया था। उस वक्त चूंकि चुनाव होने थे, चुनाव में इसका विपरीत प्रभाव न पड़े, इसलिए आनन– फानन में गिट्टी डालकर सड़क के गड्ढे को भर दिया गया, और क्षेत्र वासियों को आश्वासन दिया गया कि, बहुत जल्द इस मार्ग का निर्माण कार्य पूरा किया जाएगा!



### चिन्मय मिशन व योग मित्र मंडल का योग शिविर

## मंत्रों के गायन के बाद शुरू हुआ योगाभ्यास

**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

चिन्मय मिशन एवं योग मित्र मंडल के संयुक्त तत्वावधान में त्रिदिवसीय योग शिविर का शुक्रवार को द्वितीय दिवस था। प्रारंभ में योग प्रशिक्षक शंकर सिंह के नेतृत्व में सबों के द्वारा संकल्पों के साथ महामृत्युंजय मंत्र 11 बार, गायत्री मंत्र 11 बार एवं दुर्गा जी के 32 मंत्रों को तीन बार गाया गया।

इनके गायन से आंतरिक वातावरण योगाभ्यास के लिए युक्त हो गया था। गुरुवार को बताए गए कुछ अभ्यासों को दोहराया गया एवं कुछ नए आसान जैसे धनुरासन, चक्की पीसना, पानी खींचना आदि का अभ्यास करवाया गया जो कि कंधा दर्द, कमर दर्द एवं पीठ दर्द में बहुत ही लाभदाई बताया गया।शुक्रवार को निर्मल कटियार के द्वारा अंतरमौन का भी अभ्यास करवाया गया। वेदांत के जिज्ञासुओं के लिए ये अभ्यास आत्म साक्षात्कार बहुत सहायक सिद्ध हो सकते हैं। पूज्य स्वामी परिपूर्णानंद जी पूरे समय इस सत्र में उपस्थित थे। काफी संख्या में अभ्यासी उपस्थित थे। वहीं शनिवार को अंतरराष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर सुबह 7 से 8.30 तक आयोजित योग अभ्यास सत्र चिन्मय आश्रम में आयोजित हैं।

### अधिकारियों ने धुर्वा व कांके डैम का किया निरीक्षण

# दोनों डैम का जलस्तर खतरे के निशान से नीचे


**नवीन मेल संवाददाता। रांची**


जिले में भारी बारिश के बाद धुर्वा एवं कांके डैम का जलस्तर खतरे के निशान से नीचे है। उपायुक्त मंजूनाथ भजंत्री के निदेशानुसार सुरक्षात्मक दृष्टिकोण से शुक्रवार को कांके एवं धुर्वा डैम का निरीक्षण पदाधिकारियों द्वारा किया गया। अपर जिला दंडाधिकारी (विधि-व्यवस्था) राजेश्वरनाथ आलोक ने धुर्वा एवं अनुमंडल पदाधिकारी, सदर उत्कर्ष कुमार द्वारा कांके डैम का देर शाम निरीक्षण किया। इस दौरान लोकल इंस्पेक्टर और जूनियर इंजीनियर मेंटेनेंस भी उपस्थित थे।

### डैम का जलस्तर एवं सुरक्षा मानकों का निरीक्षण



पदाधिकारियों द्वारा दोनों डैम के जलस्तर, फाटक एवं अन्य सुरक्षा मानकों का निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान धुर्वा डैम का जलस्तर खतरे के निशान से 10.5 फीट नीचे पाया गया, धुर्वा डैम की क्षमता 38 फीट है। लोकल इंस्पेक्टर और जूनियर इंजीनियर (मेंटेनेंस) द्वारा बताया गया कि खतरे के निशान से ज्यादा पानी होने पर धीरे-धीरे डैम का गेट खोलने की प्रक्रिया अपनाई जाती है। अपर जिला दंडाधिकारी (विधि-व्यवस्था), रांची श्री राजेश्वरनाथ आलोक द्वारा धुर्वा डैम के पांचों फाटक का भी निरीक्षण किया गया। जूनियर इंजीनियर द्वारा बताया गया कि 2 महीने पहले ही गेट की मरम्मत की गई है। अनुमंडल पदाधिकारी, सदर श्री उत्कर्ष कुमार द्वारा कांके डैम का जलस्तर, फाटक एवं अन्य सुरक्षा मानकों का निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के क्रम में पाया गया कि डैम का जलस्तर खतरे के निशान से 2 फीट नीचे है, डैम का एक फाटक खोला गया है।





# मध्यस्थता से वादों का होता है निस्तारण : रवि कुमार भास्कर

● विशेष मध्यस्थता अभियान के समापन में 97 लंबित वादों का हुआ निस्तारण

नवीन मेल संवाददाता

**रांची।** विवाह व पारिवारिक मामलों के लिए चल रहे विशेष मध्यस्थता अभियान का शुक्रवार को समापन हो गया। यह विशेष मध्यस्थता अभियान 16 जून से शुरू हुआ था जो 20 जून तक चला। आहूत इस विशेष मध्यस्थता अभियान में जिला विधिक सेवा प्राधिकार, रांची के मध्यस्थतों व अधिवक्ताओं की भूमिका अहम रही है। अधिवक्ता मध्यस्थों व विशेषज्ञ मध्यस्थों तथा अधिवक्ताओं ने पूरे जोश से वादों को सुलझाने में अपना समय दिये, जिसके फलस्वरूप पहले दिन 37, दूसरे दिन 29, तीसरे दिन 11, चौथे दिन भी 11 एवं पांचवों दिन 09 मामलों को सफलतापूर्वक सुलझाने में सफलता मिली। न्यायालयों से कुल 193 मामले हस्तांतरित होकर मध्यस्थता केंद्र, रांची में आये थे, जिसमें 97 मामलों को विधिवत सफलतापूर्वक सुलझा लिया गया है। डालसा सचिव रवि कुमार भास्कर ने कहा कि झालसा के निर्देश पर विशेष मध्यस्थता अभियान चलाकर पारिवारिक वादों का निस्तारण किया जाता है और आगे भी किया जाएगा। वादों के निस्तारण में अधिवक्ता मध्यस्थ, विशेषज्ञ मध्यस्थ व अधिवक्ताओं की भूमिका अहम होती है।

उन्होंने कहा कि आहूत इस विशेष मध्यस्थता अभियान में वादकारी खुशी-खुशी अपने वादों का निस्तारण कराए। अभियान के दौरान वाद संख्या ओएस 142/2025 को अधिवक्ता मध्यस्थ एलके गिरि एवं सहयोगी मध्यस्थ ममता चौधरी तथा दोनों पक्षों के विद्वान अधिवक्ताओं क्रमशः मो. ईमरान तथा मो. जमीलूर रहमान के प्रयास से दो सीटिंग में सुलझा लिया गया था। दोनों पति-पत्नी करीब छह वर्षों से अलग-अलग रह रहे थे। दोनों पक्षों से एक पुत्री, जिसका उम्र लगभग 7 वर्ष है, वह भी अपने माता के साथ पिता से अलग रह रही थी। इस मामले के सुलझने पर दोनों पक्षों की पुत्री को पिता का भी प्यार मिला और दो परिवार अलग होने से बचे।

सुब्रतो कप फुटबॉल प्रतियोगिता

# नंगे पैर खेलने को मजबूर हैं बच्चे

● इस खेल के लिए शिक्षा परियोजना ने 60 लाख रुपए उपलब्ध कराए हैं

● शिक्षा परियोजना ने कहा मामले की होगी जांच

नवीन मेल संवाददाता

**रांची।** सारठ देवघर में सुब्रतो कप फुटबॉल प्रतियोगिता में स्कूल के बच्चे के पास बूट तक नहीं है। कुछ खिलाड़ी शॉर्ट्स की जगह जींस में भी दिखे। वहीं गढ़वा की तस्वीर भी ऐसी ही है, या तो बूट नहीं है या स्कूल शू में बच्चियां खेल रही हैं। सिमडेगा में भी नंगे पैर खेलती हुई बालिका टीम और स्कूल ड्रेस में ही सर्टिफिकेट बांट सुब्रतो कप प्रतियोगिता का आयोजन सम्पन्न कराया गया। इस खेल के लिए पूरे राज्य भर में झारखंड शिक्षा परियोजना परिषद ने लगभग 60 लाख रुपए उपलब्ध कराया है। इस संबंध में झारखंड शिक्षा परियोजना परिषद के निदेशक से पूछा गया तो उन्होंने बताया कि मामला गंभीर है। इसकी जांच करायी जाएगी।



## न्यूज बॉक्स

### बारिश के बीच ट्रांसफॉर्मर ब्लास्ट कई मोहल्ले अंधेरे में डूबे

**इटकी।** तीन दिनों से लगातार हो रही बारिश के बीच गुलज़ार रोड स्थित ट्रांसफॉर्मर तेज आवाज के साथ शुक्रवार की सुबह ब्लास्ट कर गया। आवाज़ इतनी तेज थी कि 600 मीटर की दूरी तक सुनी गई। ट्रांसफॉर्मर का गर्म ऑइल गिरने से वहां पर के घास और पौधे झुलस गए। बारिश के कारण लोगों का आवागमन नहीं था वर्ना कुछ नुकसान हो सकता था। ब्लास्ट के बाद गुलजार रोड, एकता नगर एवं जाफर मस्जिद मोहल्ला अंधेरे में डूब गया। विद्युत विभाग को जानकारी दे दी गई है मगर नया ट्रांसफॉर्मर आने में दो से तीन दिन लग सकता है। अंधेरे के कारण उक्त मोहल्ले के लोगों को काफी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है | बरसात में कीड़े मकोड़े का भी खतरा सता रहा है। लगभग घरों में मोटर नहीं चलने के कारण पानी की कमी हो गई है।

### बीआईटी मेसरा के वैज्ञानिकों ने स्मार्ट पेप्टाईड तैयार किया

**रांची।** बीआईटी मेसरा के डिपार्टमेन्ट ऑफ बायोइंजीनियरिंग एण्ड बायोटेक्नोलॉजी के वैज्ञानिकों ने स्मार्ट पेप्टाईड तैयार किए हैं, जो शरीर में पीएच में होने वाले बदलाव को पहचान कर इसके लिए प्रतिक्रिया करते हैं। ये पेप्टाईड विभाग में स्थित अडवान्स्ड बायो-कम्प्युटिंग लैब में बनाए गए हैं। उम्मीद की जा रही है कि यह नई खोज घाव के इलाज, टिश्यू इंजीनियरिंग एवं टारगेटेड ड्रग डिलीवरी में कारगर होगी। अंतराष्ट्रीय स्तर पर जानी-मानी पत्रिका 'एसीएस अप्लाईड बायो मटीरियल्स' में प्रकाशित यह अध्ययन कोलाजन से बनाए गए प्राकृतिक पेप्टाईड सिक्वेन्स डीजीईए को दर्शाता है। इस सीक्वेन्स को अडवान्स्ड मॉलीक्युलर डायनामिक्स सिमुलेशन्स के साथ रीडिज़ाइन कर टीम ने सेल्फ-असेम्बलिंग पेप्टाइड बनाए हैं, जो एसिडिक एवं बेसिक मीडियम में अलग तरह से व्यवहार करते हैं। यह व्यवहार कुछ ऐसा होता है, जैसे शरीर के टिश्यूज़ चोट लगने पर या बीमारी की स्थिति में करते हैं। यह डीजीईए आधारित पेप्टाईड सिस्टम में पीएच के अनुसार व्यवहार को दर्शाने वाली पहली रिपोर्ट है। इससे चिकित्सा के क्षेत्र में अडैप्टिव बायोमटीरियल के विकास के नए मार्ग प्रशस्त होंगे।' लीड रीसर्चर डॉ आलोक जैन ने कहा। इस प्रोजेक्ट में बीआईटी मेसरा के छात्रों, शोधकर्ताओं एवं लेखकों का महत्वपूर्ण योगदान रहा है। भारत सरकार के साइंस एण्ड इंजीनियरिंग रीसर्च बोर्ड ने इसके लिए फंडिंग प्रदान की थी।

### बिजली का पोल गिरने से गांव में अंधेरा

**बुढ़मू।** बिजली विभाग की लापरवाही देखने को मिली। मामला उमेडंडा- बुढ़मू मुख्य मार्ग सोसई के पास से गुजरे बड़का मुरू ईचापीडी गांव की है। यहां 11 हजार बोल्ट का पोल गिरने से बिजली ठप हो गई है और लगभग पांच हजार आबादी अंधेरे में है। ग्रामीणों का आरोप है कि कई महीनो से बिजली के पोल झुक कर गिरने के कगार पर था। इसकी सूचना बिजली विभाग को दिया गया था। बावजूद इसके विभाग द्वारा इसे अनसुना किया। अगर समय रहते इसे ठीक किया जाता तो आज चार गांव के लोग अंधेरे में रहने को विवश नहीं होते।

### बारिश से गिरे घर का सीओ ने किया मुआयना



**मांडर।** अल्पसंख्यक कांग्रेस जिला ग्रामीण अध्यक्ष शमीम अख्तर और अंचलाधिकारी चंचला कुमारी ने शुक्रवार को बारिश से क्षति हुए घर का मुआयना किया। मुसलधार बारिश के कारण मांडर प्रखंड के चिलटोली निवासी बिरसा उरांव का घर गिर गया। इसकी सूचना मंत्री एवं अंचलाधिकारी मांडर को दी गई। पीड़ित परिवार बिरसा उरांव अत्यंत गरीब है।इनके पास रहने के लिए कोई वैकल्पिक जगह नहीं है। मंत्री शिल्पी नेहा तिर्की के निर्देश पर अंचलाधिकारी ने तत्काल राहत के तौर पर कुछ जरूरी सामान देकर आगे की कार्यवाही करने का अश्वासन दिया।



## बारिश में बही सड़क

**चान्हो।** ग्राम रघुनाथपुर से फुलडीह गांव जोड़ने वाली सड़क और लगभग 10 स्कूलों को जोड़ने वाला रास्ता बारिश के कारण टूट गया है। ग्रामीणों ने इस रास्ते को शीघ्र मरम्मत कराने की मांग की है। यह जानकारी अभिषेक सिंह एवं अन्य ग्रामीणों के माध्यम से दी गई है।

बीओआई का कस्टमर आउटरीच कार्यक्रम

# ग्राहकों को सरल, सुलभ एवं पारदर्शी बैंकिंग सेवाएं उपलब्ध कराई जाती हैं : गोंड

नवीन मेल संवाददाता



**रांची।** बैंक ऑफ इंडिया द्वारा देशव्यापी ग्राहक जनसंपर्क अभियान के अंतर्गत रांची अंचल ने शुक्रवार को झारखंड चैंबर भवन में एक भव्य कस्टमर आउटरीच प्रोग्राम का आयोजन किया। कार्यक्रम की अध्यक्षता फील्ड महाप्रबंधक गुरु प्रसाद गोंड ने की। इस अवसर पर 148 लाभुकों को कुल 63.26 करोड़ के ऋण स्वीकृत कर चयनित लाभार्थियों को स्वीकृति पत्र प्रदान किए गए।

मौके पर श्री गोंड ने कहा कि बैंक ऑफ इंडिया सदैव सामाजिक व आर्थिक समावेशन के लिए प्रतिबद्ध रहा है। उन्होंने कहा कि इस प्रकार के आयोजन बैंक को ग्राहकों के और निकट लाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। उन्होंने आगे बताया कि बैंक द्वारा समय-समय पर ऐसे अभियानों के माध्यम से ग्राहकों को सरल, सुलभ एवं पारदर्शी बैंकिंग सेवाएं उपलब्ध कराई जाती हैं।

आंचलिक प्रबंधक श्री संजीव कुमार सिंह ने बताया कि इस कार्यक्रम के तहत विभिन्न क्षेत्रों से आए सम्मानित ग्राहकों को व्यक्तिगत व व्यवसायिक ऋण योजनाओं की जानकारी दी गई, साथ ही उन्हें ऑन-द-स्पॉट परामर्श व त्वरित ऋण स्वीकृति की सुविधा भी प्रदान की गई। उप महाप्रबंधक एसएल बीसी सी गोपाला कृष्णा तथा संतोष कुमार सिंह ने भी समारोह में शिरकत की।

कार्यक्रम में उपस्थित ग्राहकों को बैंक के प्रमुख उत्पादों जैसे खुदरा ऋण, एमएसएमई ऋण, डिजिटल बैंकिंग सेवाएं तथा जीवन, स्वास्थ्य एवं सामान्य बीमा योजनाएं के बारे में विशेषज्ञों द्वारा विस्तृत जानकारी दी गई। कार्यक्रम का समापन उप आंचलिक प्रबंधक बनिता महापात्रा एवं अशीम कुमार द्वारा धन्यवाद ज्ञापन के साथ किया गया।

मंच संचालन स्वाति कुमारी प्रसाद ने किया। कार्यक्रम में अंचल मार्केटिंग प्रमुख अनुराग वर्मा तथा प्रबंधक नजमुल होदा सहित कई वरिष्ठ अधिकारी एवं सम्मानित ग्राहकगण उपस्थित रहे।

## सिकिदिरी जल विद्युत परियोजना से चार माह से उत्पादन ठप

**अनगड़ा।** पिछले चार माह से सिकिदिरी जल विद्युत परियोजना से बिजली उत्पादन ठप रहने से डैम का पानी सिकिदिरी हाइडल को नहीं दिया जा रहा है। इससे जलस्तर बढ़ गया है। ज्ञात हो कि विगत मार्च माह में परियोजना का ट्रेस रैक टूटने के बाद से बिजली उत्पादन ठप है। ट्रेस रैक एक प्रकार की जाली है तो टरबाइन तक पहुंचने वाले पानी को फिल्टर करता है ज्ञात हो कि सिकिदिरी जल विद्युत परियोजना सबसे कम दर में बिजली उत्पादन करनेवाली राज्य की एकमात्र इकाई है। यहां 65-65 मेगावाट के दो पावर हाउस है। इस संबंध में परियोजना प्रबंधक विनय अंगिरा ने बताया कि परियोजना के अभियंता द्वारा इसकी मरम्मत का प्रयास किया गया, परंतु सफलता नहीं मिली। आईआईटी रूड़की के अभियंताओं ने इसका अलाइन और ड्राइंग तैयार किया है। टेंडर कर इसकी जल्द मरम्मत कराई जाएगी, इसमें लगभग एक से डेढ़ माह का समय लगेगा। मरम्मत कार्य में 35 से 40 लाख रुपये खर्च होने का अनुमान है।

## ओएचई तार टूटने से रेल परिचालन हुआ बाधित



**सिल्ली।** किता रेलवे स्टेशन के पास मुरी रांची अप लाइन पर 366/ 3 से 6 तक की मिट्टी धंसी गई इससे रेल आवागमन बुरी तरह बाधित रहा। कई ट्रेन मुरी स्टेशन पर खड़ी रही जिससे यात्री काफी परेशान दिखे। घटना बीते रात करीब 10 बजे की है लेकिन शुक्रवार को दिन भर इसे दुरुस्त किए जाने का काम चलता रहा। घटना के बाद कार्यस्थल पर रांची डिविजन के एडीआरएम एम राज मीना, कॉर्डिनेशन साकेत कुमार, डीईएन भास्कर सोनकर, कॉन्ट्रैक्टर आलोक कुमार सहित दर्जनों लोग डटे रहे करीब एक सौ से भी ज्यादा मजदूर एवं कई मशीन लगाकर काम किया गया। संध्या 6 बजे अप लाइन पर रेल परिचालन समान्य हो पाया।अधिकारियों ने बताया कि जल्दी ही रेलवे पर आवागमन सामान्य कर लिया जाएगा।

## पतंजलि परिवार ने निकाली प्रभात फेरी



**सिल्ली।** सिल्ली प्रखंड अंतर्गत 11 वें अंतराष्ट्रीय योग दिवस के पूर्व पतंजलि परिवार सिल्ली एवं मेडिटेशन एंड योगा ग्रुप सिल्ली की ओर से शुक्रवार के दिन सुबह 6 बजे से सिल्ली थाना के समीप से प्रभात फेरी निकाली गई। यह प्रभात फेरी सिल्ली बाजार होते हुए ग्राम विकास स्कूल से सिल्ली थाना के समीप पहुंची और वहीं समापन भी किया गया। प्रभात फेरी में करें योग रहे निरोग, स्वस्थ भारत समृद्ध भारत,योग करें रोज करें आदि के नारे लगाए जा रहे थे।सभी से अपील किया गया कि योग दिवस के अवसर पर 21 जून को सिल्ली स्टेडियम में अपने परिवार के साथ पहुंचकर योग करते हुए कार्यक्रम में अवश्य भाग लें। रांची जिला पतंजलि किसान सेवा समिति कृष्ण कुमार महतो,पतंजलि योग समिति प्रखंड प्रभारी राजेन महतो,युवा भारत जिला संरक्षक सुशोभन लाहा,योग शिक्षक करुणामय चक्रवर्ती,भारत स्वाभिमान प्रखंड प्रभारी मदन महतो दिनेश बनर्जी,अनिल साव,सुभाष लाहा,विनय कृष्ण चक्रवर्ती,सुकुमार विश्वकर्मा, संजय सिंह,मानिक रवानी,मुकेश भगत,भेंगराज प्रसाद, बिल्टू दत्ता,अमित साव,कार्तिक गोराई,गौरांग कोइरी, शंकर विश्वकर्मा,ब्रजेश कुमार,दिलीप दे,शत्रुघन गुप्ता,जग्गू विश्वकर्मा,विकास हजाम, निखिल साहू,उमा शंकर मालाकार,महिला समिति प्रखंड प्रभारी मुनमुन मालाकार,पंकज साहू,विजय जालान समेत कई लोग शामिल रहे।

# विकास कार्यों में प्रकृति, पर्यावरण और पारिस्थितिकी का संतुलन नहीं बनाना घातकः सरयू राय

● पानी का स्वाभाविक रास्ता बंद करेंगे तो ऐसी दिक्कतें होती रहेंगी

● आशियाना वूडलैंड के निवासी एनएचएआई पर ठोकेंगे नुकसान की भरपाई का दावा

नवीन मेल संवाददाता



**रांची/जमशेदपुर।** जमशेदपुर पश्चिमी के विधायक सरयू राय शुक्रवार को एनएचएआई द्वारा निर्मित किये जा रहे पारडीह से बालीगुमा फ्लाइओवर के आरंभिक बिंदु पर गये। यहां जलनिकास का मार्ग बंद कर दिये जाने के कारण आशियाना वूडलैंड और आसपास के इलाकों में पानी जमा हो गया था। सरयू राय ने बताया कि चाहे वह आशियाना वूडलैंड हो या डिमना रोड का कोई भी इलाका, जहां-जहां पानी जमा है, उसका मुख्य कारण है विकास के कार्यों में प्रकृति, पर्यावरण और पारिस्थितिकी का संतुलन नहीं बना पाना। श्री राय ने कहा कि विकास की आपाधापी और अपना काम जल्दी करके निकल जाने के चक्कर में जो जलनिकासी के स्वाभाविक मार्ग थे, उन मार्गों को लोगों ने बंद कर दिया। इसके कारण लोगों को भारी नुकसान उठाना पड़ा। जब ऐसी योजनाओं का डीपीआर बनता है तो इसमें सभी पहलुओं पर विचार होता है। लगता है कि अब जनता को होने वाली असुविधा का ध्यान इसमें नहीं रखा जाता। थोड़ा सा लाभ पाने के लोभ में कई संवेदक या अभियंता प्रकृति, पर्यावरण और पारिस्थितिकी का उचित ध्यान नहीं रखते। ये स्वाभाविक जल प्रवाह के रास्तों को बंद कर देते हैं। श्री राय ने कहा कि पानी को अपना रास्ता बनाना आता है। आप उसके स्वाभाविक रास्ते को रोकेंगे तो वह आपके घर में घुसेगा ही। जब तक आप पानी के स्वाभाविक रास्ते को छेड़ते रहेंगे, ऐसी स्थितियां निर्मित होती रहेंगी। श्री राय ने कहा कि आशियाना वूडलैंड के निवासियों ने उन्हें बताया कि वे लोग एनएचएआई पर अपने नुकसान की भरपाई के लिए दावेदारी करेंगे। घर में कितने का नुकसान हुआ, इसका आंकड़ा निकाला जा रहा है।

### जनसुविधा प्रतिनिधि पप्पू सिंह ने संजय वर्मा के परिजनों की आर्थिक मदद की

भारी बारिश में ओल्ड पुरुलिया रोड स्थित कुंवर बस्ती के संजय वर्मा की डूबने से मौत हो गई। इस हृदय विदारक घटना की जानकारी विधायक सरयू राय के जनसुविधा प्रतिनिधि पप्पू सिंह को जैसे ही मिली, उन्होंने श्री राय को इसकी सूचना दी। श्री राय के निर्देश पर पप्पू सिंह ने अंतिम संस्कार के लिए दिवंगत परिवार को 10000 रुपये की सहायता राशि प्रदान की। पप्पू सिंह ने परिजनों से कहा कि वह भविष्य में भी हरसंभव मदद के लिए उपलब्ध रहेंगे। इस अवसर पर उनके साथ उपेंद्र कुमार सिंह( मस्तान सिंह) जीतू सिंह, वीरू सिंह और कॉलोनी के कई अन्य साथी मौजूद रहे।

लगातार बारिश से खलारी बेहाल

# चार दिनों में 450.4 मिमी वर्षा से जनजीवन ठप



नवीन मेल संवाददाता

**खलारी।** कोयलांचल क्षेत्र खलारी में मानसून की शुरुआत ने तबाही मचा दी है। बीते चार दिनों में क्षेत्र में 450.4 मिमी बारिश रिकार्ड की गई है, जिससे नदियां उफान पर हैं, सड़कें जलमग्न हैं, बिजली गुल है और कई जगहों पर ग्रामीणों के घर ढहने लगे हैं। विगत चार दिनों में 17 जून को 31.2 मिमी, 18 जून को 108.4 मिमी, 19 जून को 203.4 मिमी तथा 20 जून को 107.4 मिमी बारिश रिकार्ड की गई है। इन चार दिनों की भारी वर्षा के कारण दामोदर, सपही और सोनाडूबी नदियों का जलस्तर काफी ऊंचे स्तर तक पहुंच गया है। कई नाले भी उफनने लगे हैं। तालाब, कुएं लबालब भर गए हैं। गांवों में पानी कई घरों में घुस गया है वहीं कस्बाई इलाकों की सड़कें जलमग्न हैं। बारिश ने दैनिक मजदूरों की स्थिति और भी दयनीय कर दी है। जलभराव के चलते मजदूरी के काम ठप हो गए हैं, जिससे उनके समक्ष रोजगार और भोजन का संकट उत्पन्न हो गया है।

**खदानों में उत्पादन बंद, सीसीएल को भारी नुकसान**

लगातार बारिश ने सीसीएल की खुली खदानों में कोयला उत्पादन को भी ठप कर दिया है। एनके एरिया की रोहिणी खदान में पानी भर गया है। अन्य खदानों में भी यही स्थिति है। हाल रोड में फिसलन के कारण डंपरों का परिचालन भी ठप है। जल निकासी का कार्य जारी है, लेकिन स्थिति सामान्य होने में समय लगेगा।

**रेलवे ट्रैक दुरुस्त, लेकिन ट्रेनों का मार्ग बदला**

खलारी-राय रेलवे लाइन के एक हिस्से में मिट्टी खिसकने के बाद ट्रैक को शुक्रवार अपराह्न 4.30 बजे तक दुरुस्त कर लिया गया। शाम 5 बजे खलारी स्टेशन से डाउन लाइन पर गाड़ी चलाई गई। ऐहतियातन रेलवे ने शुक्रवार को 18614 चोपन-रांची एक्सप्रेस और 11447 जबलपुर-हावड़ा एक्सप्रेस को टोरी-लोहरदगा होकर डायवर्ट किया।

### खलारी के प्रखंड सह अंचल कार्यालय का हाल बेहाल, छत से टपक रहा पानी

**खलारी।** खलारी के प्रखंड सह अंचल कार्यालय पर भी लगातार हो रहे पानी का असर पड़ा है। प्रखंड कार्यालय भवन में कई जगहों पर छत से पानी टपक रहा है। करीब 12 साल पहले प्रखंड सह अंचल कार्यालय का नया भवन बना था। शुक्रवार को बीपीओ (मनरेगा) के कक्ष में ही छत से पानी टपकने लगा। कार्य करने के टेबल पर पानी से बचाव के लिए बर्तन रखने पड़े। बीडीओ संतोष कुमार ने इस स्थिति के लिए सीसीएल के कोयला खदानों में होने वाले ब्लास्टिंग और भवन के गुणवत्ता को दोषी बताया है। बीपीओ कक्ष के अलावा भी प्रथम तल्ले पर कई जगहों पर छत से पानी टपकता दिखा। बीडीओ ने सीसीएल प्रबंधन को भी चेतावनी दी है कि हैवी ब्लास्टिंग को नियंत्रित करें अन्यथा कानूनी कारवाई करेंगे।

सुलह का प्रयास | बेड़ो सरना स्थल घेराबंदी का मामला : ग्राम सभा का निर्णय सर्वोपरि

# जरूरत पड़ेगी तो विधायक मद से सरना स्थल की घेराबंदी की जाएगी

● प्रेस वार्ता कर बंधु तिर्की के पक्ष में समर्थकों ने अपनी बातें रखी

नवीन मेल संवाददाता



**बेड़ो ।** सरना धर्म के प्रतिनिधि एवं माननीय पूर्व मंत्री के समर्थकों ने बेड़ो प्रखंड मुख्यालय में प्रेस वार्ता कर कहा कि पूर्व मंत्री बंधु तिर्की के ऊपर बेडो.सरना स्थल के संदर्भ में कतिपय नेताओं के द्वारा अनदेखी करने का आरोप लगाया जा रहा है वह निराधार है। पूर्व मंत्री बंधु तिर्की शुरू से ही सरना धर्म की रक्षा के प्रति कृत संकल्पित रहे हैं। प्रेस वार्ता के दौरान सरना धर्मावलंबियों के साथ साथ कांग्रेस के प्रखंड अध्यक्ष प्रो. करमा उरांव, पूर्व मुखिया एवं समाजसेवी बुधराम बाड़ा, पंचु मिंज, बिरसु तिर्की, संजय कच्छप, बुधराम लोहरा, सोमरा उरांव, मंटु उरांव, रौशन उरांव, दिलीप उरांव विजय उरांव सहित कई लोग शामिल थे। प्रेस वार्ता के दौरान बताया कि बेडो. का ऐतिहासिक महादानी मैदान हजारों साल पुराना है। वहीं उन्होंने कहा कि यहां सरना स्थल की एक एकड़ पांच डिसमिल जमीन अंचलाधिकारी के द्वारा चिन्हित की गई है। उन्होंने कहा कि ग्राम सभा जो तय करेगा वही सर्वोपरि होगा। प्रेस वार्ता के दौरान पूर्व मंत्री बंधु तिर्की के संदर्भ में बताया गया कि सिलागाईं एकलव्य विद्यालय के निर्माण, मुड़मा जतरा खूंटा का सुंदरीकरण, सिरा सीता नाले के सुन्दरीकरण, सरना मसना के संरक्षण सहित अन्य मामलों में सरना धर्मावलंबियों के साथ हमेशा से खड़े रहे। बंधु तिर्की के समर्थकों ने कहा कि अगर धार्मिक संगठन चाहेंगे तो सरना स्थल की घेराबंदी विधायक मद से स्थानीय विधायक सह झारखंड सरकार की कृषि पशुपालन एवं सहकारिता मंत्री शिल्पी नेहा तिर्की कराएंगी। लेकिन इससे पहले बेड़ो के लोगों का ग्राम सभा के माध्यम से प्रस्ताव पारित कराना अनिवार्य होगा। सर्वसम्मति एवं नियमानुकूल ग्राम सभा के माध्यम से पारित प्रस्ताव पर बंधु तिर्की शत प्रतिशत मुहर लगाएंगे और घेराबंदी भी होगी। प्रेस वार्ता के दौरान बंधु तिर्की के समर्थकों ने कहा कि बंधु तिर्की के खिलाफ वैसे लोग बयानबाजी कर रहे हैं जिनका समाज में कोई जनाधार नहीं है और वे सिर्फ वोटो के लिए राजनीति कर रहे हैं। लेकिन भोली भाली जनता को बहला फुसला कर समाज के खिलाफ झोंकना और राजनीतिक रोटी सेंकना निंदनीय है। समर्थकों ने कहा कि सरना कोड की माँग किनके द्वारा उठाया जा रहा है इन सभी चीजों से जनता अवगत है।

## योग बना स्वास्थ्य रहने का पर्याय : प्राचार्य



**रामगढ़।** कोयलांचल स्थित सरस्वती विद्या मंदिर में प्राचार्य उमेश प्रसाद के नेतृत्व में अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के पूर्व विद्यालय के आचार्यों द्वारा शुक्रवार को योगाभ्यास किया गया। प्राचार्य उमेश प्रसाद ने बताया कि योग शरीर और मन को एक साथ लाता है। यह तीन मुख्य तत्वों से बना है गति, श्वास और ध्यान। योग तनाव से राहत देता है और बेहतर नींद लाता है, भूख और पाचन को बढ़ाता है। यह दिमाग को हमेशा शांत रखता है। जब हम योग करते हैं तो मांसपेशियों में खिंचाव, और मरोड़ जैसी कई क्रियाएं होती हैं। इससे हमारे शरीर की थकान दूर होती है और हम हमेशा तरोताजा महसूस करते हैं। पूर्वाभ्यास में योगाचार्य बच्चूलाल तिवारी द्वारा संधि योग, प्राणायाम में भस्त्रिका, कपालभाती, अनुलोम-विलोम, उज्जायी प्राणायाम, भ्रामरी प्राणायाम तथा आसन में ताड़ासन, अर्द्धकटीचक्रासन, त्रिकोणासन वज्रासन, शशकासन, मंडूकासन, भुजंगासन, पवनमुक्तासन आदि का अभ्यास कराया। योग पूर्वाभ्यास में प्रभारी मिथिलेश कुमार खन्ना, आचार्य अमरदीप, चिरंजन लाल खन्ना, दुर्गा प्रसाद, विदेश सिंह, अनिल कुमार त्रिपाठी, शम्मी राज, इन्द्रजीत सिंह, अमरदीप नाथ शाहदेव, सेखर कुमार, सतेन्द्र मिश्रा, दिलीप सिंह, शशि कान्त, अनूप झा, डॉ गायत्री पाठक, ज्योति राजहंस, ललिता गिरी, पूनम सिंह, अमृता चौधरी, गायत्री कुमारी, ममता कुमारी आदि उपस्थित थे।

## 11वें अंतरराष्ट्रीय योग दिवस के लिए प्रखंड प्रशिक्षक नियुक्त

### प्रशासन ने अब तक नही दी है सूचना : योगाचार्य



**बरही।** 11वें अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस को लेकर योगाचार्य अनिल मिश्रा ने योग साधकों संग बैठक की। साथ हीं योग दिवस के अवसर पर अधिकाधिक लोगों को योगाभ्यास करवाने की अपील की। अपने साधकों को उन्होंने बताया कि जिला आयुष पदाधिकारी के निर्देशानुसार उन्हें हजारीबाग में योग करवाने के निर्देश मिले हैं। इस कारण वह प्रखंड में उपस्थित नही हो पाएंगे। हालांकि अब तक प्रखंड प्रशासन की ओर से अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के कार्यक्रमों की जानकारी नहीं दी गई है और न ही कोई आमंत्रण मिला है। बावजूद उन्होंने प्रशासन के निर्देशानुसार अपने योग साधक दीपक सोनी को प्रखंड में योगाभ्यास करवाने की जिम्मेवारी सौंपी है। योगाचार्य श्री मिश्रा ने सबों को 11वें अंतराष्ट्रीय योग दिवस की शुभकामनाएं देते हुए लोगों को योग से नियमित जुड़ने की अपील किया है। उन्होंने कहा कि योग हीं निरोग रहने का रामबाण दवा है। विदित हो कि प्रत्येक वर्ष 21 जून को पूरे विश्व में योग दिवस मनाया जाता है। हमारे देश में राज्य व केंद्र सरकार के सौजन्य से प्रखंड व पंचायत स्तर पर योगाभ्यास की व्यवस्था की जाती है।

**योग कराने हेतु जिला आयुष चिकित्सा पदाधिकारी हजारीबाग के द्वारा चिट्ठी भेजा गया**

11वें अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस को सफल बनाने हेतु जिला सोशल मीडिया प्रभारी योगाचार्य अनिल कुमार मिश्रा ने अब्दुल कलाम पार्क में 11वें अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस को सफल बनाने हेतु अपने साधकों, योग प्रेमी एवं योग शिक्षकों के बीच एक महत्वपूर्ण बैठक किए योगाचार्य अनिल कुमार मिश्रा ने बताया की मुझे 11वें अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस पर योग करवाने करवाने हेतु हजारीबाग जाना पड़ेगा क्योंकि जिला आयुष चिकित्सा पदाधिकारी हजारीबाग के द्वारा उन्हें चिट्ठी मिली है इस कारण बरही में अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के मौके पर आप सभी लोग योग करेंगे और कराने हेतु तैयार रहेंगे क्योंकि आप सभी लोग प्रतिदिन योग हमारी कक्षा में करते हैं आप लोग को योग का महत्व पता है एवं योग की जानकारी भी रखते हैं परंतु जो लोग नए हैं उन्हें आप लोग जागरूक करेंगे और 11 में अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस को बरही प्रखंड में पूरी तरह से सफल बनाएंगे सर्व सहमति से सहयोग शिक्षक दीपक सोनी को बरही ब्लॉक में योग करवाने की जिम्मेदारी सौंपी गई।

### उपायुक्त ने मादक पदार्थों के विरुद्ध विभिन्न विभागों द्वारा क्रियान्वित गतिविधियों का समीक्षा की

# नशीले पदार्थों के अवैध उत्पादन, भंडारण, तस्करी और बिक्री पर कठोर कार्रवाई करें : डीसी

- **अभियान के समाप्ति के पश्चात भी सभी पदाधिकारी समय-समय पर नशा उन्मूलन के प्रति जागरूक करने हेतु आवश्यक गतिविधि करते रहेंगे।**

**नवीन मेल संवाददाता**

**हजारीबाग।** मादक द्रव्य से संबंधित जिला स्तरीय समिति एवं मादक पदार्थों के विरुद्ध जागरूकता अभियान के कार्यान्वियन से संबंधित बैठक का आयोजन उपायुक्त शशि प्रकाश सिंह की अध्यक्षता में शुक्रवार को समाहरणालय सभागार में किया गया। बैठक में उपायुक्त ने मादक पदार्थों के विरुद्ध विभिन्न विभागों द्वारा क्रियान्वित गतिविधियों का समीक्षा की। बैठक में संबंधित विभागों के वरीय पदाधिकारीगण की उपस्थिति में अभियान की प्रगति पर विस्तृत चर्चा की गई। उपायुक्त ने संबंधित पदाधिकारियों को निर्देशित किया कि मादक द्रव्यों के अवैध उत्पादन, भंडारण, तस्करी एवं वितरण की सभी गतिविधियों पर सतत निगरानी रखते हुए कठोर विधि-सम्मत कार्रवाई सुनिश्चित की जाए। संवेदनशील क्षेत्रों में विशेष निगरानी दल गठित करने तथा निरंतर छापामारी अभियान चलाने के निर्देश दिए गए। शिक्षा विभाग को निर्देशित किया गया कि शैक्षणिक संस्थानों में विद्यार्थियों को नशा उन्मूलन के प्रति जागरूक करने हेतु समर्पित कार्यक्रम आयोजित किए जाएं। वाद-विवाद, पोस्टर प्रतियोगिता, निबंध लेखन, संगोष्ठी एवं प्राचार्य स्तरीय मार्गदर्शन सत्रों के माध्यम से विद्यार्थियों में नकारात्मक प्रवृत्तियों से दूर रहने की प्रेरणा प्रदान की जाए। स्वास्थ्य विभाग को निर्देशित किया गया कि नशा पीड़ित व्यक्तियों की पहचान कर समुचित उपचार, परामर्श एवं पुनर्वास सेवाएं मुहैया कराई जाएं। मनोपरामर्श केंद्रों को सुदृढ़ करते हुए आवश्यक विशेषज्ञों की तैनाती एवं सुविधाओं का सशक्तिकरण किया जाए। समाज कल्याण विभाग को निर्देशित किया गया कि समाज के विभिन्न वर्गों, विशेषकर महिला समूहों, युवाओं एवं स्वयंसेवी संस्थाओं को इस अभियान से सक्रिय रूप से जोड़ा जाए। आंगनबाड़ी केंद्रों में नशा मुक्ति से संबंधित गोष्ठी का आयोजन करें। जनसंपर्क विभाग को निर्देशित किया गया कि अभियान के जनसरोकार को दृष्टिगत रखते हुए जागरूकता प्रसार हेतु बहुआयामी माध्यमों का समुचित उपयोग किया जाए। नुक्कड़ नाटक, एलईडी वैन, रैली, पोस्टर-बैनर, ऑडियो-विजुअल प्रचार सामग्री एवं डिजिटल मीडिया के समन्वित माध्यम से जन-जागरूकता सघनता से संचालित की जाए। विश्वविद्यालय, महाविद्यालयों, विभिन्न कोचिंग सेंटर, माइनिंग क्षेत्रों के आसपास नशा मुक्ति से संबंधित पोस्टर-बैनर लगवाना सुनिश्चित करेंगे। उपायुक्त ने कहा कि अभियान के समाप्ति के पश्चात भी सभी पदाधिकारी समय समय पर नशा उन्मूलन के प्रति जागरूक करने हेतु आवश्यक गतिविधि करते रहेंगे। जागरूकता ही नशा मुक्ति का सबसे बड़ा इलाज है। उन्होंने मादक पदार्थों की रोकथाम को अत्यंत गंभीर एवं प्राथमिकता का विषय बताते हुए, सभी संबंधित विभागों को समन्वित एवं सुनियोजित कार्रवाई सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि मादक पदार्थों के दुष्प्रभाव से समाज के युवा वर्ग, शैक्षणिक वातावरण, आर्थिक स्थिति एवं सामाजिक ताने-बाने पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ रहा है, जिसके उन्मूलन हेतु सभी विभागों को सामूहिक उत्तरदायित्व के भाव से कार्य करना अनिवार्य है। बैठक में उपायुक्त के अलावे डीएफओ, डीडीसी, डीएसपी, नगर आयुक्त, अनुमंडल पदाधिकारी सदर एवं बरही, प्रशिक्षु आईएएस, सिविल सर्जन, जिला शिक्षा पदाधिकारी, जिला जनसंपर्क पदाधिकारी, सामाजिक सुरक्षा के सहायक निदेशक, जिला खेल पदाधिकारी सहित संबंधित विभागों के वरीय पदाधिकारीगण उपस्थित रहे।



### जन वितरण प्रणाली की दुकानों की जांच के लिए उड़नदस्ता दल का गठन

**हजारीबाग।** उपायुक्त के निर्देशानुसार जिले में जन वितरण प्रणाली दुकानों में खाद्यान्न, धोती-साड़ी, नमक, चीनी आदि के वितरण में संभावित गड़बड़ियों को ध्यान में रखते हुए उड़नदस्ता दल का गठन किया गया है। जिले के वरीय पदाधिकारी, बीडीओ, अंचल अधिकारी एवं अन्य अधिकारी सम्मिलित होंगे। यह उड़नदस्ता दल नियमित रूप से जन वितरण प्रणाली दुकानों की जांच करेगा। जांच के दौरान दुकानों की स्थिति, ई-पॉश मशीन, वजन मशीन, पंजी संधारण, खाद्यान्न स्टॉक, वितरण प्रक्रिया, सूचना पट्ट एवं फ्लैक्स प्रदर्शन आदि का निरीक्षण किया जाएगा।

## झारखंड विस की सदाचार समिति ने किया रामगढ़ जिले का दौरा

**नवीन मेल संवाददाता**



**रामगढ़।** झारखंड विधानसभा की सदाचार समिति ने शुक्रवार को रामगढ़ जिले का दौरा किया। इस दौरान जिला समाहरणालय सभाकक्ष में झारखंड विधानसभा की सदाचार समिति ने जिला स्तरीय पदाधिकारियों के साथ समीक्षा बैठक की। बैठक की अध्यक्षता समिति के सभापति रामचंद्र सिंह ने की। इस अवसर पर समिति के सदस्य चंद्रदेव महतो उपस्थित थे।
बैठक में मुख्य रूप से अनुकंपा के आधार पर नियुक्ति से संबंधित लंबित मामलों की स्थिति, पेंशन से संबंधित प्रकरणों का निष्पादन, जनहितकारी योजनाओं की प्रगति और उनके लाभार्थियों तक पहुंच आदि विषयों पर समीक्षा की गयी। सभापति ने संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिया कि लंबित मामलों का शीघ्र निष्पादन सुनिश्चित करें तथा सभी विभागों द्वारा अद्यतन प्रतिवेदन शीघ्र उपलब्ध कराया जाए।
बैठक के दौरान रामगढ़ जिला में संचालित प्रमुख विभागीय योजनाओं की गहन समीक्षा की गई। जिसमें पुलिस विभाग, स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण, खाद्य आपूर्ति विभाग, भवन निर्माण एवं पथ निर्माण विभाग, खनन, शहरी एवं ग्रामीण विकास विभाग, समाज कल्याण, कल्याण, कृषि विभाग, शिक्षा विभाग, निबंधन विभाग, जिला योजना आदि शामिल रहा। प्रत्येक विभाग द्वारा अपने-अपने योजनाओं की प्रगति, समस्याएं और समाधानात्मक प्रयासों की जानकारी दी गई। सभापति ने कहा कि सदाचार समिति का उद्देश्य जनहित में पारदर्शी, संवेदनशील और समयबद्ध प्रशासनिक कार्यप्रणाली को बढ़ावा देना है। उन्होंने अधिकारियों से कहा कि जन सामान्य की समस्याओं और कल्याणकारी योजनाओं के क्रियान्वयन में गंभीरता और संवेदनशीलता बरती जाए। बैठक में अपर समाहर्ता, जिला स्तरीय वरीय अधिकारियों, अधिकारियों सहित अन्य उपस्थित थे।

## वरिष्ठ वामपंथी नेता को दी गई नम आंखों से अंतिम विदाई

- **नगवां मुक्तिधाम में अंतिम संस्कार पूर्ण सम्मान के साथ किया गया**
- **कामरेड रामनरेश कुमार ने अपना पूरा जीवन श्रमिक वर्ग के हक-अधिकारों के लिए संघर्ष में बिताया: भुवनेश्वर**

**नवीन मेल संवाददाता**



**हजारीबाग।** कम्युनिस्ट पार्टी (सीपीआई) के वरिष्ठ एवं संघर्षशील नेता कामरेड रामनरेश कुमार का गुरुवार, 19 जून 2025 को शेख भिखारी मेडिकल कॉलेज अस्पताल, हजारीबाग में निधन हो गया। शुक्रवार, 20 जून को उनके पैतृक गांव नगवां पंचायत, हजारीबाग सदर प्रखंड से उनकी अंतिम यात्रा निकाली गई, जिसमें हजारों की संख्या में जनसामान्य, राजनीतिक कार्यकर्ता और शुभचिंतक शामिल हुए। नगवां स्थित मुक्तिधाम में उनका अंतिम संस्कार पूर्ण सम्मान के साथ किया गया। पूर्व सांसद एवं सीपीआई के वरिष्ठ नेता सह झारखंड विस्थापित संघर्ष मोर्चा के अध्यक्ष कामरेड भुवनेश्वर प्रसाद मेहता ने उनके पार्थिव शरीर पर पुष्पांजलि अर्पित कर लाल झंडा ओढ़ाकर श्रद्धांजलि दी तथा परिजनों से मिलकर संवेदना व्यक्त की। अंतिम यात्रा के दौरान उन्होंने अर्थी को कांधा दिया और "कामरेड रामनरेश अमर रहें, लाल सलाम, तुम्हारे अरमानों को मंजिल तक पहुंचाएंगे" जैसे नारों के साथ विदाई दी। कामरेड भुवनेश्वर मेहता ने कहा कि कामरेड रामनरेश कुमार का सम्पूर्ण जीवन मजदूर, गरीब, असंगठित श्रमिकों के अधिकारों की लड़ाई को समर्पित रहा। हजारीबाग में वे रिक्शा चालक, मोटिया मजदूर, नगरपालिका कर्मचारियों के बीच एक सशक्त और विश्वसनीय नेतृत्व के रूप में प्रसिद्ध थे। उनके समर्पण को देखते हुए उन्हें एटक का जिला अध्यक्ष भी बनाया गया था। वे एक जुझारू आंदोलनकारी नेता थे, जिन्होंने अपना पूरा जीवन श्रमिक वर्ग के हक-अधिकारों के लिए संघर्ष में बिताया।

## बरही विधायक सह लोक लेखा समिति के अध्यक्ष ने कोडरमा में किया बैठक



**नवीन मेल संवाददाता**

**बरही।** झारखंड विधानसभा के लोक लेखा समिति के अध्यक्ष सह बरही विधायक मनोज कुमार यादव ने कोडरमा परिसदन में पैक (पब्लिक अकाउंट कमिटी) का बैठक की। बैठक की शुरुआत कोडरमा डीसी आईएएस ऋतुराज व एसपी आईपीएस अनुदीप सिंह ने अध्यक्ष को पौधा व गुलदस्ता देकर की। पैक अध्यक्ष सह विधायक श्री यादव ने कोडरमा जिला में खर्च होने वाली सरकारी राजस्व की जानकारी ली। जिसका जिले के दोनो अधिकारियों ने वर्तमान वित्तीय स्थिति से अवगत कराते हुए राजस्व का विधिसम्मत सकारात्मक उपयोग किए, जाने का आश्वासन दिया। अध्यक्ष ने जिले में होने वाले विभागवार राजस्व खर्च की भी जानकारी लिया और सरकारी राजस्व को गंभीरता पूर्वक जनहीत के कार्यो में सदुपयोग करने की सलाह दिया। अध्यक्ष ने बताया कि यह उनकी औपचारिक बैठक थी।

## मतदान केंद्रों का नजरी नक्शा तैयार करने व जिओ फेंसिंग को लेकर दिया गया प्रशिक्षण



**बरकट्ठा।** प्रखंड मुख्यालय सभागार में गुरुवार को मतदान केन्द्रों का नजरी नक्शा तैयार करने व जिओ फेंसिंग को लेकर प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित की गई। कार्यक्रम में निर्वाचक निबंधन पदाधिकारी -सह- भूमि सुधार उपसमाहर्ता बरही, प्रखंड विकास पदाधिकारी रोशमा डुंगडुंग, सहायक निर्वाचक निबंधन पदाधिकारी-सह- अंचल अधिकारी श्रवण कुमार झा की अध्यक्षता में सभी बीएलओ को सभी मतदान केन्द्रों का नजरीए नक्शा तैयार करने, मैप तैयार करना एवं टर्निंग प्वाइंट के कोर्डिनेट की जांच कर संग्रह करने के साथ साथ जिओ फेंसिंग को लेकर प्रशिक्षण दिया गया। प्रशिक्षण में प्रखंड के सभी बीएलओ, बीएलओ सुपरवाइजर, अंचल अमीन, समेत आदि लोग उपस्थित थे।

### ग्रामीणों ने ट्रेंच काटकर सार्वजनिक मार्ग बाधित करने का लगाया आरोप

## जांचो परांत हीं दोनों पक्ष की सहमति से उचित निर्णय लिया जाएगा : सीओ

**नवीन मेल संवाददाता**



**बरही।** कोयली गांव के दर्जनों लोग अंचल कार्यालय पहुंचकर अंचलाधिकारी अमित किस्कू को सार्वजनिक मार्ग काटकर आवागमन बाधित करने की लिखित शिकायत किया। ग्रामीणों का आरोप था कि जीटी रोड से रसोइया धमना होते हुए कोयली गांव जाने वाले मुख्य मार्ग को गांव के ही हसमत अंसारी और उनके एक सहयोगी ने ट्रेंच काट दिया है। जिससे ग्रामीणों को आने जाने में परेशानी हो रही है। उक्त जमीन से ग्रामीण वर्षो से आने जाने का काम करते रहें हैं। मार्ग बाधित होने से ग्रामीणों में आक्रोश व्याप्त है। मौके पर प्रखंड प्रमुख मनोज रजक, बेंदगी मुखिया सिकंदर राणा भी मौजूद थे। ग्रामीणों की शिकायत पर सीओ स्थल जांच के लिए ट्रेंच स्थल पहुंचे और वस्तुस्थिति से अवगत हुए। उन्होंने बताया कि जांच से पता चला कि विवादित स्थल रैयती है। जो वर्षो से जोत आबाद नहीं किया गया है। जिससे ग्रामीण व अन्य आने जाने का काम किया करते थे, जिस पर रैयत ने ट्रेंच काटने का काम किया है।

## मादक पदार्थों के विरुद्ध सेमिनार का हुआ आयोजन

**हजारीबाग।** मादक पदार्थों के विरुद्ध जागरूकता अभियान के अंतर्गत हजारीबाग स्थित कर्जन स्टेडियम में जिला खेल विभाग द्वारा खिलाड़ियों के बीच विशेष जागरूकता सेमिनार का आयोजन किया गया। इस अवसर पर विभिन्न खेल विधाओं से जुड़े लगभग 80 खिलाड़ियों ने सक्रिय सहभागिता दर्ज कराई। सेमिनार के माध्यम से उपस्थित खिलाड़ियों को मादक पदार्थों के दुष्प्रभाव, स्वास्थ्य पर पड़ने वाले गंभीर प्रभाव तथा खेल जीवन पर इसके प्रतिकूल प्रभावों की विस्तार से जानकारी दी गई। साथ ही, उन्हें नशा से दूर रहने, अपने आस-पास के युवाओं को जागरूक करने एवं समाज में नशा उन्मूलन के संदेश को प्रसारित करने हेतु प्रेरित किया गया। कार्यक्रम में डीएसओ ने कहा कि खिलाड़ी समाज में अनुकरणीय आदर्श होते हैं और उनके माध्यम से नशा विरोधी संदेश को प्रभावी रूप से आमजन तक पहुंचाया जा सकता है।

## धरती आबा जनजातीय ग्राम उत्कर्ष अभियान अंतर्गत जनभागीदारी कार्यक्रम का हुआ आयोजन



**रामगढ़।** 20 जून 2025 को पतरातु प्रखंड के ग्राम पंचायत सांकी के गांव सांकी, अरमादाग, कोड़ी, जुमरा, चिटो में धरती आबा जनजातीय ग्राम उत्कर्ष अभियान अंतर्गत जनभागीदारी कार्यक्रम का आयोजन हुआ। इस आयोजन में प्रखंड अंचल अंतर्गत विभिन्न विभागों के द्वारा उपस्थित ग्रामीणों के बीच उनकी समस्याओं का समाधान किया गया। साथ ही विभिन्न योजनाओं की जानकारी दी गई एवं उनका लाभ लेने की अपील की गई। इस कार्यक्रम में प्रखंड कल्याण पदाधिकारी, प्रखंड कृषि पदाधिकारी, सहायक तकनीकी प्रबंधक आत्मा, आकांक्षी प्रखंड फेलो, महिला प्रवेक्षिका, सीएचओ, सामाजिक सुरक्षा, मुखिया, पंचायत सचिव, पंचायत समिति सदस्य, वार्ड सदस्य एवं अन्य ग्रामीण उपस्थित हुए। इस कार्यक्रम में कृषि से केसीसी 04, पीएम किसान से 06 आवेदन, पेंशन से संबंधित 4 आवेदन, राशन कार्ड से 03 आवेदन, मनरेगा से 05 आवेदन, पीएम मातृत्व वंदना से 06 आवेदन, आवास से संबंधित 08 आवेदन प्राप्त हुए।

## फायरिंग व गाली-गलौज को लेकर तीन लोगों पर दर्ज हुई प्राथमिकी

**बरही।** बीते बुधवार की रात्रि में पड़रिया गांव के ठाकुर टोला में हुए फायरिंग व गाली-गलौज को लेकर पुलिस ने तीन लोगों के विरुद्ध प्राथमिकी दर्ज किया है। फायरिंग के मामले में सूचक सूरज शर्मा पिता राजू शर्मा ने लिखित आवेदन दिया था। जिसमे बीते बुधवार की रात्रि करीब 9 बजे सूचक के गांव के निरंजन पासवान पिता स्व. सुमेर पासवान, मूरत पासवान पिता लालधारी पासवान और ब्रह्मदेव पासवान पिता अमृत पासवान ने गाली-गलौज करते हुए घर में जबरन घुस गए। विरोध करने पर निरंजन पासवान ने अपनी कमर से बंदूक निकालकर फायरिंग कर दी। जिसकी आवाज सुनकर मुहल्ले के लोग जमा हो गए। सूचक ने यह भी आरोप लगाया कि उन तीनों ने सिर्फ उन्हें ही नही बल्कि पूरे ठाकुर समाज के लोग को गाली गलौज और धमकी दे रहे थे। मामले को गंभीरता से लेते हुए पुलिस ने सूचक आवेदन के आधार पर कांड संख्या 227/25 दर्ज कर छानबीन में जुट गई है। आरोपियों की गिरफ्तारी के प्रयास जारी हैं।

**पानी-ही-पानी**

### कहीं नाली का पानी से तो कही कीचड़ मय हुआ मार्ग

# लगातार हो रहे बारिश से जन जीवन अस्त-व्यस्त

**नवीन मेल संवाददाता**





**बरही।** लगातार हो रहे बारिश से पूरा जन जीवन अस्त व्यस्त हो गया है। कहीं मार्ग कीचड़ से भर गए, तो कहीं नालियों के पानी सड़कों पर आने से आमजनों को परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। आक्रोशित लोग स्थानीय प्रशासन व जनप्रतिनिधि को कोस रहे हैं। ऐसे ही कुछ तस्वीरें जो आगामी बरसात में और भी गंभीर स्थिति होने का संकेत दे रहे है।
**गड़लाही मोड़ :** जीटी रोड स्थित गड़लाही मोड़ से रालो, लठिया, धनवार, करियातपुर आदि को ओर जाने वाली सड़क की स्थिति बदतर है। बारिश की पहली ही पानी से पूरा मार्ग कीचड़मय हो गया है। जिससे आने जानेवाले को परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। कई लोग कीचड़ के कारण गिरने से घायल भी हो गए हैं। स्थानीय लोगो ने इस अतिशीघ्र मरम्मती की मांग किया है।

**ओल्ड जीटी रोड**

गया रोड स्थित ओल्ड जीटी रोड की स्थिति बदतर हो चुकी है। सड़कों पर गहरे गड्ढे उभर गए हैं, जो बरसात में पानी से भर जाते हैं। इससे वाहन चालकों को गड्ढे का अंदाजा नहीं होता है और दुर्घटना के शिकार हो जाते हैं। इस दिशा में शीघ्र ठोस कदम उठाने की आवश्यकता है।

**डपोक-खुर्द ज्वार की सड़के**
डपोक खुर्दज्वार के हरिजन मुहल्ला की सड़के बिल्कुल बदतर हो चुकी है। हल्की बारिस में भी सड़क पर पानी भर जाते हैं। जिससे आने जाने में लोगों को परेशानियों का सामना करना पड़ता है। स्थानीय लोगो ने बताया कि अभी पूरा बरसात बाकी है। यदि मरम्मती या पुनर्निर्माण नही हुआ तो नारकीय स्थिती झेलना पड़ेगा। इस बदतर स्थिति के लिए स्थानीय जनप्रतिनिधियों के प्रति लोगों में आक्रोश है।
**अग्रवाल गली :** न्यु कॉलोनी और लोहार टोली से हजारीबाग रोड की ओर जाने के लिए ज्यादा तर लोग अग्रवाल गली का ही सहारा लेते है।
परंतु वर्षा के कारण स्थिति गंभीर हो जाते है। मार्ग में जल जमाव और नालियों के पानी आने से लोगो का आना जाना दुर्लभ हो जाता है। स्थानीय लोगों की माने तो इसकी मरम्मती के लिए कई बार आश्वासन दिया गया परंतु अब तक कोई सार्थक कदम नहीं उठाए गए हैं। इनलोगो ने यह भी बताया कि मस्जिद मार्ग से सूर्य मंदिर जाने वाले मार्ग में भी नाली जाम होने के कारण सभी गंदे पानी सड़क पर बहते है।

## हजारों कार्यकर्ता बलिदान दिवस में होंगे शामिल : मनोज कुमार महतो

**रामगढ़।** आजसू पार्टी रामगढ़ नगर परिषद कमिटी द्वारा होटल हॉलिडे में शुक्रवार को आगामी 22 जून को रांची खेलगांव में होने वाले पार्टी के स्थापना दिवस सह बलिदान दिवस की तैयारी को लेकर बैठक किया गया। बैठक की अध्यक्षता कर रहे आजसू पार्टी केंद्रीय सचिव मनोज कुमार महतो ने बताया कि पार्टी द्वारा आयोजित कार्यक्रम में नगर परिषद क्षेत्र से हजारों कार्यकर्ता 22 जून को रांची के लिए रवाना होकर कार्यक्रम के साक्षी बनेंगे। उन्होंने बताया कि कार्यक्रम में रामगढ़ जिला के सभी प्रखंडों एवं पंचायतों से कार्यकर्ता बड़ी संख्या में शामिल होंगे। कहा कि कार्यक्रम के दौरान बलिदान दिवस पर सभी कार्यकर्ता राज्य के नवनिर्माण के लिए संकल्प लेंगे। श्री महतो ने कहा कि स्थापना दिवस सह बलिदान दिवस के दौरान पार्टी के राज्य के गठन के बाद अबतक की उपलब्धियों पर चर्चा करेंगे और राज्य के समुचित विकास के लिए संकल्प लेंगे।

# मूसलधार बारिश से ठेठईटांगर में जनजीवन प्रभावित

नवीन मेल संवाददाता

ठेठईटांगर। बीते 48 घंटों से लगातार हो रही मूसलधार बारिश ने ठेठईटांगर प्रखंड मुख्यालय सहित आसपास के गांवों में जनजीवन को पूरी तरह से प्रभावित कर दिया है। बारिश के चलते खेत-खलिहान जलमग्न हो गए हैं, जबकि ग्रामीण क्षेत्रों की कच्ची सड़कें कीचड़ में तब्दील हो गई हैं। स्थिति ऐसी हो गई है कि लोग घरों में दुबककर रहने को मजबूर हो गए हैं।लगातार वर्षा के कारण कई पंचायत क्षेत्रों में विद्युत आपूर्ति बाधित हो गई है। हालांकि तापमान में भारी गिरावट से लोगों को गर्मी से कुछ राहत अवश्य मिली है।शुक्रवार की सुबह से ही ठेठईटांगर बोलबा मार्ग में बहने वाली छिंदा नदी का जलस्तर काफी बढ़ गया था, जिससे नदी का पानी सड़क के ऊपर बहने लगा ।बोलबा-ठेठईटांगर मुख्य मार्ग पर पानी का बहाव इतना तेज था कि सुबह 6 बजे से दोपहर 3 बजे तक करीब 9 घंटे तक आवागमन पूरी तरह बाधित रहा।दोपहर बाद जब जलस्तर में कमी आई, तब जाकर ग्रामीणों, यात्रियों एवं छोटी-बड़ी गाड़ियों का आवागमन धीरे-धीरे शुरू हो पाया।छिंदा नदी के पास स्थिति की गंभीरता को देखते हुए अंचलाधिकारी कमलेश उरांव, थाना प्रभारी रमेश कुमार झा एवं सहायक अवर निरीक्षक राजेश कुमार शर्मा मौके पर पहुंचे। उन्होंने दोनों छोर पर सुरक्षा की दृष्टि से आवागमन रोकते हुए लोगों को सतर्क किया। अंचलाधिकारी स्वयं मौके पर मौजूद रहकर स्थिति की निगरानी करते रहे और आने-जाने वालों से अत्यंत सावधानी बरतने की अपील की।प्रशासन द्वारा चेतावनी जारी करते हुए कहा गया है कि जब तक बारिश की तीव्रता कम नहीं होती और जलस्तर सामान्य नहीं हो जाता, तब तक अनावश्यक आवागमन से बचें।स्थानीय लोग प्रशासन की तत्परता की सराहना कर रहे हैं, वहीं दूसरी ओर उम्मीद जता रहे हैं कि शीघ्र ही मौसम सामान्य हो और जनजीवन पूर्ववत हो सके।



छिंदा नदी के जलस्तर में वृद्धि से 9 घंटे रहा आवागमन ठप

# अंतरराष्ट्रीय योग दिवस के मौके पर सिमडेगा नगर भवन में योग शिविर आज

नवीन मेल संवाददाता

सिमडेगा। जिला आयुष चिकित्सा पदाधिकारी, सिमडेगा ने बताया कि आज 21 जून 2025 को अंतरराष्ट्रीय योग दिवस का आयोजन नगर भवन, सिमडेगा में किया जाएगा। पहले इसका आयोजन हॉकी स्टेडियम में प्रस्तावित था, लेकिन मौसम की स्थिति को ध्यान में रखते हुए इसे नगर भवन में स्थानांतरित कर दिया गया है। उन्होंने सभी जिलेवासियों से समय पर उपस्थित होकर योग दिवस में भाग लेने और योग को अपने जीवन का हिस्सा बनाने की अपील की। कार्यक्रम सुबह 6:30 बजे से प्रारंभ की जाएगी। योग दिवस का उद्देश्य लोगों में स्वास्थ्य के प्रति जागरूकता बढ़ाना और योग के लाभों को जन-जन तक पहुंचाना है।




## सिमडेगा में शिक्षा योजनाओं की समीक्षा बैठक

# दिव्यांग बच्चों की सूची तैयार कर शिविर लगाकर बनाएं दिव्यांग प्रमाण पत्र : उपायुक्त

नवीन मेल संवाददाता



सिमडेगा। उपायुक्त कंचन सिंह की अध्यक्षता में शुक्रवार को शिक्षा विभाग के अंतर्गत संचालित विभिन्न योजनाओं की समीक्षात्मक बैठक आयोजित की गई। बैठक में प्रधानमंत्री पोषण शक्ति निर्माण योजना, पुस्तक वितरण, ड्रेस वितरण, स्वास्थ्य जांच, मुख्यमंत्री उत्कृष्ट विद्यालय एवं कस्तूरबा गांधी बालिका आवासीय विद्यालय में नामांकन की स्थिति, साइकिल वितरण, खेल एवं शारीरिक शिक्षा, रूआर कार्यक्रम, ट्रांजैक्शन रेट (10वीं से 11वीं) तथा झारखंड बालिका आवासीय विद्यालय से संबंधित बिंदुओं की गहन समीक्षा की गई।उपायुक्त ने प्रधानमंत्री पोषण शक्ति निर्माण योजना के अंतर्गत जिले के 961 विद्यालयों में संचालित मध्याह्न भोजन की समीक्षा करते हुए नामांकित छात्रों के अनुपात में आच्छादन की स्थिति पर विशेष ध्यान देने का निर्देश दिया। उन्होंने वित्तीय वर्ष 2025-26 के लिए प्रखंडवार नामांकन एवं आच्छादन की अद्यतन जानकारी सुनिश्चित करने को कहा। बच्चों के स्वास्थ्य जांच कार्यक्रम की भी समीक्षा करते हुए स्वास्थ्य जांच की नियमितता और गुणवत्ता सुनिश्चित करने के निर्देश दिये।बैठक में विद्यालयों में नामांकित दिव्यांग बच्चों की सूची उपलब्ध कराने का निर्देश दिया गया, साथ ही जिन बच्चों का दिव्यांग प्रमाण पत्र अब तक नहीं बना है, उनकी जानकारी उपलब्ध कराने को कहा गया। उपायुक्त ने दिव्यांग प्रमाण पत्र निर्गत करने हेतु प्रखंड स्तर पर विशेष शिविर आयोजित करने के निर्देश दिये एवं इसकी तिथि निर्धारित कर व्यापक प्रचार-प्रसार करने पर बल दिया।रूआर कार्यक्रम के अंतर्गत आउट ऑफ स्कूल बच्चों का शत-प्रतिशत नामांकन सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गये। उपायुक्त ने स्पष्ट किया कि सभी बच्चों को विद्यालय से जोड़ने के लिए विशेष प्रयास किये जाएं। ट्रांजैक्शन रेट (10वीं से 11वीं कक्षा में प्रवेश) की समीक्षा करते हुए उन्होंने कहा कि जिले में मैट्रिक पास करने वाले सभी बच्चों की मॉनिटरिंग करें, यह सुनिश्चित करें कि कोई भी बच्चा आगे की पढ़ाई से वंचित न रहे। जो बच्चे 11वीं में नामांकन नहीं ले रहे हैं, उनकी जानकारी संग्रह कर कारणों का विश्लेषण करें।बोर्ड परीक्षा के परिणाम की भी समीक्षा की गई। उपायुक्त ने निर्देश दिया कि जिन विषयों में छात्र असफल हुए हैं, उनकी सूची तैयार कर उन विषयों में विशेष कक्षाएं संचालित की जाएं ताकि अगली बार बेहतर परिणाम प्राप्त हो सके। नेताजी सुभाष चंद्र बोस आवासीय विद्यालय में नामांकन, संचालन एवं रिक्त पदों पर नियुक्ति की स्थिति की भी समीक्षा की गई। बैठक में सभी संबंधित पदाधिकारियों को योजनाओं के प्रभावी क्रियान्वयन हेतु आवश्यक दिशा-निर्देश प्रदान किये गये।बैठक में सिविल सर्जन डॉ रामदेव पासवान, जिला शिक्षा पदाधिकारी मिथलेश केरकेट्टा, जिला शिक्षा अधीक्षक दीपक राम सहित प्रखंड शिक्षा प्रसार पदाधिकारी, बीपीओ एवं एईई जेईई उपस्थित थे।

## डीसी ने नीति आयोग के इंडिकेटरों की समीक्षा की

सिमडेगा। उपायुक्त कंचन सिंह की अध्यक्षता में नीति आयोग के तहत संचालित विभिन्न इंडिकेटरों की समीक्षा बैठक आयोजित की गई। बैठक में जिले के आकांक्षी जिला एवं आकांक्षी प्रखंड बासजोर के अंतर्गत चल रहे विभिन्न विकास कार्यों की गहन समीक्षा की गई।बांसजोर प्रखंड के आकांक्षी प्रखंड फेलो ने मई 2025 तक की प्रगति रिपोर्ट प्रस्तुत की। उन्होंने बताया कि दिसंबर 2024 की राष्ट्रीय रैंकिंग में बांसजोर प्रखंड ने देशभर के 500 आकांक्षी प्रखंडों में 65वां स्थान प्राप्त किया है। साथ ही उन्होंने आशा व्यक्त की कि मार्च और जून 2025 की डेल्टा रैंकिंग में प्रखंड और भी बेहतर प्रदर्शन करेगा। हालांकि, डेल्टा रैंकिंग अभी नीति आयोग द्वारा जारी नहीं की गई है।बैठक में पिरामल फाउंडेशन की ओर से मई माह की प्रगति रिपोर्ट प्रस्तुत की गई। उपायुक्त ने बैठक में स्वास्थ्य विभाग को बांसजोर प्रखंड में NQAS प्रमाणन प्राप्त करने पर विशेष ध्यान देने के निर्देश दिए। इसके साथ ही गर्भवती महिलाओं के प्रथम त्रैमासिक पंजीकरण की दर में सुधार के लिए ठोस और प्रभावी कार्रवाई सुनिश्चित करने को कहा।शिक्षा विभाग को सभी विद्यालयों में ऐसेर मूल्यांकन पद्धति अपनाकर विद्यार्थियों की बुनियादी साक्षरता और गणितीय क्षमता में सुधार करने के निर्देश दिए गए। उपायुक्त ने विशेष रूप से बंसीजोर प्रखंड में शिक्षा, स्वास्थ्य, कृषि और अन्य क्षेत्रों में ठोस सुधार लाने हेतु सभी विभागों को आपसी समन्वय के साथ कार्य करने को कहा।बैठक में जिला योजना पदाधिकारी, जिला कृषि पदाधिकारी, समाज कल्याण पदाधिकारी, जिला पशुपालन पदाधिकारी, सिविल सर्जन, डीपीएम-जेएसएलपीएस, जिला पेयजल एवं स्वच्छता पदाधिकारी, जिला शिक्षा पदाधिकारी, प्रखंड विकास पदाधिकारी बंसीजोर,फेलो, पिरामल फाउंडेशन के प्रतिनिधि सहित अन्य अधिकारी उपस्थित थे।

## नए उप विकास आयुक्त ने कहा समावेशी विकास पर रहेगा जोर



सिमडेगा। सिमडेगा जिला के नवपदस्थापित उप विकास आयुक्त दीपांकर चौधरी (भा.प्र.से.) ने शुक्रवार को औपचारिक रूप से पदभार ग्रहण किया। जिला समाहरणालय स्थित कार्यालय में निवर्तमान उप विकास आयुक्त संदीप कुमार दोराईबुरु ने उन्हें विधिवत प्रभार सौंपा। इस अवसर पर ग्रामीण विकास शाखा के कई अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित थे।पदभार ग्रहण करने के पश्चात दीपांकर चौधरी ने कहा कि जिले में ग्रामीण विकास से जुड़ी सभी योजनाओं को प्राथमिकता दी जाएगी और समयबद्ध रूप से क्रियान्वयन सुनिश्चित किया जाएगा। उन्होंने समावेशी विकास, पारदर्शिता और जनहित को प्राथमिक लक्ष्य बताते हुए कहा कि आमजन की भागीदारी से ही विकास को गति दी जा सकती है।वहीं निवर्तमान उप विकास आयुक्त संदीप कुमार दोराईबुरु ने सभी अधिकारियों एवं कर्मियों को सहयोग के लिए धन्यवाद दिया और आशा व्यक्त की कि नये उप विकास आयुक्त के नेतृत्व में जिले का विकास कार्य और भी सुदृढ़ रूप से आगे बढ़ेगा।

# बच्चों को नशे से बचाने को लेकर समाहरणालय में आयोजित हुई जिला स्तरीय बैठक

- सभी विद्यालयों में चलाया जाएगा जागरूकता अभियान, मदिरा दुकानों पर निगरानी कैमरा लगाने का निर्देश

सिमडेगा। जिला समाहरणालय के सभागार में उपायुक्त कंचन सिंह की अध्यक्षता में बच्चों में नशीले पदार्थों के सेवन और उनकी अवैध तस्करी की रोकथाम को लेकर एक महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई। यह बैठक राष्ट्रीय बाल अधिकार संरक्षण आयोग (एनसीपीसीआर) के संयुक्त कार्य योजना के अंतर्गत आयोजित की गई थी।बैठक में उपायुक्त ने अद्यतन प्रतिवेदन की समीक्षा करते हुए जिला शिक्षा पदाधिकारी एवं जिला शिक्षा अधीक्षक को निर्देश दिया कि जिले के सभी सरकारी एवं निजी विद्यालयों में नशे के दुष्प्रभावों के प्रति व्यापक जन-जागरूकता अभियान चलाया जाए। साथ ही, विद्यालयों में गठित प्रहरी क्लब के विद्यार्थियों को नशा के नुकसान के प्रति विशेष प्रशिक्षण देने का निर्देश दिया गया।मद्य निषेध अधीक्षक को निर्देशित किया गया कि जिले में संचालित सभी मदिरा दुकानों में निगरानी कैमरा लगाना अनिवार्य किया जाए। साथ ही यह सुनिश्चित किया जाए कि कोई भी मदिरा दुकान धूम्रपान निषेध कानून का उल्लंघन करते हुए विद्यालय के समीप न संचालित हो। यदि ऐसी दुकानें पाई जाती हैं तो उन्हें चिन्हित कर आवश्यक कार्रवाई की जाए।उपायुक्त ने सिविल शल्य चिकित्सक-सह- मुख्य चिकित्सा पदाधिकारी से जिले में नशे की लत से पीड़ित बच्चों एवं वयस्कों की वर्तमान स्थिति और उनके उपचार की उपलब्ध चिकित्सा सुविधाओं की जानकारी ली। साथ ही, राष्ट्रीय बाल अधिकार संरक्षण आयोग के निर्देशों के अनुरूप जिले में नशा मुक्ति केंद्र स्थापित करने का आदेश दिया।जिला समाज कल्याण पदाधिकारी और जिला बाल संरक्षण पदाधिकारी को निर्देश दिया गया कि नशा मुक्त भारत अभियान को संयुक्त कार्य योजना से समन्वित करते हुए जागरूकता कार्यक्रम तथा प्रचार-प्रसार को ग्राम स्तर तक पहुँचाया जाए।उपायुक्त सिंह ने कहा कि बच्चों के उज्ज्वल भविष्य के लिए विद्यालय, समाज और प्रशासन को मिलकर एकजुट प्रयास करने की आवश्यकता है।इस बैठक में अपर समाहर्ता ज्ञानेंद्र, सिविल शल्य चिकित्सक डॉ. रामदेव पासवान, पुलिस उपाधीक्षक, जिला शिक्षा पदाधिकारी, जिला शिक्षा अधीक्षक, जिला समाज कल्याण पदाधिकारी, मद्य निषेध अधीक्षक, जिला औषधि निरीक्षक, जिला बाल संरक्षण पदाधिकारी सहित अन्य अधिकारी उपस्थित थे।

# सिमडेगा में प्रौढ़ शिक्षा की मिसाल, ग्रामीण महिलाओं ने रचा इतिहास

नवीन मेल संवाददाता

सिमडेगा। जिले में प्रौढ़ शिक्षा की दिशा में एक प्रेरणादायी पहल ने इस बार ऐतिहासिक सफलता हासिल की है। शिक्षक राज आनंद सिन्हा द्वारा संचालित प्रौढ़ शिक्षा केंद्र ने न सिर्फ ग्रामीण क्षेत्र की महिलाओं को शिक्षित करने का कार्य किया, बल्कि उन्हें राष्ट्रीय मुक्त विद्यालयी शिक्षा संस्थान के माध्यम से डिग्री दिलाने में भी बड़ी भूमिका निभाई।इस शिक्षा केंद्र में सहिया साथी, आंगनबाड़ी सेविका जैसी महिलाएं नियमित रूप से नामांकन लेकर अध्ययन करती हैं। इस बार के परिणामों ने सभी को गौरवान्वित किया है। कुल 80 से अधिक विद्यार्थियों ने इस बार मैट्रिक एवं इंटरमीडिएट की परीक्षा दी, जिसमें परिणाम शत-प्रतिशत रहा। यह सफलता ग्रामीण परिवेश की महिलाओं की लगन और शिक्षक राज आनंद सिन्हा के समर्पण का प्रतिफल है।उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले विद्यार्थियों में रैना केरकेट्टा, मेर्खा केरकेट्टा, कालमैत कुमारी, सुमित्रा कुमारी, अलका मिश्र, अलका किंडो, गुलनाज खातून, संजना कुमारी, नंदिनी कुमारी और श्रुति सरन जैसे नाम प्रमुख हैं। इन विद्यार्थियों ने शिक्षा की ओर समाज में एक नई जागरूकता का संचार किया है।शिक्षक राज आनंद सिन्हा की यह पहल न केवल सिमडेगा बल्कि पूरे झारखंड के लिए एक उदाहरण बन रही है।



## हत्या के आरोपी को आजीवन कारावास व 20,000 जुर्माने की सजा

सिमडेगा। हत्या के एक पाँच वर्ष पुराने मामले में सिमडेगा जिला न्यायालय ने बड़ा फैसला सुनाते हुए शुक्रवार को एक आरोपी को आजीवन कारावास की सजा सुनाई है। यह सजा अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश, सिमडेगा के न्यायालय द्वारा 20 जून 2025 को सुनाई गई।मामला सिमडेगा थाना कांड संख्या 82/19 से जुड़ा है, जो 18 जुलाई 2019 को दर्ज किया गया था। आरोपी रवि तिग्गा, पिता इस्दोर तिग्गा, ग्राम सेवई भंडारटोली, थाना सिमडेगा, जिला सिमडेगा को भारतीय दंड संहिता की धारा 302 एवं डायन प्रथा निवारण अधिनियम 1999 की धारा 3/4 के तहत दोषी पाया गया।पुलिस की वैज्ञानिक जांच, समयबद्ध कार्रवाई और सशक्त अभियोजन के चलते सभी गवाहों को समय पर न्यायालय में प्रस्तुत किया गया। परिणामस्वरूप आरोपी को आजीवन कारावास तथा 20,000 रुपए अर्थदंड की सजा सुनाई गई। अभियोजन की ओर से सहायक लोक अभियोजक निशी कच्छप ने पैरवी की, जबकि अनुसंधानकर्ता पुलिस अवर निरीक्षक बालमुकुंद रहे।इस फैसले को न्यायिक प्रणाली की एक बड़ी सफलता माना जा रहा है।

**अभियान** कुरडेग प्रखंड में धरती आबा जनजाति ग्राम उत्कर्ष योजना के तहत लगा शिविर

# थ्री व्हीलर वितरण के साथ शिविर का समापन

- जनजातीय और अन्य समुदायों को सरकारी योजनाओं से जोड़कर जीवन स्तर में सुधार

नवीन मेल संवाददाता



कुरडेग। प्रखंड कार्यालय परिसर में धरती आबा जनजातीय ग्राम उत्कर्ष अभियान के तहत शिविर का आयोजन किया गया। शिविर का उद्घाटन प्रखंड विकास पदाधिकारी नैमन कुजूर,अंचल अधिकारी किरण डांग,जिप उपाध्यक्ष सोनी पैंकरा,जिला बीससूत्री उपाध्यक्ष मनोज जायसवाल, सांसद प्रतिनिधि देवनीस खलखो, विधायक प्रतिनिधि दीपक जायसवाल के द्वारा दीप प्रज्वलित कर किया गया।इस मौके पर बीडीओ ने कहा कि इस कार्यक्रम का उद्देश्य आदिवासी समुदाय को और अन्य लोगों को भी सरकारी योजनाओं से जोड़ना और उनके जीवन स्तर में सुधार लाना है. जनजातीय समुदाय से अपील की कि इस अभियान के तहत सरकार द्वारा चलायी जा रही विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ उठायें।. उन्होंने कहा कि आधार कार्ड, प्रमाण पत्र, राशन कार्ड, पोषण अभियान, स्वास्थ्य सेवाएं, आयुष्मान कार्ड, प्रधानमंत्री मातृत्व वंदन योजना, मिशन इंद्रधनुष व मनरेगा आदि मुख्य लक्षित योजनाएं हैं, इनका भरपूर लाभ अवश्य उठायें उन्होंने कहा कि कुरडेग प्रखंड के आदिम जनजाति इलाके में इन योजनाओं का लाभ कोरवा समुदाय को विशेष रूप से दिया जाएगा. इन इलाकों में पीएम जनमन योजना पूर्व से संचालित है। केंद्र सरकार द्वारा संचालित योजनाओं का लाभ जनजातीय बहुल इलाका और आदिम जनजाति इलाकों में बेहतर तरीके से संचालित किया जाएगा। मौके पर भारी संख्या में लोग सरकार द्वारा लगाए गए विभिन्न स्टालों पर जा कर योजनाओं की जानकारी ले रहे थे एवं योग्य अनुसार इसका लाभ भी ले रहे थे। इस दौरान चार दिव्यांगों के बीच थ्री व्हीलर का वितरण अतिथियों के द्वारा किया गया। कार्यक्रम में प्रखंड के आठों पंचायत के मुखिया एवं प्रखंड के कर्मी मौजूद थे।

# न्यूज बॉक्स

## छात्र संघ ने शिक्षा मंत्री से की जनजातीय भाषाओं के संरक्षण की मांग

सिमडेगा। आदिवासी छात्र संघ के केंद्रीय अध्यक्ष सुशील उरांव के नेतृत्व में एक प्रतिनिधिमंडल ने शुक्रवार को माननीय शिक्षा मंत्री रामदास सोरेन से भेंट की और जनजातीय मातृभाषाओं में शिक्षकों की नियुक्ति की माँग रखी प्रतिनिधिमंडल में सिमडेगा जिले से जिलाध्यक्ष रोशन डंगडुंग, मीडिया प्रभारी ब्रीसियूस सोरेंग, उपाध्यक्ष किरण कुल्लू, अनुपमा बिलुंग, सुनीता केरकेट्टा, रेडलिन केरकेट्टा, उपकोषाध्यक्ष सनी सोरेंग प्रमुख रूप से शामिल रहे।प्रतिनिधियों ने बताया कि झारखंड के पाँचवीं अनुसूचित क्षेत्रों में खड़िया, कुड़ुख, मुंडारी, संताली और हो जैसी भाषाएँ बोली जाती हैं, लेकिन हालिया नियुक्तियों में खड़िया भाषा के लिए एक भी शिक्षक नहीं रखा गया, जो खेदजनक है।छात्र संघ ने मांग की कि खड़िया सहित सभी जनजातीय भाषाओं में प्लस टू विद्यालयों में शिक्षकों की नियुक्ति हो, मातृभाषा में पढ़ाई सुनिश्चित की जाए और जनजातीय भाषाओं को बढ़ावा देने हेतु पाठ्यक्रम, पुस्तकों व प्रशिक्षण की व्यवस्था की जाए।शिक्षा मंत्री ने सभी मांगों को वाजिब बताया और कहा कि खड़िया भाषा को शीघ्र शामिल कर संशोधन किया जाएगा।

## सिमडेगा चैंबर ऑफ कॉमर्स चुनाव 'टीम मोती' के 21 सदस्यों ने भरा नामांकन

सिमडेगा। सिमडेगा चैंबर ऑफ कॉमर्स के आगामी चुनाव को लेकर शुक्रवार को नामांकन प्रक्रिया के तहत टीम मोती के सभी 21 सदस्यों ने एक साथ चुनाव प्रभारी भरत भूषण सारंगी के समक्ष नामांकन पत्र दाखिल किया।टीम का नेतृत्व कर रहे मोतीलाल अग्रवाल ने कहा कि यह टीम व्यापारियों की एकजुटता और उनके समस्याओं के समाधान के लिए समर्पित है। उन्होंने कहा, व्यापारियों की हो कोई समस्या तो चिंता नहीं, मोती है ना इस नारे के साथ टीम ने अपना संकल्प दोहराया।नामांकन भरने वालों में मोतीलाल अग्रवाल, सुभाष चौधरी (पप्पू), ओम प्रकाश साहू, मिथिलेश प्रसाद, अभय शरण विश्वकर्मा, मुकेश गोयल, राजेश केसरी, योगेंद्र रोहिल्ला, सुधीर जैन, उमेश प्रसाद, अमित कुमार, नवीन सिंह, अशोक जायसवाल, लखन गुप्ता, अमित जैन, आलोक सिंह, कैलाश अग्रवाल, संजय अग्रवाल, प्रभात कुलुकेरिया और दीपक रिंकू शामिल हैं।टीम ने कहा कि वे व्यापारियों की हर समस्या को संगठित तरीके से उठाएंगे और समाधान सुनिश्चित करेंगे।

## बानो प्रखंड में जंगली हाथी का कहर जारी दो घरों को पहुंचाया भारी नुकसान



बानो। प्रखंड क्षेत्र में जंगली हाथियों का आतंक थमने का नाम नहीं ले रहा है। लगातार हो रही बारिश से जहां एक ओर ग्रामीण अपने घरों को सुरक्षित रखने में जुटे हैं, वहीं दूसरी ओर जंगली हाथियों का अचानक हमला उनकी मुसीबतें और बढ़ा रहा है।गुरुवार की रात करीब तीन बजे बांकी पंचायत के ग्राम रामजोल अंतर्गत डोलडाडी टोला में एक जंगली हाथी ने दस्तक दी। ग्रामीण गहरी नींद में थे, तभी घर तोड़ने की तेज आवाज सुनकर हड़कंप मच गया। लोग किसी तरह एक-दूसरे को जगाकर जान बचाने में सफल रहे।हाथी ने पहले डोमन सिंह के घर को नुकसान पहुंचाया, फिर जेठू सिंह के घर में घुसकर अनाज खाया और घर में रखे अन्य सामानों को बर्बाद कर दिया।सूचना मिलते ही ग्रामीणों ने आग जलाकर, टिन पीटकर और मशाल दिखाकर हाथी को गांव से बाहर खदेड़ा ग्रामीणों ने बताया कि लगातार बारिश के बीच वे पहले ही अपने घरों की मरम्मत में लगे हुए हैं, ऊपर से जंगली हाथियों का हमला उनकी मेहनत पर पानी फेर रहा है। वर्षों की मेहनत से बनाया गया घर मिनटों में उजड़ गया।घटना की सूचना मिलने पर वनपाल मनीष डुंगडुंग एवं सुरेश टेटे पीड़ित परिवारों से मिले और क्षति का आकलन कर मुआवजे की प्रक्रिया शुरू कर दी गई है।ग्रामीणों ने प्रशासन से मांग की है कि हाथियों से सुरक्षा को लेकर ठोस कदम उठाए जाएं, ताकि भविष्य में ऐसी घटनाओं की पुनरावृत्ति न हो।

## पुल निर्माण में देरी से ग्रामीण परेशान डायवर्सन बहने से आवागमन बाधित

कोलेबिरा। कोलेबिरा से मनोहरपुर तक सड़क चौड़ीकरण निर्माण कार्य किया जा रहा है जिसमें जगह-जगह पुल का निर्माण किया जा रहा है लेकिन समय रहते पुल का निर्माण कार्य पूर्ण नहीं होने से लोगों की मुसीबतें बढ़ गई है।पुल का निर्माण के लिए डायवर्सन का निर्माण किया गया है लेकिन पहले ही बरसात में कई स्थानों का डायवर्सन बह गया।बेड़ाहोंजोर में पुल का निर्माण किया जा रहा है यहां डायवर्सन बनाया गया था जो 15 दिन पहले बह गया था।इस दौरान 5-6 घंटे तक बानो मनोहरपुर सड़क पर अब आगमन बाधित हो गया था।इधर दो दिनों से लगातार बारिश होने से कोलेबिरा मनोहरपुर सड़क पर कई डायवर्सन की स्थिति खराब हो गई है।समय रहते पुल निर्माण कार्य पूर्ण नहीं हुआ तो आने वाले समय में ग्रामीणों की परेशानी और बढ़ सकती है।कोलेबिरा से बानो तक कई जगह सड़क निर्माण कार्य अभी भी अधूरा है इससे भी लोगों को काफी परेशानी होती है।शुक्रवार को भी यही हाल रहा।उक्त सड़क पर दो डायवर्सन बह गए जिससे घंटों यातायात व्यवस्था ठप रहा।शुक्रवार को पहली ही बरसात में बोंगराम के समीप डायवर्सन बह गया जिससे कोलेबिरा लचरागढ़ मुख्य पथ पर आवागमन बंद हो गया।कई बस रूट बदलकर आई गई।विभिन्न पंचायत के लोगों को प्रखंड मुख्यालय तक आने-जाने में काफी समस्याओं का सामना करना पड़ा। इधर बानो प्रखंड के उकौली में भी डायवर्सन बह गया। लोगों को बगल स्थित क्षतिग्रस्त पुल से ही आवाजाही करनी पड़ी।

## कोलेबिरा में बारिश से किसान का घर क्षतिग्रस्त

कोलेबिरा। दो दिनों से लगातार बारिश होने से दो लोगों का घर गिर गया काफी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। रायकेरा अंबाटोली निवासी भोला चिक बड़ाइक और कोलेबिरा प्रखंड अंतर्गत बरसलोया केवट टोली निवासी बसंत राम नामक व्यक्ति का मिट्टी का घर धंस कर क्षतिग्रस्त हो गया।बसंत राम के पड़ोसी उपेंद्र राम के घर के पिछले भाग भी थोड़ा धंस गया है।क्षतिग्रस्त होने के बाद बसंत मरम्मत करने का प्रयास किया लेकिन लगातार हो रही बारिश से वह असफल रहा।भोला चिक बड़ाइक और बसंत राम ने प्रखंड प्रशासन से मदद की गुहार लगाई है।घर क्षतिग्रस्त हो जाने से इन्हें काफी परेशानी हो रही है,इनके पास रहने के लिए एक और कोई दूसरा मकान नहीं है।कोलेबिरा और बानो प्रखंड क्षेत्र के अन्य इलाकों में भी बारिश से नुकसान हुई है।प्रखंड क्षेत्र के नदी नाले तालाब खेत खलिहान और जल स्त्रोत भर चुके हैं। गली मोहल्ले में गंदे पानी और कीचड़ का जमाव हो गया है जिससे लोगों को अपने घरों से निकलना मुश्किल हो गया है।

### लोक लेखा समिति के सदस्य विधायक सुखराम उरांव व जगत माझी पहुंचे कोडरमा

# विभिन्न जिलों का दौरा करेगी समिति, आर्थिक प्रबंधन और लेखा से जुड़े विषयों पर करेगी चर्चा

**नवीन मेल संवाददाता**



**चक्रधरपुर।** झारखंड विधानसभा की लोक लेखा समिति शुक्रवार से विभिन्न जिलों के दौरे पर रवाना हुई। सभापति बरही विधायक मनोज कुमार यादव के नेतृत्व में समिति शुक्रवार को कोडरमा पहुंची। यहां परिसदन में उपायुक्त ऋतुराज और पुलिस अधीक्षक अनुदीप सिंह ने सभापति समेत सदस्यों का स्वागत किया। समिति के सदस्य चक्रधरपुर के विधायक सुखराम उरांव व मनोहरपुर के विधायक जगत माझी भी समिति के साथ दौरे में शामिल है। इसके अलावा सदस्य कोलेबिरा के विधायक नमन विक्सल कोनगाड़ी एवं बरकट्ठा विधायक अमित कुमार यादव भी शामिल है। कोडरमा परिसदन में ही समिति ने जिले के सभी विभाग के वरीय अधिकारियों के साथ बैठक कर आर्थिक प्रबंधन और लेखा से जुड़े विषयों पर चर्चा की। इसके अलावा बैठक में वित्तीय स्थिति की समीक्षा, सरकारी खर्चों की पारदर्शिता और वित्तीय दस्तावेजों का मूल्यांकन किया और आवश्यक सुधारात्मक कदम उठाने पर जोर दिया। कोडरमा के बाद समिति हजारीबाग, पलामू, लातेहार, सिमडेगा, चाईबासा और जमशेदपुर का भी दौरा करेगी।

### नशे के विरुद्ध जिला प्रशासन गिरिडीह द्वारा चलाया जा रहा है व्यापक जागरूकता कार्यक्रम

# विभिन्न साधनों के माध्यम से चलाया जा रहा है जागरूकता अभियान

**नवीन मेल संवाददाता। गिरिडीह** 10 जून से दिनांक 26 जून तक चलाए जा रहे मादक पदार्थों के विरुद्ध राज्यव्यापी जागरूकता अभियान का विभिन्न विभागों के द्वारा कार्ययोजना के अनुरूप व्यापक रूप से प्रचार प्रसार किया जा रहा है । नशा एक सामाजिक बुराई है जो व्यक्ति, परिवार और समाज तीनों को प्रभावित करता है। इस खतरे से निपटने हेतु गिरिडीह जिले में नशा मुक्ति अभियान को प्रभावी रूप से चलाया जा रहा है। इसी क्रम में सूचना एवं जनसंपर्क विभाग,समाज कल्याण,नगर निगम, शिक्षा विभाग ,एवं अन्य संबंधित विभाग द्वारा विभिन्न जन-जागरूकता कार्यक्रमों का आयोजन करते हुए नशा मुक्ति अभियान के संदेश को जन जन तक पहुंचाने का प्रयास किया जा रहा है ।

#### नुक्कड़ नाटक के माध्यम से जनजागरण

जिले के विभिन्न प्रमुख स्थलों, बस स्टैंड, चौक-चौराहों, पंचायतों,ग्रामीण हाट-बाजारों में नुक्कड़ नाटकों का आयोजन कर नशा मुक्ति हेतु मंचन कर लोगों तक जागरूकता एवं संदेश दिया जा रहा है । विभिन्न नाट्य दलों ने स्थानीय भाषा एवं प्रभावशाली अभिनय के माध्यम से नशे के दुष्परिणामों को दर्शाया जा रहा जिससे लोग काफी प्रभावित हो रहे हैं एवं अपने परिवेश को नशा मुक्त बनाने हुतु संकल्पित भी हो रहे हैं।कई नाट्य दल गीत संगीत प्रस्तुत कर मनोरंजक तरीके से भी जनता के बीच इस संदेश को प्रेषित करने हेतु अलग अलग कार्यक्रम कर रहे हैं। प्रस्तुति के जरिए यह बताया कि मादक पदार्थों की लत कैसे व्यक्ति के शारीरिक, मानसिक और सामाजिक जीवन को नकारात्मक रूप से प्रभावित करती है।यह भी दिखाया गया कि नशा न केवल व्यक्ति विशेष को, बल्कि पूरे परिवार और समाज को नुकसान पहुंचाता है।




#### एलइडी वैन और वीआर वैन के माध्यम से सूचना प्रसार

सूचना एवं जनसंपर्क विभाग द्वारा संचालित एलइडी वैन के माध्यम से नशा मुक्ति पर आधारित लघु फिल्में, स्लाइड शो तथा ऑडियो संदेशों का प्रसारण किया जा रहा है ।

10 जून को समाहरणालय से 3 एलइडी वीएएन को गिरिडीह जिले के सभी प्रखंडों के विभिन्न पंचायत में जन जागरूकता हेतु भेजा गया है जिसमें नशा से होने वाले दुष्परिणाम एवं उसे दूर करने के विभिन्न उपायों के बारे में लघु फिल्म के माध्यम से लोगों के बीच नशे से दूर रहने हेतु संदेश को पहुंचा जा रहा है। वहीं, वर्चुअल रिएलिटी वैन के ज़रिए लोगों को तकनीक के माध्यम से यह अनुभव कराया गया कि नशा कैसे एक सामान्य व्यक्ति को तबाही की ओर ले जाता है। यह पहल खासकर युवाओं में अत्यंत लोकप्रिय रही।इसके माध्यम से फिल्म को 3-डी में मनोरंजक रूप में देखने से लोगो पर काफी सकारात्मक प्रभाव पड़ रहा है ।

### डीसी ने लगाई फटकार

## जेसीबी लेकर जलडेगा पहुंचे भवन प्रमंडल के जेई



**नवीन मेल संवाददाता**

**जलडेगा।** शुक्रवार को एक बार फिर पीएम श्री उच्च विद्यालय स्थित खेल मैदान में लोगों का भीड़ जुट गया और यह भीड़ तब जुटा जब अचानक इंजीनियरों की टीम मैदान पहुंच कर घटिया गैलरी निर्माण कार्य की जायजा लेने पहुंची। मौके पर उपस्थित भवन प्रमंडल के जेई राम नरेश ने बताया कि उपायुक्त के निर्देश पर टीम जलडेगा आई है। उन्होंने बताया कि जांच के क्रम में घटिया निर्माण की पुष्टि हुई है। बिना पिलर लगाए सिर्फ ईंट के सहारे गैलरी को खड़ा कर के अंदर मिट्टी डालकर फाइनल का रूप दिया गया था। इसलिए जेसीबी लगाकर पूरे गैलरी को तोड़ दिया गया। इंजीनियर राम नरेश ने बताया कि अब संवेदक को फिर से पिलर देकर अपने पैसे से नया गैलरी बनाना होगा। इसके लिए विभाग से एक भी रुपया संवेदक को नहीं मिलेगा।

**जानिए क्या था मामला**

पिछले तीन दिनों से हो रही लगातार बारिश ने जलडेगा प्रखंड स्थित पीएम श्री उच्च विद्यालय मैदान में पर्यटन कला संस्कृति खेलकूद एवं युवा कार्य विभाग के अंतर्गत भवन प्रमंडल सिमडेगा की देख - रेख में 83 लाख की लागत से बन रहे प्रखंड स्तरीय खेल मैदान की पोल खोल दी। गुरुवार को मैदान के अंदर बनाए गए गैलरी बारिश के कारण भर भराकर गिर गया। जिसके कारण पूरे गैलरी में दरारें भी आ गई इधर पहली ही बारिश में गैलरी गिरना चर्चा का विषय बना हुआ था, जानकारी मिलते ही मैदान में ग्रामीणों का भीड़ जुट गया। जिसके बाद ग्रामीणों ने इस घटिया निर्माण कार्य की निंदा करते हुए उपायुक्त सिमडेगा से निर्माण कार्य की गुणवत्ता को लेकर जांच करने की मांग की थी। जानकारी के अनुसार कम समय में निर्माण कार्य को पूर्ण करने के लिए संवेदक ने काम को बंगाली मिस्त्रियों के भरोसे सौंप दिया था। जिसका नतीजा आज सबके सामने आ गया। गैलरी जितना जल्दी बना इतना ही जल्दी गिर भी गया। हालांकि इस मामले पर जब किसी जिम्मेदार ने सुध नहीं लिया तब उपायुक्त सिमडेगा कंचन सिंह से बात की गई और मामले की जानकारी दी हैं उन्होंने कहा था कि मामला काफी गंभीर प्रतीत हो रहा है, इस पूरे मामले की वो खुद देखेंगे और जांच कराएंगे निर्माण कार्य में कमी पाने पर निश्चित रूप से कड़ी कारवाई की जाएगी।

## श्री राधा- कृष्ण मंदिर में भजन - कीर्तन सत्संग का आयोजन



**रांची।** श्री कृष्ण प्रणामी सेवा धाम ट्रस्ट द्वारा संचालित पुंदाग में श्री कृष्ण प्रणामी मंगल राधिका सदानंद सेवा धाम में श्री कृष्ण प्रणामी महिला समिति द्वारा भजन-कीर्तन सत्संग किया गया। भजन-कीर्तन कार्यक्रम में महिलाओं ने श्री राधा कृष्ण पर आधारित गाए मनमोहक भजनों से पूरा कृष्ण दरबार भक्तिमय हो गया। महिला भजन गायकों ने अपने सुमधुर भजनों से सत्संग में बड़ी संख्या मे उपस्थित महिला श्रोताओं को खूब झुमाया। तत्पश्चात मंदिर के पुजारी अरविंद कुमार पांडे द्वारा प्रसाद का विधिवत भोग लगाया गया। एवं सामूहिक महाआरती के पश्चात प्रसाद का वितरण किया गया।

## पुलिस की छापेमारी में भारी मात्रा में अवैध शराब बरामद

**गोड्डा।** पुलिस अधीक्षक गोड्डा के निर्देश पर शुक्रवार को अवैध शराब के विरुद्ध चलाए जा रहे अभियान के तहत बलवड्डा थाना क्षेत्र के गांव बलवड्डा में छापेमारी कर पुलिस ने भारी मात्रा में विदेशी शराब बरामद की है। छापेमारी के क्रम में आरोपित सोनी देवी (30) को गिरफ्तार कर न्यायिक हिरासत में भेजा गया है। आरोपित का पति धुरी राम फिलहाल फरार है और उसकी गिरफ्तारी के लिए प्रयास जारी है। इस दौरान कुल 220 यूनिट विदेशी शराब जब्त की गयी है। मिली जानकारी के अनुसार, आरोपित धुरी राम एवं उसकी पत्नी सोनी देवी अपने घर में अवैध रूप से अंग्रेजी शराब का भंडारण कर उसे बड़े पैमाने पर बिक्री के लिए रखे हुए थे। सूचना के आधार पर पुलिस ने जब घर पर छापेमारी की, तो वहां से शराब बरामद की गई।

## दामोदर और भैरवी नदी के बढ़े जलस्तर का उपायुक्त व पुलिस अधीक्षक ने रजरप्पा मंदिर का किया निरीक्षण



- सुरक्षा दृष्टिकोण से अधिकारियों को दिए आवश्यक दिशा निर्देश

**नवीन मेल संवाददाता**

**रामगढ़।** अचानक मौसम में आए बदलाव एवं अत्यधिक वर्षा के मद्देनजर शुक्रवार को उपायुक्त रामगढ़ फैज अक अहमद मुमताज ने पुलिस अधीक्षक अजय कुमार के साथ मां छिन्नमस्ती के सिद्धपीठ रजरप्पा मंदिर का निरीक्षण किया।

मौके पर उपायुक्त एवं पुलिस अधीक्षक ने दामोदर एवं भैरवी नदी के संगम पर बढ़े जलस्तर का जायजा लेते हुए अंचल अधिकारी चितरपुर एवं थाना प्रभारी रजरप्पा को लोगों को नदी के आसपास ना जाने देने एवं सुरक्षा दृष्टिकोण से कई आवश्यक दिशा निर्देश दिए ।

वहीं,उन्होंने आम जनों से भी नदी के आसपास ना जाने एवं सावधानियां बरतने की अपील की। निरीक्षण के दौरान उपायुक्त में अधिकारियों को हर गतिविधि पर पैनी नजर रखने एवं आकस्मिक स्थिति में किए जाने वाले कार्यों को लेकर आवश्यक दिशा निर्देश दिए। मौके पर उपायुक्त ने रजरप्पा मंदिर प्रबंधन समिति के सदस्यों से भी बढ़े जलस्तर को लेकर चर्चा करते हुए सावधानियां बरतने को लेकर आवश्यक दिशा निर्देश दिए। निरीक्षण के दौरान प्रभारी पदाधिकारी गोपनीय शाखा रविंद्र कुमार गुप्ता, अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी रामगढ़, अंचल अधिकारी चितरपुर, थाना प्रभारी रजरप्पा सहित अन्य उपस्थित थे।

## बकरी बाजार के दुर्गा मंदिर का मना 26वां स्थापना दिवस



**रांची।** भारतीय युवक संघ, बकरी बाजार दुर्गा मंदिर का 26वां स्थापना दिवस बहुत धूम धाम से शुक्रवार को को मनाया गया। 1999 में इस भव्य मंदिर का निर्माण कराया गया था। मंदिर की भव्यता पूरे रांची शहर को अपने ओर आकर्षित करती है। झारखंड की सबसे बड़ी दुर्गा पूजा का भी आयोजन इसी मंदिर के प्रांगण में होता है। मौके पर माता रानी के जयकारों पूजन एवं आरती की गई। मुख्य यजमान सौरभ चौधरी सपत्नीक के द्वारा पूजा कराया गया। वहीं विशाल भंडारे का आयोजन किया गया जिसमें सभी श्रद्धालुओं के बीच चना घुघनी, सूजी हलवा, पुड़ी, सब्जी, बुंदिया और भुजिया का प्रसाद वितरित किया गया, लगभग 10,000 मां भवानी के भक्तो के द्वारा प्रसाद ग्रहण किया गया। कार्यक्रम संयोजक अरविंद चौधरी एवं करोड़ीमल खेतान ने बताया कि माता रानी के नयनाभिराम झांकी, मनमोहक दरबार, मंदिर परिसर कि साज- सज्जा एवं बाहरी श्रृंगार विशेष आकर्षण का केंद्र रहा। सुगंधित फूलों से मां का भव्य दरबार सजाया गया।

## समर्पण शाखा ने श्रीकांत शर्मा जी महाराज का किया स्वागत



**रांची।** मारवाड़ी युवा मंच समर्पण शाखा के लिए अत्यंत गौरव का क्षण रहा। जब भगवत गीता वाचक श्रीकांता शर्मा जी महाराज का रांची की पवित्र धरती पर पधारे। मारवाड़ी युवा मंच रांची समर्पण शाखा की ओर से शाखा ने उनका स्वागत पुष्प गुच्छ देकर सम्मान किया। गुरुजी द्वारा आशीर्वाद स्वरूप शाखा सदस्यों को दुप्पटा भेंट किया।

## गांधीनगर चिकित्सालय में योग कक्ष का उद्घाटन




**रांची।** सेन्ट्रल कोलफील्ड्स लिमिटेड (सीसीएल) ने अपने कर्मचारियों एवं उनके परिजनों के मानसिक एवं शारीरिक स्वास्थ्य के सशक्तिकरण की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम उठाते हुए शुक्रवार को गांधीनगर चिकित्सालय परिसर में योग कक्ष का शुभारंभ किया गया। इस योग कक्ष का उद्घाटन सीसीएल के निदेशक (मानव संसाधन) हर्षनाथ मिश्र द्वारा किया गया। उद्घाटन समारोह में जीएम (वेलफेयर) रेखा, मुख्य चिकित्सा पदाधिकारी डॉ. रक्तनेश जैन सहित अन्य वरिष्ठ पदाधिकारी एवं अधिकारीगण उपस्थित रहे। इस अवसर पर हर्षनाथ मिश्र ने योग कक्ष की स्थापना को एक सराहनीय पहल बताते हुए कहा, "स्वस्थ शरीर और सुदृढ़ मन किसी भी संस्था की सबसे बड़ी पूंजी होते हैं। योग न केवल शारीरिक स्वास्थ्य को, बल्कि मानसिक संतुलन और सकारात्मक सोच को भी सुदृढ़ करता है। सीसीएल द्वारा की गई यह पहल कार्यस्थल पर समग्र स्वास्थ्य और कल्याण की संस्कृति को बढ़ावा देने की दिशा में एक प्रेरणादायी प्रयास के रूप में देखी जा रही है।

## चित्रकार ग्रामीण बच्चों को सीखा रहे हैं चित्रकला के गुर



**रांची।** चित्रकार कृष्णा कुमार प्रसाद ग्रामीण क्षेत्रों के बच्चों को चित्रकला में आगे बढ़ाने के उद्देश्य से नि शुल्क चित्रकला का प्रशिक्षण दे रहे है। उनका कहना है ग्रामीण क्षेत्रों के बच्चों को समकालीन कला से जोड़ना बहुत आवश्यक है। ग्रामीण क्षेत्रों के बच्चे बिना संसाधन के ही उनके अंदर कलात्मक गुण होते हैं। इन्हीं कलात्मक गुणों को विकसित करने के लिए इन्हें सहयोग, मार्गदर्शन की जरूरत है।

## सुब्रतो कप फुटबॉल प्रतियोगिता का समापन

**डुमरी।** जैन हाई स्कूल के मैदान में आयोजित प्रखंड स्तरीय सुब्रतो कप फुटबॉल प्रतियोगिता का समापन शुक्रवार को हो गया।तीन दिवसीय इस प्रतियोगिता में अंडर-17 बालिका वर्ग का प्रथम मैच यूएचएस नगरी एवं यूएचएस परसाटांड़ के बीच खेला गया जिसमें नगरी की टीम ने एक गोल से विजयी रही।प्रतियोगिता में प्रखंड के विभिन्न उच्च विद्यालयों के अंडर-17 आयु वर्ग की बालिका टीम शामिल हुई।फाइनल मैच डुमरी केजीबीवी और मुख्यमंत्री उत्कृष्ट विद्यालय डुमरी के बीच हुआ जिसमें केजीबीवी की टीम ने एक गोल से विजयी रही।

## बरकट्ठा मंडल में योग दिवस, बलिदान दिवस एवं हल्ला बोल प्रदर्शन की तैयारी पूरी

**बरकट्ठा।** बरकट्ठा मंडल में आगामी दिनों में कई महत्वपूर्ण कार्यक्रम आयोजित किए जाने हैं, जिसकी जानकारी मंडल अध्यक्ष परमेश्वर प्रसाद साहू ने दी है। उन्होंने बताया कि 21 जून 2025 को प्रातः 6 बजे अंतरराष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर सामूहिक योग कार्यक्रम का आयोजन किया जाएगा।

इसके बाद 23 जून 2025 को डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी के बलिदान दिवस पर श्रद्धांजलि सभा आयोजित की जाएगी। वहीं 24 जून 2025 को प्रखंड मुख्यालय पर "हल्ला बोल आक्रोश पूर्ण प्रदर्शन" का आयोजन किया जाएगा। इन सभी कार्यक्रमों में बरकट्ठा विधायक अमित कुमार यादव एवं बरकट्ठा प्रभारी गणेश यादव की उपस्थिति रहेगी। मंडल अध्यक्ष ने आग्रह किया है कि बरकट्ठा मंडल के सभी पदाधिकारीगण, बूथ अध्यक्ष एवं सदस्य, पंचायत संयोजक एवं सह संयोजक, प्रभारी एवं सभी मोर्चा के प्रभारी, समर्पित कार्यकर्ता एवं मंडल के वरिष्ठ व श्रेष्ठ कार्यकर्ता समय पर पहुँचकर कार्यक्रम को सफल बनाएं।

## प्रखंड मुख्यालयल में लगा आम उत्सव सह प्रदर्शनी मेला

**नवीन मेल संवाददाता**



**गांडेय(गिरिडीह)।** गिरिडीह उपायुक्त के आदेश अनुसार गांडेय प्रखंड परिसर में शुक्रवार को आम उत्सव सह बागवानी मेला का आयोजन किया गया उक्त कार्यक्रम में प्रखंड स्तर के विभिन्न पंचायतों के कई लाभुक पहुंचे और अपने अपने आमों के साथ प्रदर्शनी लगाए कार्यक्रम की शुरुआत की प्रमुख राजकुमार पाठक बीडीओ निशांत अंजुम, सी ओ मो हुसैन ,बीपीओ मनोज कुमार ,मुखिया दशरथ किस्कू सयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम की शुरुआत की मेले में आर्मपली हिम सागर ,लगड़ मद्रासी दशहरी लंगड़ा,फाजली, चटर्जी,मालदा ,तोता पारी मालदा सहित अन्य किस्म के आम के स्टोल लगाए हुए थे उक्त आम बागवानी योजना में बड़कीटांड़ पंचायत के 4 ,फुलजोरी के 3 घाटकुल के 1,अहिल्यापुर के 1 कार्तिबैंक के 1, 2 और गांडेय के 2 कुल 12 लाभुकों ने भाग लिया था सभी लाभुक अपने आमों के साथ स्टोल लगाए हुए थे इस विषय में गांडेय प्रमुख राजकुमार पाठक ने कहा कि उक्त आम बागवानी मेल्स से लाभुकों का उत्सव वर्धन होगा जबकि अन्य किसान अपने जमीन पर आम बागवानी योजना लगाने के लिए प्रेरित होंगे गिरिडीह उपायुक्त के निर्देशानुसार प्रखंड परिसर में बिरसा हरित ग्राम योजना अंतर्गत फलदार वृक्षरोपना से फलों का बाजार उपलब्ध करने के साथ प्रचार प्रसार के माध्यम से योजना को लोकप्रिय बनाने के उद्देश्य से आम उत्सव सह बागवानी मेला का आयोजन किया गया है। बीडीओ ने कहा कि उक्त आम बागवानी मेला से राज्य तथा राज्य के बाहर के व्यापारियों को फलों के बेहतर मार्केटिंग हेतु स्थानीय किसानों के साथ सीधा संपर्क स्थापित करने हेतु सुविधा मिलेगी

कार्यक्रम में शामिल लाभुकों को प्रशस्तिपत्र भी दिया गया मौके पर उपस्थित बीपीओ मनोज कुमार, सीओ मो हुसैन,मुखिया दशरथ किस्कू,मनीषा टुडू, पसस अब्बास अंसारी,सहित दर्जनों प्रखंड कर्मी मौजूद थे।


**AFFIDAVIT**

I, Metilal Marandi father of Rani Kumari Marandi, resident of Village Muniyapahadi, P.O. Purri, P.S. Bengabad, District Giridih, Jharkhand, do hereby solemnly affirm and declare as follows :-

That in School Admission Register my daughter's name is recorded as Rani Kumari Marandi which is correct and in Aadhar card no. 9348 7426 2982 her name is mentioned as Rima Marandi which is incorrect.

That Rani Kumari Marandi and Rima Marandi are one and same persen that is my above said daughter.

That I am in need to mentien her correct name in place of incorrect name in her Aadhar card, hence this affidavit.

That after today my daughter will be known as Rani Kumari Marandi only.

That statements made above are true and correct.


The deponent whe has identified by Sri U.Kumar, Advocate, Ranchi.

आरईएफ नं0 :-197, दिनांक :- 06 जून 2025


### जलस्तर में वृद्धि | मैथन और तेनुडैम के फाटक खुले

# मानसून की बारिश से जलस्तर में वृद्धि, सैलानियों की उमड़ी भीड़

**नवीन मेल संवादाता**



**सैलानियों की भीड़ उमड़ी**

अद्भुत नजारे का आनंद फाटक और गैलरी खुलने की सूचना मिलते ही आसपास के इलाकों से सैकड़ों सैलानी मैथन पहुंचने लगे। पर्यटक तेज बहाव और गिरते पानी के खूबसूरत नजारों को कैमरे में कैद कर रहे हैं। सैलानियों ने बताया कि "मैथन का यह दृश्य प्रकृति प्रेमियों के लिए किसी जन्नत से कम नहीं। यह अनुभव दिल को सुकून देने वाला है।

**धनबाद/बोकारो।** झारखंड में मानसून की पहली मूसलधार बारिश के साथ ही राज्य के प्रमुख जलाशयों में जलस्तर तेजी से बढ़ने लगा है। धनबाद जिले के प्रसिद्ध मैथन डैम और बोकारो स्थित तेनुडैम के कई फाटक खोल दिए गए हैं। इस नजारे को देखने के लिए सैलानियों की भारी भीड़ उमड़ रही है। जहां एक ओर यह दृश्य पर्यटकों के लिए रोमांचक है, वहीं दूसरी ओर प्रशासन ने नदी किनारे बसे लोगों को सतर्क रहने की चेतावनी दी है।

मैथन डैम के दो फाटक और गैलरी खोले गए धनबाद के निरसा में स्थित मैथन डैम का जलस्तर लगातार बढ़ रहा है। डीवीसी (दामोदर वैली कॉरपोरेशन) द्वारा दो फाटक और गैलरी खोल दी गई हैं, जिससे डैम से तेज वेग से पानी निकल रहा है। डीवीसी और केंद्रीय जल आयोग मानसून पूर्व तैयारी के तहत यह सुनिश्चित कर रहे हैं कि डैम के गेट सुचारू रूप से कार्य कर रहे हैं या नहीं।

दौरान डैम में जमा गाद भी हटाया जा रहा है, ताकि मानसून के दौरान जलभराव की स्थिति को बेहतर ढंग से नियंत्रित किया जा सके। फिलहाल मैथन डैम का जलस्तर 471.59 फीट तक पहुंच चुका है।

**तेनुडैम के आठ फाटक भी खुले, दामोदर नदी उफान पर**

इधर, बोकारो जिले में स्थित तेनुडैम पर भी लगातार बारिश के कारण भारी दबाव बना हुआ है। जलस्तर के बढ़ने के कारण डैम के आठ फाटक खोल दिए गए, जिससे दामोदर नदी में जलप्रवाह तेज हो गया है और निचले इलाकों में पानी भर गया है। तेनुडैम की अधिकतम जल भंडारण क्षमता 852.50 मिलियन क्यूबिक मीटर है, जबकि बारिश के चलते जलस्तर इस सीमा को पार करने लगा था। स्थिति को नियंत्रण में रखने के लिए लगभग 41,670 क्यूसेक पानी छोड़ा जा रहा है।


**पुलिस अधीक्षक का कार्यालय, पलामू**

**(सर्वसाधारण के लिए सूचना)**

तरहसी थाना कांड सं0–31/2022 दिनांक–13.06.2022, धारा–411/भा0द0वि0 तथा 17 सी0एल0ए0 एक्ट के प्राथमिकी अभियुक्त शशिकान्त जी उर्फ सुदेश जी उर्फ आरिफ जी पिता हिरा सिंह सा0–केदल, थाना–मनातू जिला–पलामू के संबंध में सूचना/जानकारी प्राप्त होने पर पुलिस अधीक्षक के कार्यालय में सूचित करें अथवा निम्नांकित फोन नम्बर पर संपर्क कर इसकी सूचना देने का कष्ट करें।

अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी, (पांकी) लेस्लीगंज :– 9523355003

थाना प्रभारी, तरहसी :– 9430774070

पुलिस अधीक्षक, पलामू

PR 355604 Police(25-26)#D

सुप्रभात

विचार प्रवाह

जिस प्रकार तेज हवा के कारण सागर में बड़ी-बड़ी लहरें उठती हैं, और फिर सागर में ही समा जाती हैं, उनका अलग अस्तित्व नहीं होता। इसी प्रकार परमात्मा के बिना मानव का भी कोई अस्तित्व नहीं है। - संत रविदास

## संपादकीय

### बढ़ते हाइवे बढ़ती दुर्घटनाएं

अपने कभी दुर्घटना न देखी हो तो आप किस्मत वाले हैं। भारत में दुनिया के सिर्फ एक प्रतिशत वाहन हैं, लेकिन सड़क दुर्घटनाओं में होने वाली मौतें 11 प्रतिशत हैं। पिछले चार वर्षों में भारत की सड़कों पर इतने लोग काल के गाल में समा गए, जितनी फिनलैंड की कुल आबादी है। रोड एक्सीडेंट इन इंडिया रिपोर्ट बताती है कि 2018 से 2022 के बीच पांच वर्षों में 7.77 लाख मौतें हुईं। इनमें सबसे ज्यादा 1.08 लाख उत्तर प्रदेश, 84 हजार तमिलनाडु और 66 हजार के साथ महाराष्ट्र तीसरे स्थान पर रहा। केंद्रीय सड़क परिवहन मंत्री नितिन गडकरी ने संसद में बताया कि वर्ष 2024 में लगभग पांच लाख दुर्घटनाएं हुईं, जिनमें 1.80 लाख लोगों की मौतें हुईं। इससे भी ज्यादा विचलित करने वाली बात यह है कि हर दिन औसतन 42 बच्चे और 31 किशोर सड़कों पर जान गंवा बैठते हैं। सड़क पर एक भी बच्चे की मौत एक पूरे परिवार को जीवन भर के लिए अवसाद में डाल देती है। जैसा भारत के पूर्व कप्तान मोहम्मद अजहरुद्दीन के साथ हुआ। हैदराबाद में तेज रफ्तार से सुपरबाइक चलाते हुए उनके बेटे और भतीजे की दुर्घटना में मौत हो गई। एक और ऐसी सड़क दुर्घटना हुई, जिसके बारे में विशेषज्ञ भी बातें करते हुए चिंतित हो जाते हैं। उस दुर्घटना में टाटा संस के पूर्व चेयरमैन और टाटा मोटर्स के शीर्ष अधिकारी सायरस मिस्त्री की सड़क पर ही मौत हो गई। वह एक लग्जरी कार की पिछली सीट पर बैठे हुए थे, लेकिन उन्होंने सीट बेल्ट नहीं बांधा था, जिससे वह कार की विंडो से बाहर गिर गए। यह दुर्घटना एक उदाहरण है कि कैसे भारत में पढ़े-लिखे जानकार लोग भी लापरवाही करते हैं। यहां जागरूकता का सवाल नहीं है। यहां तो सिर्फ और सिर्फ लापरवाही का मामला है। डब्ल्यूएचओ और यूनिसेफ का मानना है कि भारत में इतनी ज्यादा मौतों पर सभी को जगना होगा, कानूनों का सख्ती से पालन करना होगा, सड़कों को सुरक्षित बनाना होगा व सरकार को ठोस कदम उठाने होंगे। देश में हर दिन 34 किलोमीटर हाईवे बन रहे हैं, पर सड़क दुर्घटनाओं से बचने के बारे में वहां पर कोई ठोस समाधान नहीं है। डिजाइन संबंधी बदलाव तो हुए हैं और कुछ काम भी हुए हैं, लेकिन अभी काफी कुछ करना होगा। आंकड़े भयावह हैं। तेज गति में गाड़ी चलाने से 75.2 प्रतिशत, गलत दिशा में गाड़ी चलाने से 5.8 प्रतिशत और शराब या नशे के प्रभाव में ड्राइविंग करने से 2.5 प्रतिशत मौतें होती हैं। हादसों में 86 प्रतिशत पुरुष और 14 प्रतिशत महिलाओं की मौत रिकॉर्ड की गई है। 67.2 प्रतिशत मौतें ग्रामीण इलाकों में और 32.2 प्रतिशत शहरी इलाकों में होती हैं। हादसों के लिए नेशनल हाईवे सबसे अधिक जिम्मेदार हैं। वर्ष 2022 में हर सौ किलोमीटर पर 45 मौतें दर्ज की गईं। निमहांस/रासी के अनुसार, 24 प्रतिशत ग्रामीण क्षेत्रों में हुए हादसों में जान जाती है, जिनमें से 50 प्रतिशत घटनास्थल पर ही दम तोड़ देते हैं। अधिकतर मामलों में सिर या शरीर के निचले हिस्से में चोट लगती है। 82 प्रतिशत घातक सड़क दुर्घटनाएं बच्चों के साथ हुईं। स्पीड थ्रिल्स बट किल्स की थ्योरी के अनुरूप, भारत में बाइक दुर्घटनाओं की तादाद हर दिन बढ़ती जा रही है। उत्साही नौजवान न केवल लापरवाही से दोपहिया चलाते हैं, बल्कि हेलमेट भी नहीं पहनते। इसका नतीजा है कि हर साल ऐसे 10,000 चालकों की मौत हो जाती है।

> *वर्ष 2024 में लगभग पांच लाख दुर्घटनाएं हुईं, जिनमें 1.80 लाख लोगों की मौतें हुईं। इससे भी ज्यादा विचलित करने वाली बात यह है कि हर दिन औसतन 42 बच्चे और 31 किशोर सड़कों पर जान गंवा बैठते हैं।*

# नारी शक्ति की डिजिटल उड़ान : तरक्की की नई परिभाषा



वर्ष 2014 में जब प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में देश में एक निर्णायक बदलाव की शुरुआत हुई, तभी से भारत ने डिजिटल प्रगति की एक नई दिशा पकड़ी। इन 11 वर्षों में 'डिजिटल इंडिया मिशन' जैसे जन-केंद्रित अभियानों ने करोड़ों नागरिकों के जीवन को प्रभावित किया है-विशेषकर महिलाओं के लिए यह परिवर्तन आत्मनिर्भरता, सशक्तिकरण और सम्मान की ओर एक ऐतिहासिक कदम साबित हुआ है। आज की 21वीं सदी में तकनीक सिर्फ शासन और अर्थव्यवस्था को ही नहीं, बल्कि सामाजिक संरचना को भी बदल रही है। और इस बदलाव की सबसे सशक्त मिसाल हैं वे महिलाएं, जो डिजिटल युग में नए अवसरों के साथ नई उड़ान भर रही हैं। पहले डिजिटल साक्षरता बड़े शहरों तक ही सीमित थी, लेकिन वहां भी इसकी पहुंच कम थी, और ग्रामीण महिलाओं के लिए तो तकनीक जैसे कहीं थी ही नहीं। लेकिन 'डिजिटल इंडिया' मिशन के तहत शुरू किए गए योजनाबद्ध प्रयासों ने इस तस्वीर को पूरी तरह बदल दिया है। विशेष रूप से 2017 में प्रधानमंत्री ग्रामीण डिजिटल साक्षरता अभियान (पीएमजीदिशा) ने करोड़ों ग्रामीण महिलाओं को डिजिटल रूप से सशक्त किया है। अब वे स्मार्टफोन, इंटरनेट और डिजिटल टूल्स के माध्यम से सरकारी योजनाओं, बैंकिंग सेवाओं, टेलीमेडिसिन और अन्य सुविधाओं का सीधे लाभ उठा रही हैं। इस अभियान के तहत 6 करोड़ से अधिक लोगों को प्रशिक्षित किया गया है, जिनमें 53% से ज़्यादा महिलाएं हैं। साथ ही, स्वयं सहायता समूहों को ऑनलाइन लेनदेन, उद्यमिता और वित्तीय साक्षरता बढ़ाने के लिए प्रोत्साहित किया जा रहा है, जिससे ग्रामीण महिलाएं शिक्षा, स्वास्थ्य और रोजगार के नए अवसरों से जुड़ पा रही हैं। 2014 में शुरू हुई प्रधानमंत्री जन धन योजना, जो जेएएम ट्रिनिटी (जनधन, आधार, मोबाइल) के साथ मिलकर विश्व का सबसे बड़ा वित्तीय समावेशन कार्यक्रम बन चुकी है, भारत में आर्थिक सशक्तिकरण की नई इबारत लिखी है। पहले जहाँ करोड़ों महिलाओं के पास बैंक खाते तक नहीं थे और सरकारी लाभ बिचौलियों के हाथों में चले जाते थे, वहीं अब जनधन, आधार और मोबाइल की ट्रिनिटी ने वित्तीय समावेशन को एक नई दिशा दी है। इस डिजिटल क्रांति के कारण महिलाएं सीधे डायरेक्ट बेनिफिट ट्रांसफर (डीबीटी) के ज़रिए अपने बैंक खातों में योजनाओं का लाभ पा रही हैं। इससे पारदर्शिता के साथ-साथ महिलाओं की आर्थिक भागीदारी और पारिवारिक फैसलों में उनकी भूमिका भी मजबूत हुई है।

आज की बात



**सावित्री ठाकुर**
महिला एवं बाल विकास राज्यमंत्री भारत सरकार

### डिजिटल कौशल और भविष्य की तैयारी

तकनीक आधारित प्लेटफॉर्म्स ने शिक्षा और रोजगार के क्षेत्र में महत्वपूर्ण बदलाव लाए हैं। स्किल इंडिया मिशन और ई-स्किल इंडिया जैसे कार्यक्रमों से लाखों लड़कियों और महिलाओं को उनके मोबाइल पर अब प्रशिक्षण मिल रहा है। इससे वे बेहतर कौशल सीखकर आत्मनिर्भर बन रही हैं और नए रोजगार के अवसर प्राप्त कर पा रही हैं। यह बदलाव पहले के सीमित संसाधनों और पहुंच से कहीं अधिक व्यापक और सशक्त है। एसडब्ल्यूएवाईएएम और डीआईकेएसएचए जैसे पोर्टल्स ने महिलाओं को शिक्षा से जोड़ने का महत्वपूर्ण कार्य किया है, विशेषकर कोरोना महामारी के दौरान जब समस्त दुनिया ठहर सी गई थी। अब महिला एवं बाल विकास मंत्रालय और कौशल विकास मंत्रालय की संयुक्त पहल के अंतर्गत 19 राज्यों के 27 जिलों में किशोरियों को डिजिटल साक्षरता के साथ-साथ रोजगारोन्मुख प्रशिक्षण प्रदान किया जा रहा है, ताकि वे आत्मनिर्भर भविष्य की दिशा में अग्रसर हो सकें।

### डिजिटल युग में महिला उद्यमिता को नया संबल

एक समय था जब महिलाओं के छोटे व्यवसाय घर की चारदीवारी तक ही सीमित रहते थे और बाज़ार तक पहुंच बनाना एक बड़ी चुनौती थी। लेकिन बीते वर्षों में महिला-नेतृत्व वाले स्टार्टअप्स और लघु उद्योगों की संख्या में जबरदस्त वृद्धि हुई है। महिला ई-हाट और जीईएम(गवर्नमेंट ई-मार्केटप्लेस) जैसे मंचों के माध्यम से अब महिलाएं न केवल अपने उत्पाद ऑनलाइन बेच रही हैं, बल्कि राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय बाज़ारों में भी अपनी पहचान बना रही हैं। सोशल मीडिया, डिजिटल मार्केटिंग और ऑनलाइन पेमेंट सिस्टम ने उन्हें एक उद्यमी के रूप में आगे बढ़ने और अपना ब्रांड खड़ा करने का आत्मविश्वास दिया है।

### स्वास्थ्य, पोषण और सुरक्षा में तकनीक की भूमिका

पोषण ट्रैकर, आरसीएच पोर्टल और ईसंजीवनी जैसे डिजिटल टूल्स ने माताओं एवं एवं बच्चों से जुड़ी स्वास्थ्य सेवाओं की निगरानी को बेहद आसान और प्रभावशाली बना दिया है। अब आंगनवाड़ी कार्यकर्ता और आशा बहनें मोबाइल ऐप्स की मदद से लाभार्थियों की निगरानी, रिपोर्टिंग और सेवा वितरण का कार्य आसानी से कर पा रही हैं। महिलाओं की सुरक्षा लंबे समय तक एक ऐसा क्षेत्र रहा, जहाँ तकनीक और त्वरित सहायता तंत्र की गंभीर कमी महसूस होती थी। इस कमी को दूर करने के लिए मोदी सरकार ने ईआरएसएस-112, पैनिक बटन और महिला सुरक्षा ऐप्स जैसे प्रभावशाली उपाय लागू किए, जिनसे अब महिलाएं सार्वजनिक स्थलों पर खुद को पहले से कहीं ज़्यादा सुरक्षित महसूस कर रही हैं। एसटीईएम (विज्ञान, प्रौद्योगिकी, इंजीनियरिंग, और गणित) में महिलाओं की भागीदारी एसटीईएम जैसे क्षेत्रों में लड़कियों की भागीदारी कभी सीमित मानी जाती थी, लेकिन अब हालात तेज़ी से बदल रहे हैं। विज्ञान ज्योति और डब्ल्यूआईएसई-केआईआरएएन योजना जैसी पहलें छात्राओं को एसटीईएम क्षेत्रों में आगे बढ़ने के लिए प्रेरित कर रही हैं। भारतीय महिलाएं अब अंतरिक्ष अनुसंधान, आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस और बायोटेक्नोलॉजी जैसे क्षेत्रों में अग्रणी भूमिका निभा रही हैं।

### विकसित भारत की ओर बढ़ते कदम

पिछले 11 वर्षों में प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व में डिजिटल तकनीक महिलाओं के जीवन में अभूतपूर्व क्रांति लाई है। 2014 से अब तक समावेशी नीतियों, योजनाबद्ध प्रशिक्षण और तकनीक की पहुँच के ज़रिए लाखों महिलाओं को आत्मनिर्भरता की राह पर अग्रसर किया गया है। अमृत काल की ओर बढ़ते भारत में यह परिवर्तन महिलाओं को केवल भागीदार ही नहीं, बल्कि विकास यात्रा की अगुवा बना रहा है। एक डिजिटल रूप से सशक्त महिला आज केवल लाभार्थी नहीं, बल्कि विकसित भारत की निर्माता है।

## विश्व योग दिवस

### दिल्ली एयरपोर्ट पर आकर्षित करती योग मुद्रा





**नरेश बंका**

दिल्ली एयरपोर्ट में योग को दर्शाती एक सुंदर और आकर्षक प्रतिमा स्थापित की गई है। इसमें सूर्य नमस्कार की 12 मुद्राओं को दिखाया गया है। यह भारतीय योग और संस्कृति के महत्व का परिचायक है। दिल्ली एयरपोर्ट के टर्मिनल तीन के आगमन क्षेत्र में स्थित योगासन का यह दृश्य देखने में आकर्षण है। यहां यात्रियों को एयरपोर्ट पर उतरने के साथ ही शांत और सकारात्मक वातावरण का अनुभव होता है। स्वस्थ जीवन शैली में योग का बहुत महत्व है। इस मूर्ति के निर्माण में तांबे और पीतल का प्रयोग किया गया है। सूर्य नमस्कार योग का एक प्रमुख अंग है। इसके द्वारा संपूर्ण शरीर का योगा होता है। सूर्य नमस्कार को सर्वांगीण आसन बताया जाता है। इस मूर्ति में बारह आसन दिखाए गए हैं। एयरपोर्ट पर आने वाले बड़ी संख्या में लोग इस मूर्ति के सामने सेल्फी लेते हैं। कुछ लोग इन्हें देखकर योग मुद्रा भी बनाने लग जाते हैं।

## व्यंग्य की बात

### मोराबादी की चौपाल से – बरसात का एक दिन



**संतोष अग्रवाल**

2 दिन की बारिश ने रांचीवालों पूरी तरह से खुश कर दिया! स्कूलों की छुट्टी बच्चे खुश, घरों में बन रहा है लिट्टी चोखा प्याज की पकौड़ी पानी ने रांची के हर सड़क घर, अस्पताल हो या विद्यालय सबको लबालब कर दिया, इसमें तो लोगों को खुश होना चाहिए कि कुछ दिन पहले तक शहर के मोहल्ले मोहल्ले में पानी के लिए कोहराम था। यूं ही नहीं रूका पानी सब जगह, रोकने के लिए पिछले कई साल से सभी सरकारों प्रशासन के प्रयास चल रहे थे! इसके लिए नालियों का डिजाइन दूसरे शहरों से अध्ययन कर लाया गया था ,ठेकेदारों का चयन ऐसा हुआ था कि उनको ज्यादा खर्च नहीं करना पड़े, वह भी नालियों पर जिसमें कचड़ा पड़ा रहता है, जिस कचरे को विभाग नहीं निकल पाया उसको पानी ने सड़क पर ला दिया, पूरेशहर में लोग अपने वीडियो फोटो भेज रहे थे जैसे कि कोई कंपटीशन चल रहा है कि किसके रोड पर कितना पानी जमा है,घर दुकान में पानी घुसा है! जब घर दुकान में पानी घुस सकता है तो इतने बड़े-बड़े अस्पताल विद्यालय कैसे बचे रहेंगे, कुछ पुलों के गिरने की खबर भी है! कोई आश्चर्य कि बात क्यों जो कि समाचार पत्रों ने इन्हीं खबरों से भर दिया!

# योग सूत्रों की कसौटी पर खरी उतरती मोदी सरकार

योग दिवस विशेष

आपकी बात



**शिवपूजन पाठक**
झारखंड भाजपा के प्रदेश मीडिया प्रभारी

11 सितंबर 1893 का वह ऐतिहासिक और स्वर्णाक्षरों में अंकित दिन जब अमेरिका के शिकागो शहर में आयोजित विश्व धर्म संसद में भारत के एक युवा संन्यासी स्वामी विवेकानंद जिनका पूर्व नाम नरेंद्र था ने भारत की सांस्कृतिक सनातन परम्परा को विश्व क्षितिज पर महिमा मंडित किया। और संयोग देखिए उसके 121 वर्ष बाद भारत माता का दूसरा सपूत जिसे दुनियां नरेंद्र मोदी के रूप में जानती है बतौर प्रधानमंत्री भारत का संयुक्त राष्ट्र महासभा में प्रतिनिधित्व करते हुए पुनः भारत का सांस्कृतिक ध्वज ऊंचा किया। 26 मई 2014 को पहली बार भारत के प्रधान सेवक के रूप में शपथ लेने के 5 महीने बाद ही 27 सितंबर 2014 को संयुक्त राष्ट्र महासभा में विश्व समुदाय को भारत की अनूठी सांस्कृतिक विरासत परंपरा योग से दुनियां को परिचित कराया। और यह सनातन की ताकत ही है कि जैसे विवेकानंद के एक वाक्य ने दुनियां को सम्मोहित कर दिया था उसी प्रकार नरेंद्र मोदी के एक आह्वान ने विश्व को आकर्षित कर लिया। संयुक्त राष्ट्र महासभा के इतिहास में पहली बार सर्वाधिक 177 देशों के समर्थन से 21 जून अंतरराष्ट्रीय योग दिवस घोषित हुआ। आज दुनिया के 190 से अधिक देशों में योग दिवस मनाया जाता है। भारत के ऋषि मुनियों की अमूल्य साधना से दुनियां लाभान्वित हो रही है। आज योग दिवस के 10 वर्ष पूरे हुए। दुनिया आज 11 वाँ विश्व योग दिवस मना रही। योग सनातन संस्कृति की आत्मा है।योग विज्ञान है,साधना है, समन्वय है, आत्मा का परमात्मा से संवाद है। यह केवल शरीर विज्ञान नहीं बल्कि मन,बुद्धि , आत्मा को संतुलित करने की कला है। भारतीय सनातन परम्परा के महान चिंतक और उपासक पंडित दीनदयाल उपाध्याय ने अपने एकात्म मानव दर्शन में जड़ चेतन सब में एक ही परमात्मा के स्वरूप का दर्शन करते हुए उनकी सेवा उनके सदुपयोग का विचार दिया है। मनुष्य की तरह ही एक राष्ट्र की अपनी चित्ति होती है। आत्मा होती है। शरीर ,मन और बुद्धि होती है। व्यक्ति या राष्ट्र केवल शारीरिक सुखों से खुश नहीं हो सकता बल्कि उसके जीवन को आनंद की पूर्णता आत्मा के अनुकूल व्यवहार करके ही किया जा सकता है। और इसमें योग के सूत्र सहायक सिद्ध होते हैं। आज प्रधानमंत्री के नेतृत्व में भारत का शरीर, मन और आत्मा तीनों का पोषण हो रहा। पिछले 11 वर्षों से देश की बुनियादी सुविधाओं सड़क,बिजली,पानी, हाइवे, एयरपोर्ट,एम्स आई आईटी ,आई आईएम फ्लाई ओवर, बड़े बड़े ब्रिज का निर्माण यही तो भारत का शारीरिक सुदृढ़ीकरण है।आज ग्रामीण और शहरी भारत एकसाथ मजबूत हो रहे। साथ ही साथ गरीब कल्याण अन्न योजना,किसान सम्मान निधि, उज्जवला गैस योजना, उजाला विद्युत योजना, जनधन खाता, प्रधानमंत्री आवास, आयुष्मान भारत योजना सॉइल हेल्थ कार्ड जैसी योजनाएं इसकी शोभा बढ़ा रहे। धारा 370 की समाप्ति तीन तलाक पर सख्त कानून,महिलाओं केलिए 33% आरक्षण, पद्म पुरस्कारों में उचित हकदारों का सम्मान, पिछड़ा वर्ग आयोग को संवैधानिक दर्जा, बाबा साहब अम्बेडकर से जुड़े स्थलों का विकास,भगवान बिरसा मुंडा जयंती पर जनजाति गौरव घोषित, गुलामी के प्रतीक चिन्हों को हटाकर भारत के महापुरुषों के नाम पर स्थलों का नामकरण ,सरदार बल्लभभाई पटेल की स्टैचू ऑफ यूनिटी,भारत के सर्वोच्च संवैधानिक पद राष्ट्रपति केलिए एक आदिवासी महिला का चयन, सर्जिकल स्ट्राइक, एयर स्ट्राइक,ऑपरेशन सिंदूर ये सभी ऐसे कार्य हैं जो भारत के मन को तृप्ति प्रदान करते हैं। मोदी सरकार केवल शरीर मन और मन तक ही नहीं रुकी बल्कि भारत की आत्मा के पोषण की दिशा में कार्य किए हैं। 500 साल की प्रतीक्षा के बाद अयोध्या में भव्य श्री राम मंदिर का निर्माण, तिरपाल से हराकर भव्य सिंहासन पर राम लला की स्थापना के साथ काशी विश्वनाथ कोरिडोर,महाकाल मंदिर कोरिडोर का निर्माण, इसके उदाहरण हैं। यह ध्यान देने वाली बात है कि एक साथ इतने कार्यों को कोई योग साधक ही साकार कर सकता है। प्रधानमंत्री इसमें सिद्धहस्त हैं। उन्होंने योगसूत्रों को अक्षरशः जीवन में उतारा है। यदि आज पीएम का शासन सुशासन है तो योग के संबंध में गीता में श्री कृष्ण की यह उक्ति .. योग कर्मसू कौशलम अर्थात कार्यों की कुशलता ही योग है, चरितार्थ होता है। प्रधानमंत्री का सबका साथ, सबका विकास समत्वं योग उच्चयते को परिभाषित करता है। राग द्वेष से परे सभी परिस्थितियों में देश के सभी नागरिकों की चिंता और यदि ये सभी कार्य बिना अहंकार के नर सेवा नारायण सेवा और राष्ट्र सेवा के भाव से किया जाता है तो यही योगः चित्त वृत्ति निरोध है। **(ये लेखक के निजी विचार हैं।)**

## फेसबुक वॉल से




## एक्स से




### आज का दोहा

मोबाइल भी हो गया है इतना कुछ खास।
तनहाई आने लगी है अब सबको रास।।
**सोमदत्त शर्मा, गाजियाबाद (उ.प्र.)**

### रचना भेजिए

समाचारों के संबंध में शिकायत या इस पेज के लिए आर्टिकल कृप्या भेजें artical.rnmail@gmail.com
कॉल/व्हाट्सएप 8292553444

**संपादक**

# यौगिक अभ्यास मानव चेतना को स्थूल से कारण तक ले जाता है

अंतरराष्ट्रीय योग दिवस पर विशेष

देश की बात



**डॉ. परिणीता सिंह**
योग विशेषज्ञ

हर वर्ष की तरह इस वर्ष भी अंतरराष्ट्रीय योग दिवस 21 जून को एक पर्व की तरह पूरे विश्व में मनाया जाएगा। इस वर्ष का विषय है योगा फॉर वन अर्थ वन हेल्थ। आज पूरा विश्व किसी न किसी आंतरिक एवं बाहरी समस्याओं से जूझ रहा है चाहे आपसी या पड़ोसी देश से युद्ध का मुद्दा हो, मूल निवासी और प्रवासी के बीच की समस्याएं हो,जाति, धर्म, पर्यावरण इत्यादि कई कारण है जो मानव एवं जगत के बीच समस्याएं उत्पन्न कर दी है। ऐसे में पृथ्वी को बचाना एवं अपने आप को शारीरिक, मानसिक, भावनात्मक, आध्यात्मिक रूप से स्वस्थ रखना अति आवश्यक है। हर वर्ष योग दिवस न सिर्फ व्यक्तिगत लाभ के लिए मनाया जाता है बल्कि योग का जो सही अर्थ होता है पूरे सृष्टि के बीच एक तादात्म्यता उत्पन्न करना है। इस दिशा में हम सभी कदम बढ़ते जा रहे हैं।

**अयं बन्धुरयंनेति गणना लघुचेतसाम् ।**
**उदारचरितानां तु वसुधैव कुटुम्बकम्।।**

अर्थात- यह व्यक्ति मेरा है, यह व्यक्ति मेरा नही है का भेद संकीर्ण सोच वाले ही करते हैं। उत्तम चरित्र वालों के लिए पूरा विश्व ही परिवार है। ऐसा सोच, उदार हृदय की प्राप्ति योग के द्वारा ही संभव है। ईशावास्योपनिषद् मे ईश्वर की सर्वव्यापकता को बताते हुए कहा गया है कि मनुष्य को लोभ, लालच नहीं करना चाहिए। प्रकृति में उपलब्ध वस्तुओं का उपयोग उतना ही करो जितना जीवन जीने के लिए आवश्यक हो, भोग के लिए नहीं ।

**ॐ ईशावास्यमिदँ सर्वं यत्किञ्च जगत्यां जगत्।**
**तेन त्यक्तेन भुञ्जीथाः मा गृधः कस्यस्विद्धनम्॥**

अर्थात इस सृष्टि में जो कुछ भी है सब ईश द्वारा दिया गया है ,और उसके अधिकार में है। केवल उनके द्वारा दिए गए का उपयोग करो, लालच मत करो, लोभ मत करो। जीवन ईश्वर का उपहार है यानी जीवन और जगत (पृथ्वी) को ईश्वर का आवास समझकर उनके द्वारा दिए गए संपदाओं का समझदारी पूर्वक उपयोग करो। कामनाओं की पूर्ति के लिए जगत के चीजों का अत्यधिक उपयोग करना न सिर्फ अपना विनाश का कारण होता है बल्कि पृथ्वी का भी संतुलन बिगड़ता है, जिस कारण कई प्रकार के शारीरिक मानसिक और आध्यात्मिक समस्याऐ उत्पन्न होने लगते हैं। पृथ्वी जो पांच तत्वों से बना है- भूमि, जल, अग्नि, वायु और आकाश। इसे पंचमहाभूत भी कहते हैं जो सृष्टि के निर्माण की मूल आधारशिला है। इनके बीच तालमेल, समरसता रखना अति आवश्यक है। आज इस आधुनिक समय में जो भी वातावरण, स्वास्थ्य संबंधित समस्याऐ उत्पन्न हो रहे हैं इसका कारण पृथ्वी द्वारा दिए गए संसाधनों का गलत उपयोग ही है। मानव शरीर भी इन्हीं पंचमहाभूतो का बना होता है। पृथ्वी के वातावरण का असंतुलन मानव शरीर को भी प्रभावित करता है। स्थूल शरीर जिनका निर्माण अस्थि एवं मांसपेशियों द्वारा बना होता है, जिसके पोषण के लिए भूमि द्वारा उपजाए हुए अन्न का उपयोग हम सभी करते हैं। आजकल विभिन्न प्रकार के कीटनाशक दवाइयों से फसल तो प्रभावित होता ही है साथ ही भूमि की उर्वरा शक्ति क्षीण होती है, जिसका प्रभाव मानव शरीर पर पड़ता है। हमारे शरीर में लगभग 70 से 80% जल होता है, जिसे रखरखाव के लिए प्राकृतिक जल पर निर्भरता रहती है चाहे वह पेयजल के रूप में हो या फल सब्जियों के द्वारा। प्रकृति द्वारा प्रदत इस जल को शुद्ध एवं पवित्र रखना चाहिए। जल प्रदूषण बहुत बड़ा कारण है परिस्थितिकी तंत्र में असंतुलन उत्पन्न करने में। अग्नि तत्व मानव शरीर में पाचन एवं ऊर्जा के लिए जिम्मेदार है। वायु तत्व जिसे जीवनीशक्ति के रूप में शरीर के अंदर श्वास के रूप द्वारा हम ग्रहण करते हैं। अतः स्वच्छ वायु अति आवश्यक है सभी के लिए। आकाश तत्व जो अनंनता एवं सूक्ष्मता से संबंधित है, यह सबसे पहला महाभूत है जिससे सभी तत्व उत्पन्न हुए हैं। यौगिक अभ्यास स्थूल से कारण तक मानव चेतना को ले जाता है जहाँ ब्रह्मांडीय चेतना से एकाकार होता है। इस एकाकार को आत्मा से परमात्मा से मिलन भी कहते हैं। इस ऊंचाई तक जाने के लिए संपूर्ण शरीर एवं जगत को जानना एवं समझना पड़ेगा। मनुष्य के अंदर असीम आध्यात्मिक शक्तियां निहित है, जिसे जागृत करने में प्रकृति की आवश्यकता पड़ती है। अपने स्व मे स्थापित रहने के लिए पृथ्वी का संरक्षण आवश्यक है। तभी हम शारीरिक, मानसिक, आध्यात्मिक रूप से पूर्ण हो सकते हैं।

parinitasingh70@gmail.com


स्वामी, पारिजात माइनिंग इण्डस्ट्रीज (इण्डिया) प्रा.लि. के लिए प्रकाशक एंव मुद्रक हर्षवर्द्धन बजाज द्वारा 502, मंगलमूर्ति हाईट्स, रानी बागान, हरमू रोड, रांची से प्रकाशित एवं एस एच प्रिंटर्स प्राइवेट लिमिटेड (पूर्व में शिवासाइं पब्लिकेशन प्राइवेट लिमिटेड), नियर टेंडर बागीचा पेट्रोल पम्प, रातू, रांची-835222, झारखंड द्वारा मुद्रित। रजिस्ट्रेशन नंः BIHHIN/1999/155, प्रधान संपादक : सुरेश बजाज, संपादक : हर्षवर्द्धन बजाज, कार्यकारी संपादक : सुनील सिंह 'बादल'*, समाचार संपादक : त्रिभुवन कुमार सिन्हा, प्रेस कार्यालय : रांची रोड, रेड़मा, मेदिनीनगर (डालटनगंज) पलामू-822102, फोन नंबर : 06562-796018, रांची कार्यालय : 502बी, पांचवी मंजिल, मंगलमूर्ति हाईट्स, रानी बागान हरमू रोड, रांची-834001, फोन नंबर : 0651-3553943, ई-मेल : news.rnmail@gmail.com, article.rnmail@gmail.com
(*पीआरबी अधिनियम के तहत खबरों के चयन के लिए जिम्मेवार।)

# अहमदाबाद में 27 को निकलेगी जगन्नाथ की 148वीं रथ यात्रा

**एजेंसी। अहमदाबाद**

अहमदाबाद के जमालपुर स्थित जगन्नाथ मंदिर से 27 जून को भगवान जगन्नाथ की 148वीं पारंपरिक रथ यात्रा शुरू होगी। 14 किलोमीटर लंबे इस रथ यात्रा मार्ग का निरीक्षण अहमदाबाद की मेयर प्रतिभा बेन जैन, नगर निगम के अधिकारियों, विभिन्न समितियों के अध्यक्षों, मध्य क्षेत्र के उप नगर आयुक्त और ट्रस्टियों ने संयुक्त रूप से किया। इस दौरान मार्ग की तैयारियों और व्यवस्थाओं का जायजा लिया गया। मेयर प्रतिभा बेन जैन ने बताया कि रथ यात्रा के लिए मार्ग को पूरी तरह तैयार किया जा रहा है। रथ यात्रा के मार्ग को सुगम बनाने के लिए अहमदाबाद नगर निगम ने व्यापक इंतजाम किए हैं। सड़कों की मरम्मत, बड़े पेड़ों की छटाई, जलापूर्ति, हैलोजन लाइट्स, स्वास्थ्य सेवाएं और अग्निशमन व्यवस्था जैसे कार्य तेजी से किए जा रहे हैं। लगभग 500 जर्जर मकानों में से 200 को हटा दिया गया है, ताकि यात्रा के दौरान किसी को असुविधा न हो। जहां भी कमियां दिखीं, उन्हें तुरंत सुधारने के निर्देश दिए गए हैं। सभी नगरवासियों से रथ यात्रा में शामिल होकर भगवान जगन्नाथ, उनकी बहन सुभद्रा और भाई बलराम के दर्शन कर आशीर्वाद लेने की मैं अपील करती हूं।

## रथ यात्रा : भक्ति, एकता और परंपरा का पर्व फिर लौटेगा 27 जून को



जगन्नाथ मंदिर के ट्रस्टी मोहन झा ने कहा कि भगवान जगन्नाथ की 148वीं रथ यात्रा 27 जून को अहमदाबाद शहर के इसी प्रांगण से शुरू होगी। यह रथ यात्रा मनोरंजन का साधन नहीं, बल्कि भक्ति का एक अनुपम रूप है। जब भगवान अपने भक्तों का हालचाल जानने मंदिर से बाहर निकलते हैं, तो भक्तों के सारे दुख-दर्द दूर हो जाते हैं। रथ यात्रा शहर के विभिन्न क्षेत्रों से होकर गुजरेगी और हजारों भक्त इसमें शामिल होंगे। यह रथ यात्रा अहमदाबाद की सांस्कृतिक और धार्मिक पहचान का अभिन्न हिस्सा है। हर साल की तरह इस बार भी शहरवासी उत्साह के साथ इस पर्व की तैयारी में जुटे हैं। भगवान जगन्नाथ की रथ यात्रा न केवल धार्मिक आस्था का प्रतीक है, बल्कि सामाजिक एकता और भाईचारे का भी संदेश देती है। नगर निगम और मंदिर ट्रस्ट ने मिलकर यह सुनिश्चित किया है कि यात्रा शांतिपूर्ण और व्यवस्थित रूप से संपन्न हो।

# 'विमान क्रैश कर दूंगा' बेंगलुरु-सूरत एयर इंडिया एक्सप्रेस की फ्लाइट में हंगामा

**एजेंसी। बेंगलुरु**

मंगलवार को बेंगलुरु से सूरत जा रही एयर इंडिया एक्सप्रेस की फ्लाइट में हंगामा करने वाली 36 वर्षीय डॉक्टर को गिरफ्तार किया गया। उसने कथित तौर पर विमान को क्रैश करने की धमकी दी, जब केबिन क्रू ने क्रू केबिन के पास प्रतिबंधित क्षेत्र में अपना सामान रखने पर आपत्ति जताई। इस घटना के कारण उड़ान में दो घंटे की देरी हुई और सुरक्षा व्यवस्था को लेकर चिंता पैदा हो गई। आरोपी की पहचान येलहंका के पास शिवनहल्ली के रहने वाले व्यास हीरल मोहनभाई के रूप में हुई है। वह दो बैग के साथ अकेले AI फ्लाइट IX2749 में यात्रा कर रहा था।

### केआईए में महिला यात्री का हंगामा, सीआईएसएफ ने विमान से उतारा

कैप्टन ने तुरंत सुरक्षा अधिकारियों को सूचित किया, जिसके बाद केंद्रीय औद्योगिक सुरक्षा बल (सीआईएसएफ) के कर्मियों को विमान में बुलाया गया। वे विमान में सवार हुए और यात्री मोहनभाई को विमान से उतार दिया। केम्पेगौड़ा अंतर्राष्ट्रीय हवाई अड्डे (केआईए) में सुरक्षा की एसोसिएट मैनेजर अग्निमित्रा बहिनीपति द्वारा दर्ज की गई शिकायत के अनुसार, यह गड़बड़ी 17 जून को दोपहर 2:45 बजे से शाम 5:30 बजे तक चली।

# ग्राहक सेवा प्रतिनिधि बनकर ठगी करने वाला साइबर ठग गिरफ्तार

**एजेंसी। कोलकाता**



दिल्ली पुलिस ने कोलकाता से ऐसे साइबर ठग को गिरफ्तार किया है जो खुद को ग्राहक सेवा कार्यकारी बताकर लोगों को फर्जी ऐप्स डाउनलोड करवा कर उनके मोबाइल फोन का रिमोट एक्सेस लेता था और फिर उनके खातों से पैसे उड़ा देता था। गिरफ्तार आरोपित की पहचान असद अली अब्बास (25 वर्षीय) के रूप में हुई है। कोलकाता पुलिस के वरिष्ठ अधिकारी ने शुक्रवार को गिरफ्तारी की पुष्टि करते हुए बताया कि कोलकाता पुलिस की टीम ने दिल्ली पुलिस का सहयोग किया। उन्होंने बताया कि अब्बास उन लोगों को निशाना बनाता था जो इंटरनेट पर ग्राहक सेवा हेल्पलाइन नंबर खोजते थे। ऐसा ही एक मामला 17 अप्रैल को सामने आया, जब शिकायतकर्ता ने एक बैंक से नया क्रेडिट कार्ड मंगवाया था। कार्ड की डिलीवरी के समय वह घर पर मौजूद नहीं था, जिसके चलते कार्ड वापस चला गया। इसके बाद पीड़ित ने डिलीवरी सेवा का ग्राहक सेवा नंबर ऑनलाइन खोजा और एक नंबर पर कॉल किया। फोन उठाने वाले व्यक्ति ने खुद को ग्राहक सेवा अधिकारी बताया और कार्ड दोबारा भेजने के नाम पर केवल पांच रुपये का भुगतान करने को कहा। इसके लिए उसने पीड़ित को एक फाइल भेजी जो एक मैलवेयर ऐप थी। पुलिस के अनुसार, जैसे ही पीड़ित ने वह फाइल डाउनलोड की, वह भुगतान तो नहीं कर सका।

# तकनीकी खामी उजागर करने पर क्रू मेंबर्स बर्खास्त, सीबीआई जांच की मांग

**एजेंसी। नई दिल्ली**




एयर इंडिया द्वारा कथित तौर पर बोइंग 787 ड्रीमलाइनर विमान में तकनीकी खराबी बताने के लिए दो केबिन क्रू मेंबर्स को निकालने को लेकर एविएशन इंडस्ट्री एम्प्लॉईज गिल्ड के महासचिव जॉर्ज अब्राहम ने शुक्रवार को सीबीआई जांच की मांग की। जॉर्ज अब्राहम ने समाचार एजेंसी को बताया कि दो केबिन क्रू मेंबर्स को निकालने को लेकर हमने सीबीआई जांच की मांग की है क्योंकि विमान में तकनीकी खराबी बताने पर बयान बदलने का दबाव डलाकर नौकरी से निकालना एक काफी गंभीर विषय है। इससे एविएशन सेक्टर की सुरक्षा को खतरा पैदा होता है। इस मामले की निष्पक्ष जांच के लिए हमने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को भी पत्र लिखा है।पूरे मामले के बारे में आईएएनएस को बताते हुए अब्राहम ने कहा कि 14 मई, 2024 को मुंबई से लंदन की एयर इंडिया की उड़ान के लंदन पहुंचने के बाद विमान के दरवाजे में तकनीकी खराबी के कारण मैनुअल मोड में ही स्लाइड राफ्ट खुल गया था। उन्होंने आगे बताया कि स्लाइड राफ्ट केवल तब ही एक्टिवेट होते हैं विमान ऑटोमेटिक मोड में हो। पायलट और पूरे केबिन क्रू ने भी शुरुआती बयानों में विमान में तकनीकी खराबी को स्वीकारा था, लेकिन एयरलाइन के मैनेजमेंट के दबाव के कारण बयान को बाद में बदल दिया गया।

# 'पंजे' और 'लालटेन' के शिकंजे ने बिहार को पलायन का प्रतीक बना दिया था : पीएम

**एजेंसी। सीवान**

बिहार दौरे पर पहुंचे प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने राष्ट्रीय जनता दल (राजद) और कांग्रेस पर जमकर बरसे। इस दौरान पीएम मोदी ने शुक्रवार को सीवान में एक रैली को संबोधित करते हुए लालू यादव के राज की याद दिलाई और कहा कि जिस बिहार ने सदियों तक भारत की प्रगति को नेतृत्व दिया, उसको पंजे और लालटेन के शिकंजे ने पलायन का प्रतीक बना दिया था। पीएम मोदी ने महागठबंधन पर निशाना साधते हुए कहा, "मेरे इस विश्वास का कारण बिहार के आप सभी लोगों का सामर्थ्य है। आपने मिलकर बिहार से जंगलराज का सफाया किया है। यहां के हमारे नौजवानों ने तो 20 साल पहले के बिहार की बदहाली सिर्फ किस्सों और कथाओं में ही सुनी है। उन्हें अंदाजा ही नहीं है कि जंगलराज वालों ने बिहार की क्या हालत बना दी थी। जिस बिहार ने सदियों तक भारत की प्रगति को नेतृत्व दिया, उसको पंजे और लालटेन के शिकंजे ने पलायन का प्रतीक बना दिया था। बिहार में रहने वाले हर व्यक्ति के लिए सबसे बड़ी बात होती है उसका स्वाभिमान। उन्होंने कहा कि मेरे बिहारी भाई-बहन कठिन से कठिन परिस्थिति में काम करके दिखा देते हैं। वो कभी अपने स्वाभिमान से समझौता नहीं करते। लेकिन पंजे और लालटेन वालों ने मिलकर बिहार के स्वाभिमान को बहुत ठेस पहुंचाई है।



- पीएम ने राष्ट्रीय जनता दल (राजद) और कांग्रेस पर तीखा हमला बोला
- आज के युवा 20 साल पहले के बिहार की हालत को केवल किस्सों में ही सुनते हैं।

इन लोगों ने ऐसी लूट-खसोट मचाई कि गरीबी बिहार का दुर्भाग्य बन गई। अनेक चुनौतियों को पार करते हुए सीएम नीतीश के नेतृत्व में एनडीए सरकार बिहार को विकास की पटरी पर वापस लाई है, और मैं बिहारवासियों को विश्वास दिलाने आया हूं कि हमने भले बहुत कुछ किया हो, करते रहे हैं, करते रहेंगे, लेकिन इतने से शांत होकर रहने वाला मोदी नहीं है। मुझे तो अभी बिहार के लिए और भी बहुत कुछ करना है।"पीएम मोदी ने कहा कि सीवान की ये धरती हमारे स्वतंत्रता संग्राम की प्रेरक स्थली है। ये हमारे लोकतंत्र को, देश को, संविधान को ताकत देने वाली भूमि है। सीवान ने राजेंद्र बाबू जैसी महान संतान देश को दी।

## हमारे लिए 'सबका साथ, सबका विकास', लेकिन विपक्ष कहता है 'परिवार का साथ, परिवार का विकास': पीएम

**सीवान।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने शुक्रवार को बिहार के सीवान में जनसभा को संबोधित करते हुए विपक्ष पर जोरदार निशाना साधा। उन्होंने बिहार की एनडीए सरकार की जमकर तारीफ की। पीएम मोदी ने कहा कि हम कहते हैं- 'सबका साथ, सबका विकास', लेकिन ये लालटेन और पंजे वाले कहते हैं कि परिवार का साथ, परिवार का विकास। पीएम मोदी ने कहा कि इनकी राजनीति का कुल जमा निचोड़ यही है कि अपने हित और अपने परिवारों के विकास के लिए ये बिहार के करोड़ों परिवारों का अहित करने से भी नहीं चूकते हैं। सीवान के जसौली में आयोजित एक महती जनसभा को संबोधित करते हुए उन्होंने कहा, "आप सब जानते हैं कि मैं कल ही विदेश से लौटा हूं। वहां दुनिया के बड़े और समृद्ध देशों के नेतृत्व से बात हुई। विश्व के सारे नेता भारत की तेज प्रगति से काफी प्रभावित हैं। वे भारत को तीसरी बड़ी अर्थव्यवस्था बनते देख रहे हैं। इसमें बिहार की बड़ी भूमिका होने वाली है। बिहार समृद्ध होगा और देश की समृद्धि में बड़ी भूमिका निभाएगा।

## पीएम ने बिहार को दी 28 परियोजनाओं की सौगात, खुले वाहन पर सवार होकर सीएम नीतीश के साथ मंच तक पहुंचे

**सीवान।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी शुक्रवार को बिहार के सीवान पहुंचे जहां उनका जोरदार स्वागत किया गया। इस दौरान पीएम मोदी ने सीवान जिले के जसौली में आयोजित एक कार्यक्रम में करीब 5,900 करोड़ रुपये की लागत से आवास, शहरी विकास, जल शक्ति, विद्युत और रेल से जुड़ी 28 परियोजनाओं का शिलान्यास और उद्घाटन किया। पीएम मोदी यहां एक जनसभा को संबोधित कर रहे हैं, जिसमें बड़ी संख्या में सीवान, गोपालगंज और सारण सहित कई जिलों के लोग पहुंचे हैं। पीएम मोदी ने इस मौके पर करीब 400 करोड़ रुपये की लागत से वैशाली और देवरिया के बीच नई रेल लाइन परियोजना का उद्घाटन किया। साथ ही, इस रूट पर नई ट्रेन सेवा को भी हरी झंडी दिखाई।इसके अलावा प्रधानमंत्री मोदी ने पाटलिपुत्र से गोरखपुर के बीच वंदे भारत एक्सप्रेस को भी हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। यह वंदे भारत एक्सप्रेस मुजफ्फरपुर और बेतिया होते हुए चलेगी। प्रधानमंत्री मोदी मढ़ौरा रेल इंजन फैक्ट्री में बने पहले निर्यात योग्य लोकोमोटिव को भी हरी झंडी दिखाई, जो अब गिनी गणराज्य को भेजा जाएगा।

## 'किया कुछ नहीं अब सिर्फ अनाप-शनाप बोलते हैं': नीतीश कुमार

**सीवान।** बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने शुक्रवार को सीवान के जसौली में एक जनसभा को संबोधित करते हुए विपक्ष पर जमकर निशाना साधा। उन्होंने कहा कि जब मौका मिला तब किया कुछ नहीं और अब सिर्फ अनाप-शनाप बोलते हैं। उन्होंने इस दौरान एनडीए सरकार में विकास कार्यों की भी चर्चा की। बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने इस दौरान प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की जमकर तारीफ की। उन्होंने कहा कि आज पीएम मोदी यहां कई योजनाओं का उद्घाटन और शिलान्यास कर रहे हैं। बिहार लगातार विकास कर रहा है। दरअसल, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी सिवान जिले के जसौली में एक जनसभा को संबोधित कर रहे थे। इससे पहले मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने जनसभा को संबोधित किया। उन्होंने पीएम मोदी के यहां पहुंचने पर प्रसन्नता जताई और कहा कि यह बहुत खुशी की बात है। 2005 में बिहार में एनडीए की सरकार बनी है और तब से पूरे बिहार के लिए हमने सारा काम किया है। जब हमें मौका दिया गया तो हमने काम किया, लेकिन उसके पहले वालों ने कोई काम नहीं किया। मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने इशारों-इशारों में राजद पर निशाना साधते हुए कहा, "आजकल लोग अनाप-शनाप बोल रहे हैं। ये बिना मतलब की बात है। उन लोगों से पूछना चाहिए कि हमारी सरकार से पहले बिहार का क्या हाल था। कुछ काम नहीं किया गया था। उस समय लोग घर से बाहर नहीं निकल पाते थे। आज इतनी बड़ी संख्या में लोग पीएम को सुनने के लिए आए हैं।



# सीपीआई-माओवादी से जुड़े 12 कैडरों ने पुलिस के सामने सरेंडर किया

**भद्राद्री-कोठागुडेम।** सीपीआई (माओवादी) से जुड़े छत्तीसगढ़ के 12 कैडरों ने पुलिस के सामने सरेंडर कर दिया है। सभी ने गुरुवार को तेलंगाना के भद्राद्री-कोठागुडेम जिले में पुलिस के सामने सरेंडर किया। आत्मसमर्पण करने वालों में 2 डिवीजनल कमिटी सदस्य (डीवीसीएम) और 4 एरिया कमिटी सदस्य (एसीएम) शामिल हैं। सभी कैडर लंबे समय से माओवादी गतिविधियों में संलिप्त थे। फिलहाल तेलंगाना राज्य में इस साल अब तक कुल 566 माओवादी कैडर आत्मसमर्पण कर चुके हैं। पूरे देश की बात करें तो साल 2025 में अब तक कुल 1260 माओवादी कैडर आत्मसमर्पण कर चुके हैं। साल 2024 में ये संख्या 881 थी। इससे पहले आंध्र प्रदेश के अल्लूरी सीताराम राजू जिले में मुठभेड़ के दौरान सीपीआई (माओवादी) के तीन बड़े नेता मारे गए थे। आंध्र प्रदेश और ओडिशा बॉर्डर के इलाके में विशिष्ट माओवादी विरोधी बल ग्रेहाउंड्स के जवानों ने तलाशी अभियान चलाया था। उन्हें इस दौरान कुछ माओवादी नजर आए, जिनसे सरेंडर करने के लिए कहा गया था। हालांकि माओवादियों ने गोलीबारी शुरू कर दी। जवाबी कार्रवाई के दौरान तीन माओवादी मारे गए। माओवादियों की पहचान आंध्र ओडिशा बॉर्डर (एओबी) स्पेशल जोन कमेटी के सचिव गजरला रवि उर्फ उदय, स्पेशल जोन कमेटी सदस्य अरुणा और स्पेशल जोन कमेटी एसीएम अंजू के रूप में हुई।

## कांकेर में सुरक्षा बलों और माओवादियों के बीच मुठभेड़, एक महिला नक्सली ढेर

**रायपुर।** छत्तीसगढ़ के कांकेर में सुरक्षा बलों और माओवादी विद्रोहियों के बीच हुई मुठभेड़ में एक महिला माओवादी कार्यकर्ता मारी गई। खबरों के मुताबिक और भी लोगों के हताहत होने की संभावना है। छोटेबेठिया पुलिस थाने के अधिकार क्षेत्र में अमाटोला और कालपर गांवों के बीच घने जंगली पहाड़ियों में शुक्रवार की सुबह गोलीबारी शुरू हुई।पुलिस के अनुसार, ठोस खुफिया जानकारी के आधार पर जिला रिजर्व गार्ड द्वारा लक्षित अभियान शुरू किया गया था। अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक दिनेश सिन्हा ने आईएएनएस को बताया, "माओवादियों की मौजूदगी की सूचना मिलने पर डीआरजी (जिला रिजर्व गार्ड) और बीएसएफ (सीमा सुरक्षा बल) की संयुक्त पुलिस तलाशी अभियान के लिए रवाना हुई। तलाशी के दौरान संयुक्त पुलिस पार्टी और माओवादियों के बीच मुठभेड़ शुरू हो गई। मुठभेड़ में एक वर्दीधारी महिला माओवादी का शव और हथियार समेत अन्य सामान बरामद किया गया। तलाशी अभियान अभी भी जारी है और बीच-बीच में गोलीबारी हो रही है।"अधिकारी ने बताया कि सुरक्षा बलों द्वारा अपना अभियान पूरा करने तथा क्षेत्र से लौटने के बाद आगे की जानकारी दी जाएगी। ऑपरेशन का इलाका माड क्षेत्र है जिसे माओवादियों का गढ़ माना जाता है।

# आज का राशिफल

**मेष :** मन प्रसन्न बना रहेगा। अचल संपत्ति की खरीद अथवा कृषि उद्यम में रुचि पैदा होगी। परिवार के साथ मनोरंजनिक स्थल की यात्रा होगी। आपसी प्रेम-भाव में बढ़ोतरी होगी। भविष्य की योजनाओं पर विचार-विमर्श होगा। अपनों का सहयोग प्राप्त होगा। सभी का सहयोग मिलेगा।

**वृष :** दिन-भर का माहौल आडंबरपूर्ण और व्ययकारी होगा। वरिष्ठ लोगों से कहासुनी के कारण तनाव पैदा हो सकता है। संयमित भाषा का इस्तेमाल करें। कुछ कार्यक्रम बदलने होंगे। आवेग में आकर किये गए कार्यों का मलाल, अवसाद रहेगा। उतावलेपन से बचें। प्रेमभाव बढ़ेगा।

**मिथुन :** घर के सदस्य मदद करेंगे और साथ ही आर्थिक बदहाली से भी मुक्ति मिलने लगेगी। प्रियजनों से समागम का अवसर मिलेगा। मनोरथ सिद्धि का योग है। अवरुद्ध कार्य संपन्न हो जाएंगे। सभा-सोसायटी में सम्मान मिलेगा। पद-प्रतिष्ठा बढ़ाने के लिए कुछ सामाजिक कार्य संपन्न होंगे।

**कर्क :** सामाजिक कार्य संपन्न होंगे। प्रेमभाव बढ़ेगा। आमोद-प्रमोद का दिन होगा और व्यावसायिक प्रगति भी होगी। स्वास्थ्य और जीवन स्तर में सुधार की अपेक्षा रहेगी। ज्ञान-विज्ञान की वृद्धि होगी और सज्जनों का साथ भी रहेगा। स्त्री-संतान पक्ष का सहयोग मिलेगा।

**सिंह :** कुछ कार्य भी सिद्ध होंगे। व्यर्थ की भाग-दौड़ से यदि बचा ही जाए तो अच्छा है। प्रियजनों से समागम का अवसर मिलेगा। अवरुद्ध कार्य संपन्न हो जाएंगे। महत्वपूर्ण कार्य को समय पर बना लें तो अच्छा ही होगा। भाई-बहनों का प्रेम बढ़ेगा। स्वविवेक से कार्य करें। दुर्लभ स्वप्न साकार होंगे।

**कन्या :** आशा और उत्साह के कारण सक्रियता बढ़ेगी। आगे बढ़ने के अवसर लाभकारी सिद्ध हो रहे हैं। कुछ आर्थिक संकोच पैदा हो सकते हैं। कोई प्रिय वस्तु अथवा नवीन वस्त्राभूषण प्राप्त होंगे। सभा-गोष्ठियों में मान-सम्मान बढ़ेगा। धार्मिक आस्थाएं फलीभूत होंगी। स्त्री पक्ष का सहयोग मिलेगा।

**तुला :** व्यापार में स्थिति नरम रहेगी। शत्रुभय, चिंता, संतान को कष्ट अपव्यय के कारण बनेंगे। भ्रातृपक्ष में विरोध होने की संभावना है। आय-व्यय समान रहेगा। स्वास्थ्य उत्तम रहेगा। व्यर्थ प्रपंच में समय नहीं गंवाकर अपने काम पर ध्यान दीजिए। मेल-मिलाप से कोशिश सफल होगी।

**वृश्चिक :** कामकाज में आ रहा अवरोध दूर होकर प्रगति का रास्ता मिल जाएगा। मान-सम्मान में वृद्धि होगी। अच्छे कार्य के लिए रास्ते बना लेंगे। अपने हित के काम सुबह-सवेरे ही निपटा लें, क्योंकि आगे कामकाज सीमित तौर पर ही बन पाएंगे। स्वास्थ्य का पाया भी कमजोर बना रहेगा।

**धनु :** यात्रा प्रवास का सार्थक परिणाम मिलेगा। मेल-मिलाप से काम बनाने की कोशिश लाभ देगी। अपने काम में सुविधा मिल जाने से प्रगति होगी। समाज में मान-सम्मान बढ़ेगा। नवीन जिम्मेदारी बढ़ने के आसार रहेंगे। अपने काम को प्राथमिकता से करें।

**मकर :** मेहमानों का आगमन होगा। राजकीय कार्यों से लाभ। पैतृक सम्पत्ति से लाभ। नैतिक दायरे में रहें। मेहमानों का आगमन होगा। पुरानी गलती का पश्चाताप होगा। विद्यार्थियों को लाभ। दाम्पत्य जीवन सुखद रहेगा। वाहन चालन में सावधानी बरतें। आय के अच्छे योग।

**कुंभ :** परिवारजन का सहयोग व समन्वय काम को बनाना आसान करेगा। समाज में मान-सम्मान बढ़ेगा। आय-व्यय की स्थिति समान रहेगी। शैक्षणिक कार्य आसानी से पूरे होते रहेंगे। स्वास्थ्य उत्तम रहेगा। व्यापार व व्यवसाय में ध्यान देने से सफलता मिलेगी। ज्ञानार्जन का वातावरण बनेगा।

**मीन :** अपनों का सहयोग प्राप्त होगा। शिक्षा में आशानुकूल कार्य होने में संदेह है। व्यापार व व्यवसाय में स्थिति उत्तम रहेगी। नौकरी में पदोन्नति की संभावना है। मित्रों से सावधान रहें तो ज्यादा उत्तम है। शारीरिक सुख के लिए व्यसनों का त्याग करें। इच्छित कार्य सफल होंगे।

# अंतरराष्ट्रीय योग दिवस में कलाकारों ने बताया कि कैसे योग उन्हें फिट रखता है

**एजेंसी। मुंबई**




योग केवल एक अभ्यास नहीं है- यह एक ठहराव है, एक रीसेट है और स्वयं से जुड़ने का एक जेंटल रिमाइंडर भी है। योग दिवस के अवसर पर सोनी सब के लोकप्रिय चेहरे बता रही हैं कि कैसे छोटे-छोटे योग अभ्यासों ने उनकी दिनचर्या में बड़े बदलाव लाए हैं। 'तेनाली रामा' की प्रियमवदा कांत कहती हैं, "मैं अपने दिन की शुरुआत सूर्य नमस्कार से करती हूं। अपने आप के साथ बिताया गया यह शांत समय-भले ही कुछ ही मिनटों का हो-पूरा दिन कैसे जिएंगे, इसका तरीका ही बदल देता है। एक ऐसी दुनिया में जहां सब तेज़ी से भाग रहे हैं, यह कुछ माइंडफुल ब्रीदिंग मुझे ठहरने, अपने शरीर, अपने विचारों और कभी-कभी उस मौन को सुनने की याद दिलाती हैं। 'उफ्फ ये लव है मुश्किल' की आशी सिंह कहती हैं, "योग मेरी एक शांत नींव बन गया है। भले ही मैं केवल दस मिनट का प्राणायाम करूं या सेट पर जाने से पहले कुछ स्ट्रेचिंग, इसका असर मुझे तुरंत महसूस होता है। यह सरल है-लेकिन वाकई में बहुत मददगार भी है। 'वीर हनुमान' की सायली सालुंखे कहती हैं, "मेरे लिए योग केवल आसनों का अभ्यास नहीं है-यह खुद से एक आत्मीय संवाद है। योग ने मुझे संतुलन सिखाया है-सिर्फ चटाई पर ही नहीं, बल्कि हर भावना और हर चुनौती में भी। इस अंतरराष्ट्रीय योग दिवस पर मैं सभी से, खासकर युवा पीढ़ी से आग्रह करती हूं कि वे योग को सिर्फ एक ट्रेंड के रूप में नहीं, बल्कि जीवन भर के साथी के रूप में अपनाएं।

## मनरेगा में 38 लाख रुपए से ज्यादा का घोटाला

**विशनपुर।** उत्तर प्रदेश के बलरामपुर जिले के एक गांव में महात्मा गांधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारंटी योजना (मनरेगा) के तहत प्राप्त निधि में 38 लाख रुपये से अधिक के कथित घोटाला के संबंध में ग्राम प्रधान और अवर अभियंता समेत छह लोगों को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। एक अधिकारी ने बृहस्पतिवार को यह जानकारी दी। पुलिस अधीक्षक विकास कुमार ने बताया कि करीब ढाई महीने पहले पचपेड़वा खंड विकास अधिकारी ने खंड के विशनपुर टनटनवा गांव में तालाब निर्माण कार्य में मजदूरों के फर्जी दस्तावेजों के आधार पर 38.49 लाख रुपये के गबन की शिकायत थाने में दर्ज कराई थी। उन्होंने बताया कि पुलिस द्वारा इस मामले की जांच में आरोप सही पाए गए।

## अमित शाह के बयान पर राहुल गांधी का पलटवार

# हर बच्चे को चाहिए बोलना, अंग्रेजी रोजगार और आत्मविश्वास की भाषा

**एजेंसी। नई दिल्ली**



गृह मंत्री अमित शाह के अंग्रेजी को लेकर दिए बयान के बाद लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी ने शुक्रवार को कहा कि भाषा कोई बाधा नहीं बल्कि एक पुल है जो हर बच्चे को समान अवसर प्रदान करती है, हालांकि भाजपा-आरएसएस नहीं चाहता कि गरीब इसे सीखें क्योंकि यह उन्हें सवाल पूछने का अधिकार देता है। उन्होंने 'एक्स' पर एक पोस्ट में कहा कि भारत की हर भाषा में आत्मा, संस्कृति, ज्ञान है, जिसे संजो कर रखना चाहिए। साथ ही उन्होंने कहा कि हर बच्चे को अंग्रेजी सिखाने की जरूरत है क्योंकि यह "एक ऐसे भारत का मार्ग है जो दुनिया के साथ प्रतिस्पर्धा करता है, जो हर बच्चे को समान अवसर देता है। एक किताब के विमोचन के दौरान शाह ने कहा था कि मैं जो कहता हूं उसे याद रखें और मेरी बात ध्यान से सुनें। वह समय दूर नहीं जब इस देश में अंग्रेजी बोलने वाले लोगों को शर्म महसूस होगी। हमारे देश की भाषाएं हमारी संस्कृति के रत्न हैं। उनके बिना हम भारतीय नहीं हैं...विदेशी भाषा के साथ भारत की कल्पना नहीं की जा सकती। किसी भी समाज में किसी भी व्यक्ति को कोई भी भाषा या बोली बोलने में शर्म क्यों महसूस होनी चाहिए।

## भावुक पल — जन्मदिन पर दृष्टिबाधित छात्रों का गाना सुनकर छलके आंसू

# देहरादून में बच्चों के गीत से भावुक हुईं राष्ट्रपति मुर्मू

- 20 जून को अपने जन्मदिन पर राष्ट्रपति देवभूमि उत्तराखंड में मौजूद रहीं

**एजेंसी। देहरादून**



देहरादून पहुंचीं राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू का एक वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है। वीडियो में दृष्टिबाधित छात्रों राष्ट्रपति के जन्मदिन पर गीत गा रहे हैं। इस पर राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू भावुक हो जाती है और उनकी आंखों में आंसू भी छलक पड़ते है। राष्ट्रपति मुर्मू तीन दिवसीय दौरे पर उत्तराखंड की राजधानी देहरादून पहुंची हैं। खास बात यह है कि राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू शुक्रवार को अपने जन्मदिन के मौके पर देवभूमि में हैं, जहां उन्होंने राष्ट्रीय दृष्टि दिव्यांगजन सशक्तिकरण संस्थान के छात्रों के साथ कुछ समय बिताया। संस्थान की ओर से उनके लिए एक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस दौरान बच्चों ने एक गीत के जरिए जन्मदिन की शुभकामनाएं दीं। इस दौरान दिव्यांग बच्चों ने जन्मदिन पर बॉलीवुड का मशहूर गीत 'बार-बार ये दिन आए' गाया तो उनका गाना सुनकर राष्ट्रपति भावुक हो गईं और मंच पर ही उनकी आंखों में आंसू छलक गए। इसके बाद मंच पर मौजूद सुरक्षाकर्मी ने राष्ट्रपति को टिश्यू पेपर दिया, जिसकी मदद से उन्होंने अपने आंसुओं को पोंछा। सोशल मीडिया पर यह वीडियो वायरल हो रहा है, जिस पर यूजर्स अलग-अलग प्रतिक्रिया दे रहे हैं। राष्ट्रपति मुर्मू को उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से लेकर कई मंत्रियों ने उनके जन्मदिन पर सोशल मीडिया के जरिए बधाई दी। उपराष्ट्रपति धनखड़ ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म 'एक्स' पर लिखा, "भारत की माननीय राष्ट्रपति श्रीमती द्रौपदी मुर्मू को जन्मदिन की हार्दिक शुभकामनाएं। विनम्र शुरुआत से लेकर सर्वोच्च संवैधानिक पद तक की उनकी असाधारण यात्रा- नम्रता, सादगी और प्रतिष्ठा का प्रतीक रही है और यह हमारे लोकतंत्र की सच्ची भावना को दर्शाती है।

## उपराष्ट्रपति ने द्रौपदी मुर्मू को दी जन्मदिन की शुभकामनाएं

**नई दिल्ली।** उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ ने शुक्रवार को राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू को जन्मदिन की शुभकामनाएं दीं। उन्होंने राष्ट्रपति को विनम्रता और सादगी का प्रतीक बताया। उपराष्ट्रपति ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर अपने साथ राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू की एक तस्वीर शेयर की। जगदीप धनखड़ ने लिखा, "भारत की राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू को जन्मदिन की हार्दिक शुभकामनाएं। शुरुआत से लेकर सर्वोच्च संवैधानिक पद तक की उनकी असाधारण यात्रा, विनम्रता, सादगी और बड़प्पन का प्रतीक है, जो हमारे लोकतंत्र की सच्ची भावना को दर्शाती है। उन्होंने विधायक, राज्यपाल और अब सबसे बड़े लोकतंत्र के राष्ट्रपति के रूप में सार्वजनिक सेवा में अपनी यात्रा के दौरान लगातार उच्चतम मानक स्थापित किए हैं।




ऐतिहासिक जीत

# साइना नेहवाल ने भारत का गौरव बढ़ाया

**नई दिल्ली (आईएएनएस)**

एक दौर था जब भारत में बैडमिंटन को पुरुषों का खेल माना जाता था। लेकिन, इस प्रभुत्व को साइना नेहवाल ने तोड़ा। उन्होंने अपनी मेहनत और लगन से न सिर्फ अपना मकाम बनाया बल्कि पूर्व के सारे भारतीय रिकॉर्ड को पीछे छोड़ते हुए सफलता और लोकप्रियता के मामले में देश के अन्य बैडमिंटन खिलाड़ियों से काफी आगे निकल गईं। साइना नेहवाल ने अपने करियर में दर्जनों उपलब्धियां हासिल की हैं। 21 जून का दिन भी उनके लिए बेहद खास है। 2009 में इसी दिन उन्होंने इतिहास रचा था। 21 जून 2009 को साइना ने 'इंडोनेशियाई ओपन' जीतते हुए 'सुपर सीरीज बैडमिंटन टूर्नामेंट' का खिताब जीता। वह यह खिताब जीतने वाली पहली भारतीय थीं। इस उपलब्धि ने भारतीय बैडमिंटन के इतिहास में साइना का नाम हमेशा के लिए स्वर्णिम अक्षरों में दर्ज करा दिया। नेहवाल का जन्म 17 मार्च 1990 को हरियाणा के हिसार में हुआ था। बैडमिंटन में उनकी रुचि बचपन से थी। इसकी एक वजह यह भी हो सकती है कि उनके माता-पिता दोनों ही बैडमिंटन खिलाड़ी थे। सायना नेहवाल ने 2004 में पूर्व भारतीय बैडमिंटन खिलाड़ी पुलेला गोपीचंद की एकेडमी 2004 में ज्वाइन की। इसके बाद से उन्होंने कभी पीछे मुड़कर नहीं देखा और राष्ट्रीय-अंतरराष्ट्रीय प्रतियोगिताओं में अपना और देश का नाम गर्व से ऊंचा किया। इस खिलाड़ी की उपलब्धियों की फेहरिस्त बहुत लंबी है। 2012 में लंदन में आयोजित ओलंपिक में उन्होंने ब्रांज जीता। ओलंपिक में बैडमिंटन में ब्रांज जीतने वाली वह पहली भारतीय खिलाड़ी थीं। 2015 जकार्ता विश्व चैंपियनशिप में सिल्वर और 2017 ग्लासगो विश्व चैंपियनशिप में उन्होंने ब्रांज जीता। 2010 और 2018 कॉमनवेल्थ में एकल में गोल्ड मेडल साइना के नाम रहे। 2006 में 'एशियन सैटलाइट चैंपियनशिप', 2010 में 'सुपर सीरीज टूर्नामेंट', और 2012 में 'डेनमार्क खिताब' भी नेहवाल ने जीते हैं। साइना नेहवाल को भारत सरकार 2009 में अर्जुन पुरस्कार, 2010 में पद्मश्री, 2009-2010 के खेल रत्न पुरस्कार और 2016 में पद्मविभूषण से सम्मानित कर चुकी है।

# भारत के लिए दोबारा टेस्ट क्रिकेट खेलने की भूख ने मुझे आगे बढ़ाया : करुण

**लीड्स (आईएएनएस)**



भारतीय टीम में वापसी करने वाले करुण नायर शुक्रवार से इंग्लैंड के खिलाफ शुरू हो रही पांच मैचों की टेस्ट सीरीज में भारत के लिए अच्छा प्रदर्शन करने को बेताब हैं। आठ साल के अंतराल के बाद भारतीय टेस्ट टीम में वापसी करते हुए, नायर ने खुलासा किया कि देश के लिए फिर से खेलने के उनके दृढ़ निश्चय ने उन्हें आगे बढ़ने के लिए प्रेरित किया। बीसीसीआई की ओर से शेयर किए गए वीडियो में नायर ने कहा, "जब मैं उठा तो मेरा पहला विचार यह था कि मैं टेस्ट क्रिकेट खेलना चाहता हूं, मैं फिर से भारत के लिए खेलना चाहता हूं। शायद यही बात मुझे आगे बढ़ने और भूख बनाए रखने में मदद करती रही। यह हर दिन प्रशिक्षण के लिए जाने और हर दिन अभ्यास करने के लिए प्रेरित करती रही।

उस विश्वास को कभी न खोना और उस लक्ष्य को प्राप्त करना कुछ ऐसा था जिसने मेरी मदद की। इस जर्सी को पहनकर और अपने देश का प्रतिनिधित्व करके सम्मानित महसूस कर रहा हूं। उन्होंने कहा कि जब मैंने पहली बार सभी को देखा, तब मुझे वास्तव में लगा कि मैं आखिरकार टीम में हूं। तब तक यह मेरे लिए एक तरह से इंतजार था। मैं हमेशा टीवी पर सभी को देखता था। अब फिर से इस ड्रेसिंग रूम में वापस आना अद्भुत लगता है। यह अवसर पाकर आभारी हूं। जीवन एक फुल सर्कल में आ गया है क्योंकि मैं इंग्लैंड में टीम से बाहर हो गया था और अब मैं इंग्लैंड में टीम में वापस आ रहा हूं। बता दें कि 33 वर्षीय करुण नायर पहले से ही लय में है और उन्होंने इंग्लैंड लायंस के खिलाफ दो अनौपचारिक टेस्ट मैचों के दौरान भारत 'ए' की ओर से बेहतरीन बल्लेबाजी की थी। उन्होंने कैंटरबरी में पहले गेम में दोहरा शतक लगाया।

# सीपीएल 2025 से पहले ट्रिनबागो नाइट राइडर्स ने डीजे ब्रावो को मुख्य कोच नियुक्त किया

- टीकेआर ने आगामी सत्र के लिए एक शानदार टीम तैयार की है

**त्रिनिदाद एंड टोबैगो (आईएएनएस)**



ट्रिनबागो नाइट राइडर्स (टीकेआर) ने कैरेबियन प्रीमियर लीग (सीपीएल) 2025 के आगामी सीजन के लिए वेस्टइंडीज के पूर्व ऑलराउंडर ड्वेन ब्रावो को अपना नया हेड कोच नियुक्त किया है। ब्रावो के नेतृत्व में टीकेआर 17 अगस्त से ऐतिहासिक 5वें सीपीएल खिताब की तलाश में अपनी यात्रा शुरू करेगी। फ्रेंचाइजी ने एक बयान में कहा, "मैच जिताने वाले प्रदर्शनों और चैंपियनशिप क्षणों से भरे एक शानदार खेल करियर के बाद, ब्रावो अब एक नई भूमिका में बागडोर संभालेंगे, और डगआउट से नाइट्स की अगली पीढ़ी को प्रेरित और प्रशिक्षित करने के लिए तैयार हैं। ब्रावो ने 2013 से 2024 के बीच सीपीएल में 107 मैच खेले। उन्होंने 11 में से नौ सीजन में टीकेआर का प्रतिनिधित्व किया और पांच बार खिताब अपने नाम किया।

जिसमें 2021 भी शामिल है, जब उन्होंने सेंट किट्स एंड नेविस पैट्रियट्स का नेतृत्व किया था। 129 सीपीएल विकेट और 1,155 रन के साथ, ब्रावो सीपीएल इतिहास के सबसे सफल क्रिकेटरों में से एक हैं। ब्रावो ने कहा, "टीकेआर का मुख्य कोच बनने का अवसर मिलना मेरे लिए सम्मान की बात है, यह एक ऐसी टीम है जो मेरे दिल के बहुत करीब है। मैं कोच फिल सिमंस को पिछले कुछ वर्षों में उनके समय और प्रतिबद्धता के लिए व्यक्तिगत रूप से धन्यवाद देना चाहता हूं, और अब मैं अपने और अपने स्टाफ के लिए इस नई चुनौती का इंतजार कर रहा हूं। पिछले साल उन्हें आईएलटी 20 में अबू धाबी नाइट राइडर्स का मुख्य कोच नियुक्त किया गया था। उन्होंने आईपीएल 2025 में कोलकाता नाइट राइडर्स के मेंटर के रूप में भी काम किया और 2022 में फ्रेंचाइजी के लिए खेलना बंद करने के बाद 2023 और 2024 सीज़न के लिए चेन्नई सुपर किंग्स के लिए एक गेंदबाजी सलाहकार के रूप में काम किया था।

ऑस्ट्रेलिया की टेस्ट टीम में बड़ा बदलाव

# वेस्टइंडीज के खिलाफ टेस्ट से लाबुशेन-स्मिथ बाहर, कोंस्टस-इंग्लिस को मौका

**नई दिल्ली । एजेंसी**

बारबाडोस में 25 जून से वेस्टइंडीज के खिलाफ शुरू होने वाले टेस्ट से पहले ऑस्ट्रेलिया ने अपनी टीम में दो बड़े बदलाव किए हैं। मार्नस लाबुशेन को खराब फॉर्म के कारण टीम से बाहर किया गया है, जबकि स्टीव स्मिथ चोट के कारण नहीं खेल पाएंगे। उनकी जगह सैम कोंस्टस और जोश इंग्लिस को टीम में शामिल किया गया है। ऑस्ट्रेलिया ने अपनी बल्लेबाजी क्रम में बदलाव करने का फैसला वर्ल्ड टेस्ट चैंपियनशिप फाइनल में साउथ अफ्रीका के खिलाफ हार के बाद लिया है।

लाबुशेन को डब्ल्यूटीसी फाइनल में ओपनिंग की जिम्मेदारी दी गई थी, लेकिन वह 17 और 22 रन ही बना सके। पिछले दो सालों से उनका फॉर्म खराब चल रहा है।



*ऑस्ट्रेलिया ने अपनी बल्लेबाजी क्रम में बदलाव करने का फैसला वर्ल्ड टेस्ट चैंपियनशिप फाइनल में साउथ अफ्रीका के खिलाफ हार के बाद लिया है।*

चयन समिति के अध्यक्ष जॉर्ज बेली ने कहा,'मार्नस अपने सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन में टीम के लिए अहम हो सकते हैं। हम उनके साथ उनकी कमजोरियों को सुधारने पर काम करेंगे।

# 'मध्य प्रदेश महिला लीग' राज्य के इतिहास के लिए स्वर्णिम क्षण : ज्योतिरादित्य सिंधिया

**ग्वालियर (आईएएनएस)**

मध्य प्रदेश महिला लीग 2025 के पहले संस्करण का उद्घाटन गुरुवार को ग्वालियर के श्रीमंत माधवराव सिंधिया क्रिकेट स्टेडियम में हुआ। केंद्रीय मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया ने लीग को राज्य के लिए गौरव बताया। ज्योतिरादित्य सिंधिया ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर लिखा, "अब मध्य प्रदेश की बेटियां मैदान में अपना हुनर दिखाएंगी। ग्वालियर के श्रीमंत माधवराव सिंधिया स्टेडियम में एमपी महिला क्रिकेट लीग 2025 का शुभारंभ मध्य प्रदेश के इतिहास का एक अनूठा और स्वर्णिम क्षण है। उन्होंने कहा, "यह टूर्नामेंट महिला सशक्तीकरण का प्रतीक बनेगा और हमारी लड़कियों को आगे बढ़ने और चमकने का एक मंच प्रदान करेगा। निजी तौर पर, मुझे यह देखकर बहुत खुशी और गर्व होता है कि हमारे राज्य की बेटियां आगे बढ़ रही हैं और अपनी प्रतिभा और कड़ी मेहनत के माध्यम से देश भर में अपना नाम बना रही हैं।



**लीग का समापन 24 जून को फाइनल के साथ होगा**

लीग में बुंदेलखंड बुल्स, भोपाल वुल्व्स और चंबल घड़ियाल के रूप में तीन टीमें शामिल हैं। लीग का उद्देश्य स्थानीय प्रतिभाओं को निखारने और राज्य भर में खेलों में महिलाओं की भागीदारी को बढ़ावा देने के लिए एक सशक्त मंच के रूप में काम करना है।

बुंदेलखंड बुल्स वीमिन और भोपाल वुल्व्स वीमिन के बीच खेले गए पहले मैच में बारिश के कारण खेल में बाधा आने से पहले रोमांचक शुरुआत हुई। बुंदेलखंड बुल्स ने अपनी पारी में 109/8 रन बनाए, जिसमें प्रियंका कौशल ने चार विकेट चटकाए। जवाब में भोपाल वॉल्व्स ने 25/1 रन बनाए। लेकिन, इसी स्कोर पर बारिश की वजह से खेल को रोकना पड़ा। इस मैच को दोबारा खेला जाएगा।

## व्यापार/लाइफ व साइंस

'मेक इन इंडिया' बूस्ट

# 2014 से इंजीनियरिंग निर्यात में 60 प्रतिशत का उछाल

**नई दिल्ली (आईएएनएस)**

केंद्रीय वाणिज्य एवं उद्योग मंत्री पीयूष गोयल ने शुक्रवार को कहा कि 2014 से भारत के इंजीनियरिंग सामानों के निर्यात में 60 प्रतिशत की वृद्धि हुई है। 'मेक इन इंडिया' पहल की सफलता पर प्रकाश डालते हुए, केंद्रीय मंत्री गोयल ने इंजीनियरिंग निर्यात में लगातार वृद्धि का श्रेय पिछले एक दशक में सरकार के केंद्रित प्रयासों को दिया। केंद्रीय मंत्री गोयल ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर पोस्ट किया, "भारत 2014 से मोदी सरकार के तहत आगे बढ़ रहा है! इंजीनियरिंग सामान के निर्यात में 60 प्रतिशत की वृद्धि हुई है, जो 'मेक इन इंडिया' की मजबूत सफलता को दर्शाता है। इंजीनियरिंग निर्यात में यह वृद्धि ऐसे समय में हुई है जब भारत का व्यापक औद्योगिक प्रदर्शन भी लगातार सुधार दर्ज करवा रहा है। सांख्यिकी मंत्रालय के पिछले आंकड़ों के अनुसार, अप्रैल 2025 में औद्योगिक उत्पादन में सालाना आधार पर 2.7 प्रतिशत की वृद्धि हुई। भारत की आर्थिक वृद्धि का एक प्रमुख स्तंभ, मैन्युफैक्चरिंग सेक्टर ने अप्रैल में 3.4 प्रतिशत की वृद्धि दर्ज की, जो मार्च में 3 प्रतिशत की वृद्धि से बेहतर है। इस वृद्धि में बेसिक मेटल, मोटर व्हीकल और मशीनरी जैसे क्षेत्र सबसे अधिक योगदान देने वाले क्षेत्रों में से थे। अकेले मशीनरी और उपकरणों के निर्माण में 17 प्रतिशत की वृद्धि हुई, जो घरेलू और निर्यात दोनों बाजारों में मजबूत मांग की ओर इशारा करता है। औद्योगिक और इंफ्रास्ट्रक्चर परियोजनाओं में उपयोग किए जाने वाले उपकरणों के उत्पादन में 20.3 प्रतिशत की तीव्र वृद्धि देखी गई। यह न केवल उच्च निवेश गतिविधि का संकेत देता है, बल्कि दीर्घकालिक रोजगार सृजन और आय वृद्धि का भी समर्थन करता है। उपभोक्ता मांग भी मजबूत बनी हुई है, इलेक्ट्रॉनिक्स और उपकरणों जैसे टिकाऊ सामानों के उत्पादन में 6.4 प्रतिशत की वृद्धि हुई है।

भारत के इंफ्रास्ट्रक्चर को बढ़ावा देने से औद्योगिक विकास को बढ़ावा मिला है। अप्रैल में इंफ्रास्ट्रक्चर और निर्माण वस्तुओं के क्षेत्र में 4 प्रतिशत की वृद्धि हुई, जो राजमार्गों, रेलवे और बंदरगाहों पर प्रमुख सरकारी खर्च से प्रेरित थी। गुणवत्तापूर्ण इंजीनियरिंग उत्पादों के लिए वैश्विक मांग बढ़ने के साथ, भारत के औद्योगिक उत्पादन और निर्यात प्रदर्शन में सुधार को अर्थव्यवस्था के लिए सकारात्मक संकेत के रूप में देखा जा रहा है।



- **औद्योगिक उत्पादन में 2.7% वार्षिक वृद्धि :** सांख्यिकी मंत्रालय के अनुसार अप्रैल 2025 में औद्योगिक उत्पादन में 2.7% की वृद्धि दर्ज हुई।
- **मैन्युफैक्चरिंग सेक्टर में 3.4% की वृद्धि :** मार्च के 3% की तुलना में अप्रैल में बेहतर प्रदर्शन।
- **मुख्य योगदानकर्ता क्षेत्र :** बेसिक मेटल, मोटर वाहन और मशीनरी क्षेत्रों की प्रमुख भागीदारी।
- **मशीनरी और उपकरण निर्माण में 17% उछाल :** घरेलू व निर्यात मांग में मजबूती का संकेत।
- **औद्योगिक उपकरणों के उत्पादन में 20.3% वृद्धि :** उच्च निवेश गतिविधि, रोजगार और आय सृजन का संकेतक।
- **टिकाऊ उपभोक्ता सामानों में 6.4% वृद्धि :** इलेक्ट्रॉनिक्स व उपकरणों की मांग बनी रही मजबूत।
- **इंफ्रास्ट्रक्चर वस्तुओं में 4% की वृद्धि :** राजमार्ग, रेलवे, बंदरगाहों पर सरकारी खर्च के चलते उछाल।
- **वैश्विक इंजीनियरिंग उत्पादों की मांग में तेजी :** निर्यात और औद्योगिक उत्पादन में सुधार के सकारात्मक संकेत।

# सोना-चांदी खरीदारों के लिए खुशखबरी कीमतों में हुई गिरावट

**नई दिल्ली** । सोना और चांदी खरीदारों के लिए अच्छी खबर है। दोनों कीमती घातुओं की कीमतों में शुक्रवार को गिरावट देखने को मिली है। इंडिया बुलियन ज्वेलर्स एसोसिएशन (आईबीजेए) के मुताबिक, 24 कैरेट के 10 ग्राम सोने का दाम 570 रुपए कम होकर 98,691 रुपए हो गया है, जो कि पहले 99,261 रुपए था। 22 कैरेट सोने का दाम कम होकर 90,401 रुपए प्रति 10 ग्राम हो गया है, जो कि पहले 90,923 रुपए पर था। वहीं, 18 कैरेट सोने की कीमत 74,446 रुपए प्रति 10 ग्राम से कम होकर 74,018 रुपए प्रति 10 ग्राम हो गई है। सोने के साथ चांदी की कीमतों में भी गिरावट हुई है। चांदी का दाम 608 रुपए कम होकर 1,06,775 रुपए प्रति किलो हो गया है, जो कि पहले 1,07,383 रुपए प्रति किलो था।

# भू-राजनीतिक चिंताएं कम होने से कारोबार के अंत में सेंसेक्स 1,000 से अधिक अंक उछला

**मुंबई (आईएएनएस)**



मध्य पूर्व में भू-राजनीतिक तनाव कम होने से निवेशकों को राहत मिली और लगातार तीन सत्रों की गिरावट के बाद शुक्रवार को कारोबार के अंत में भारतीय शेयर बाजारों में उछाल दर्ज किया गया। अमेरिका ने कहा कि वह अभी भी ईरान के साथ बातचीत के लिए तैयार है और दो सप्ताह के भीतर इजरायल को समर्थन देने के बारे में फैसला करेगा। इस बयान से निवेशकों की चिंताएं कम हुईं और बाजारों में व्यापक स्तर पर तेजी आई। मजबूत शुरुआत के बाद, सेंसेक्स और निफ्टी दोनों ने कारोबार का अंत बढ़त के साथ किया। सेंसेक्स 1,046.30 अंक या 1.29 प्रतिशत की बढ़त के साथ 82,408.17 पर बंद हुआ। दिन के दौरान, इंडेक्स ने 82,494.49 का इंट्रा-डे हाई छुआ था। निफ्टी भी 319.15 अंक या 1.29 प्रतिशत की बढ़त के साथ 25,112.4 पर बंद हुआ। जियोजित इन्वेस्टमेंट लिमिटेड के विनोद नायर ने कहा, "मध्य पूर्व में तनाव कम होने और ईरान के साथ अमेरिकी वार्ता की उम्मीद के कारण तत्काल सैन्य कार्रवाई का जोखिम कम होने से घरेलू इक्विटी सूचकांक में उछाल आया।

उन्होंने कहा कि इस घटनाक्रम से कच्चे तेल की कीमतों में सुधार हुआ, जिससे घरेलू बाजारों को फायदा हुआ और विदेशी निवेशकों की धारणा को बल मिला। सेंसेक्स फ्रंट पर केवल मारुति सुजुकी इंडिया टॉप लूजर रही। दूसरी ओर, भारती एयरटेल 3.27 प्रतिशत की बढ़त के साथ टॉप गेनर रहा।

# 2025 की पहली तिमाही में ग्लोबल सुपर-प्राइम प्रॉपर्टी की बिक्री में 6 प्रतिशत की वृद्धि

**नई दिल्ली (आईएएनएस)।** सुपर-प्राइम आवासीय संपत्तियों के वैश्विक बाजार में 2025 की पहली तिमाही के दौरान लेनदेन में 6 प्रतिशत की वृद्धि दर्ज की गई। यह जानकारी शुक्रवार को आई एक रिपोर्ट में दी गई। रियल एस्टेट कंसल्टेंसी नाइट फ्रैंक द्वारा संकलित आंकड़ों के अनुसार, 2025 की पहली तिमाही में 12 वैश्विक शहरों में 9.43 बिलियन डॉलर के कुल 527 सुपर-प्राइम सौदे दर्ज किए गए, जो पिछली तिमाही के 498 सौदों से अधिक थे। इन लग्जरी घरों की औसत बिक्री कीमत 17.9 मिलियन डॉलर रही। दुबई ने 111 सौदों के साथ एक बार फिर वैश्विक रैंकिंग में शीर्ष स्थान हासिल किया, जिसमें सबसे अधिक लेनदेन और सबसे अधिक लेनदेन मात्रा दर्ज की गई। पाम बीच और मियामी ने भी मजबूत प्रदर्शन किया। पाम बीच में 2025 की पहली तिमाही में 74 डील के साथ शानदार वृद्धि देखी गई।

# मई में आठ मुख्य उद्योगों ने दर्ज की 0.7 प्रतिशत की वृद्धि, सीमेंट और स्टील रहे सबसे आगे

**नई दिल्ली (आईएएनएस)**

मई में आठ मुख्य उद्योगों (आईसीआई) के संयुक्त सूचकांक में पिछले साल के इसी महीने की तुलना में 0.7 प्रतिशत का इजाफा हुआ है। यह जानकारी वाणिज्य और उद्योग मंत्रालय की ओर से शुक्रवार को जारी किए गए डेटा से मिली। सीमेंट, स्टील, कोयला और रिफाइनरी उत्पादों के उत्पादन में पिछले महीने सकारात्मक वृद्धि दर्ज की गई। मंत्रालय ने कहा कि फरवरी, मार्च और अप्रैल के लिए आठ कोर उद्योगों के सूचकांक की अंतिम वृद्धि दर क्रमशः 3.4, 4.5 और एक प्रतिशत रही है। वित्त वर्ष 2025-26 के अप्रैल से मई के दौरान आईसीआई की संचयी वृद्धि दर पिछले वर्ष की इसी अवधि की तुलना में 0.8 प्रतिशत (अनंतिम) है। मंत्रालय के आंकड़ों के अनुसार, मई 2025 में कोयला उत्पादन में पिछले साल की समान अवधि के मुकाबले 2.8 प्रतिशत की वृद्धि हुई। वित्त वर्ष 2025-26 के अप्रैल से मई के दौरान इसका संचयी सूचकांक पिछले वर्ष की इसी अवधि की तुलना में 3.1 प्रतिशत बढ़ा है। मई में पेट्रोलियम रिफाइनरी उत्पादन में 1.1 प्रतिशत की वृद्धि हुई है। वित्त वर्ष 2025-26 के अप्रैल से मई के दौरान इसका संचयी सूचकांक पिछले वर्ष की इसी अवधि की तुलना में 1.7 प्रतिशत कम हुआ। मई में स्टील उत्पादन में 6.7 प्रतिशत की वृद्धि हुई है और वित्त वर्ष 2025-26 के अप्रैल से मई के दौरान इसका संचयी सूचकांक पिछले वर्ष की इसी अवधि की तुलना में 5.5 प्रतिशत बढ़ा है।



# अगले 20 वर्षों में भारत की शहरी आबादी 70 मिलियन तक बढ़ने की संभावना

**नई दिल्ली।** भारतीय कंपनियों को नगर निगमों के साथ साझेदारी में शहरों में इन्फ्रास्ट्रक्चर का निर्माण करना चाहिए, क्योंकि अगले दो दशकों (2045 तक) में देश में शहरी आबादी 70 तक मिलियन तक बढ़ने की संभावना है। एक वरिष्ठ अधिकारी ने शुक्रवार को यह बयान दिया। राष्ट्रीय राजधानी में सीआईआई कॉन्फ्रेंस को संबोधित करते हुए आवासन और शहरी कार्य मंत्रालय में अतिरिक्त सचिव डी थारा ने कहा कि भारत की आर्थिक महत्वाकांक्षाओं और इसके शहरी स्थानीय निकायों की क्षमताओं के बीच कोई जुड़ाव नहीं है, इसलिए देश के शहरी विकास में निजी क्षेत्र को सक्रिय रूप से शामिल करने की आवश्यकता है।

# इजरायल-ईरान संघर्ष से देश के चावल निर्यातकों को नुकसान, एक्सपोर्ट रुका

**नई दिल्ली (आईएएनएस)**



इजरायल-ईरान संघर्ष का देश के चावल निर्यात पर काफी असर पड़ा है और ईरान जाने वाले चावल की शिपमेंट करीब रुक गई है। चावल निर्यातकों ने शुक्रवार को यह जानकारी दी। चावल निर्यातक नरेंद्र मिगलानी ने कहा, "ईरान और इजरायल के बीच चल रहे युद्ध का असर भारत के चावल निर्यातकों पर पड़ा है। संघर्ष के कारण ईरान के रास्ते जाने वाले चावल का निर्यात बंद हो गया है, जिससे हरियाणा, पंजाब, दिल्ली व यूपी से निर्यात होने वाला करीब 1 लाख मीट्रिक टन चावल बंदरगाहों पर ही रुक गया है। उन्होंने आगे कहा, "भारत, ईरान को सबसे ज्यादा बासमती चावल का निर्यात करता है। उसके बाद सऊदी अरब और तीसरे नंबर पर इराक को चावल निर्यात करता है। मिगलानी ने आगे बताया, "युद्ध के कारण निर्यात होने वाले चावल की कीमतों में करीब 1200 प्रति क्विंटल की गिरावट आ गई है। निर्यातकों की सबसे बड़ी चिंता ईरान में फंसे उनके चावल के पैसे और पोर्ट लैंड पर खड़े उनके चावल कंटेनर को लेकर है, क्योंकि ईरान में निर्यात होने वाले चावल का कोई इंश्योरेंस नहीं होता, जिस कारण अब निर्यातकों को करोड़ों रुपए के चावल खराब होने का डर सता रहा है। दूसरी ओर ईरान जाने वाले चावल के निर्यात के लिए परमिट सिर्फ चार महीने के लिए बनता है।

राष्ट्रीय नवीन मेल की खबर पर तुरंत हरकत में आया प्रशासन, कोयल रिवर फ्रंट पर तैनात हुआ पुलिस बल

# जलस्तर बढ़ने के बीच प्रशासन सक्रिय, सीमांकन कर दी गई चेतावनी, रील व सेल्फी से बचने की अपील

नवीन मेल संवाददाता



**मेदिनीनगर।** कोयल नदी के जलस्तर में बढ़ोतरी के बीच राष्ट्रीय नवीन मेल में शुक्रवार को प्रकाशित खबर का बड़ा असर देखने को मिला है। खबर में रिवर फ्रंट पर सुरक्षा के अभाव को उजागर किया गया था, जिसके बाद प्रशासन तुरंत सक्रिय हो गया। दिन की शुरुआत के साथ ही शहर थाना प्रभारी ज्योति लाल रजवार के नेतृत्व में पुलिस बल को कोयल रिवर फ्रंट पर तैनात किया गया, वहीं माइकिंग के माध्यम से लोगों से नदी किनारे नहीं जाने, सेल्फी या रील न बनाने की सख्त अपील की गई। पुलिस बल ने रिवर फ्रंट पर मौजूद लोगों को समझाया और कई युवाओं को जो रेलिंग पर चढ़कर रील बना रहे थे, उन्हें हटाया गया। थाना प्रभारी रजवार ने बताया कि सुरक्षात्मक दृष्टिकोण से यह कार्रवाई की जा रही है, ताकि जलस्तर बढ़ने की स्थिति में किसी प्रकार की अनहोनी न हो।

बताते चलें कि राष्ट्रीय नवीन मेल ने शुक्रवार को प्रमुखता से यह खबर प्रकाशित की थी कि कोयल नदी का जलस्तर बढ़ा हुआ है, लेकिन अब तक प्रशासन की ओर से कोई सुरक्षा व्यवस्था नहीं की गई है। खबर के प्रकाशित होते ही प्रशासन ने फौरन संज्ञान लिया और पुलिस बल की तैनाती कर दी।

गौरतलब है कि पिछले वर्ष सितंबर में एक छात्र सक्षम गुप्ता की रील बनाते वक्त नदी में डूबकर मौत हो गई थी, जिसके बाद से यह स्थान संवेदनशील माना जाता है।

शुक्रवार की शाम नगर निगम की ओर से भी माइकिंग कर लोगों को नदी के पास न जाने, रिवर फ्रंट की रेलिंग से दूर रहने, और जलस्तर सामान्य होने तक वीडियो या फोटो न बनाने का निर्देश दिया गया। इस दौरान टीओपी-1 प्रभारी इंद्रदेव पासवान, आरक्षी राकेश सिंह समेत कई जवान मौके पर मौजूद रहे और स्थिति पर निगरानी बनाए रखी गई। प्रशासनिक सक्रियता से स्थानीय लोगों ने राहत की सांस ली है और राष्ट्रीय नवीन मेल की पत्रकारिता को सराहा है, जिसने समय पर अहम मुद्दा उठाया।

## हंटरगंज में ज्वेलरी शॉप में सेंधमारी, लाखों की चोरी

**हंटरगंज (चतरा)।** हंटरगंज प्रखंड के गोसाईडीह मेन रोड पर स्थित स्नेहा एंड विकास ज्वेलर्स में बीती रात अज्ञात चोरों ने सेंधमारी कर लगभग 3.6 लाख रुपये मूल्य की ज्वेलरी और नकदी की चोरी कर ली। चोरों ने दुकान की पिछली दीवार में सेंध काटकर तिजोरी और शोकेस में रखे कीमती चांदी के सामान पर हाथ साफ कर दिया। दुकानदार सेवाईचक (गया) निवासी संचालक ने बताया कि पहले भी वर्ष 2022 में 5 लाख की चोरी इसी दुकान से हो चुकी है। सूचना पर पहुंची पुलिस ने एफआईआर दर्ज कर सीसीटीवी फुटेज की जांच शुरू कर दी है। स्थानीय लोगों ने बढ़ती चोरी की घटनाओं पर नाराजगी जताई और गश्ती बढ़ाने की मांग की है।

## कृषक मित्रों का प्रदर्शन जारी सम्मानजनक मानदेय की मांग दोहराई

**लातेहार।** जिले के कृषक मित्रों ने शुक्रवार को जिला कृषि कार्यालय परिसर में प्रदर्शन कर सम्मानजनक मानदेय की मांग की। जिला कृषक मित्र महासंघ के नेतृत्व में आयोजित प्रदर्शन के दौरान एक ज्ञापन जिला कृषि पदाधिकारी सह आत्मा परियोजना निदेशक को सौंपा गया। महासंघ के जिला अध्यक्ष जगदीश राम ने बताया कि कृषक मित्र 27 मई से हड़ताल पर हैं, लेकिन सरकार की ओर से कोई ठोस पहल नहीं हुई है। उन्होंने कहा कि पिछले 15 वर्षों से कृषक मित्र आत्मा परियोजना के तहत विभिन्न विभागों की योजनाओं के प्रचार-प्रसार, बीएलओ जैसे कार्यों में योगदान दे रहे हैं, लेकिन उन्हें अत्यंत अल्प मानदेय मिलता है।

## 72 करोड़ की लागत से बनी सड़क पहली बारिश में धंसी, निर्माण गुणवत्ता पर उठे सवाल

**बारियातू (लातेहार)।** पथ प्रमंडल द्वारा 72 करोड़ की लागत से बारियातू-हेरहंज मार्ग पर बनाई जा रही 23.5 किलोमीटर लंबी सड़क पहली बारिश में ही धंस गई। डाढ़ा मोड़ से रुद के बीच कलवर्ट के पास सड़क फट गई है और जगह-जगह दरारें आ गई हैं। निर्माण कार्य संवेदक दिनेश चंद्र आर. अग्रवाल द्वारा किया जा रहा है। पहले भी अखबारों में निर्माण कार्य की गुणवत्ता को लेकर खबरें छप चुकी थीं, लेकिन कोई सुधार नहीं हुआ। स्थानीय नेता लाल आशीषनाथ शाहदेव ने बताया कि घटिया निर्माण के कारण वाहन फंसने की घटनाएं सामने आई हैं। उन्होंने सरकार से जांच कर कार्रवाई की मांग की है।

## गेरुआगढ़ा तालाब से भरे पानी से ग्रामीण डरे, विधायक प्रतिनिधि ने लिया जायजा

**चंदवा।** प्रखंड के गेरुआगढ़ा तालाब में बारिश के कारण अत्यधिक पानी भर गया है, जिससे आसपास के घरों को खतरा हो गया है। बच्चों के डूबने और घर गिरने की आशंका के चलते ग्रामीण भयभीत हैं। सूचना मिलने पर विधायक प्रतिनिधि आदर्श रविराज ने तालाब का निरीक्षण किया और मुखिया संगीता लकड़ा से बात की। उन्होंने विधायक प्रकाश राम को स्थिति से अवगत कराया, जिसके बाद अंचलाधिकारी को आवश्यक कार्रवाई का निर्देश दिया गया। हल्का कर्मचारी मुनेश्वर गंझू ने तालाब स्थल का निरीक्षण कर शीघ्र जल निकासी की व्यवस्था कराने की बात कही।

## कुंदा में बारिश का कहर, दूसरे दिन भी कच्चे मकान धराशायी

**कुंदा (चतरा)।** प्रखंड क्षेत्र में मूसलधार बारिश से दूसरे दिन भी गरीबों के आशियाने धराशायी हो गए। लेवाड़ गांव के अकल गंझु, करीलगढ़वा टोला के विनोद गंझु, चाया गांव के बैजनाथ यादव, मेदवाडीह के बिकु गुप्ता समेत कई ग्रामीणों के कच्चे मकान गिर गए।

## बारिश के बाद टापू बने कई गांव, जान जोखिम में डालकर नदी पार कर रहे ग्रामीण

**कुंदा (चतरा)।** भारी बारिश के कारण नवादा पंचायत के उलवार, रगनियांतरी, टटेज, इचाक, पचम्बा, नावाडीह समेत कई गांव टापू में तब्दील हो गए हैं। ग्रामीण जान जोखिम में डालकर तेज धार वाली नदी पार कर रहे हैं। मुखिया भरत यादव ने बताया कि वर्षों से पुल की मांग की जा रही है, लेकिन अब तक कोई कार्यवाही नहीं हुई है।

## पर्यटन विकास को लेकर बैठक आयोजित

नवीन मेल संवाददाता

**मेदिनीनगर।** उपायुक्त कार्यालय कक्ष में शुक्रवार को जिला पर्यटन संवर्द्धन परिषद की बैठक हुई। उपायुक्त समीरा एस की अध्यक्षता में आयोजित बैठक में जिले के विभिन्न पर्यटन स्थलों के विकास, सौंदर्यीकरण और पर्यटकीय सुविधाओं को जोड़ने पर चर्चा की गई।

**बोटिंग सुविधा की योजना पर मंथन :** बैठक में रानीताल डैम (चैनपुर), कचरवा डैम (मेदिनीनगर) और भीम बराज में बोटिंग शुरू करने की योजना पर विचार हुआ। इसके लिए सभी आवश्यक मानकों को ध्यान में रखते हुए प्रक्रिया अपनाने का निर्णय लिया गया। कचरवा डैम परिसर में वन विभाग द्वारा पौधारोपण और दो किलोमीटर पाथवे निर्माण की भी योजना है।

**नई परियोजनाओं के डीपीआर तैयार :** केचकी संगम, भीम चूल्हा और निरीक्षण भवन का विस्तृत परियोजना प्रतिवेदन (डीपीआर) तैयार कर लिया गया है। निकट भविष्य में निर्माण कार्य शुरू किया जाएगा। साथ ही नगर आयुक्त आवास के पीछे बजट होटल निर्माण की योजना भी अंतिम चरण में है।

**स्थानीय रोजगार की संभावना पर जोर :** सांसद विष्णु दयाल राम ने मलय डैम को विश्वस्तरीय पर्यटन स्थल के रूप में विकसित करने की आवश्यकता पर बल दिया। उन्होंने पर्यटन के साथ-साथ हॉस्पिटैलिटी और धार्मिक पर्यटन को भी विकसित करने की आवश्यकता बताई।

बैठक में उप विकास आयुक्त जावेद हुसैन, वन प्रमंडल पदाधिकारी सत्यम कुमार, सहायक समाहर्ता हिमांशु लाल, जनसंपर्क पदाधिकारी असीम कुमार, पर्यटन पदाधिकारी और अन्य विभागीय प्रतिनिधि उपस्थित रहे।

## पलाश जेएसएलपीएस योजनाओं की समीक्षा बैठक

**मेदिनीनगर।** उप विकास आयुक्त जावेद हुसैन की अध्यक्षता में शुक्रवार को समाहरणालय सभागार में पलाश जेएसएलपीएस योजनाओं की समीक्षा बैठक हुई। इसमें नए सखी मंडलों के गठन और आजीविका बढ़ाने के लिए स्वयं सहायता समूह की भागीदारी सुनिश्चित करने पर बल दिया गया। बैठक में बताया गया कि वर्तमान वित्तीय वर्ष में बैंक लिंकेज का लक्ष्य 250 है, जबकि अभी तक 88 ही प्राप्त हुए हैं। प्रधानमंत्री सुरक्षा बीमा और जीवन ज्योति योजना को एक माह में पूर्ण कराने का निर्देश दिया गया। फूलों झानो आशीर्वाद योजना के अंतर्गत जुलाई तक 50 लाभुकों को लाभ पहुंचाने का लक्ष्य निर्धारित किया गया है। बैठक में सहायक समाहर्ता, जिला कार्यक्रम प्रबंधक अनीता सीकेरकेट्टा, प्रखंड कार्यक्रम प्रबंधक, परियोजना पदाधिकारी और अन्य संबंधित अधिकारी उपस्थित रहे।

## गुजरात में छत से गिरकर युवक की मौत, शव चार दिन बाद गांव पहुंचा

नवीन मेल संवाददाता



**गिद्धौर (चतरा)।** गिद्धौर थाना क्षेत्र के बरटा-पांडेटांड़ गांव के 18 वर्षीय अरविंद कुमार भुइयां, पिता बिशुनधारी भुइयां की गुजरात के अहमदाबाद में काम के दौरान मौत हो गई।

परिजनों के अनुसार, युवक 14 जून को बिल्डिंग की छत से गिरकर घायल हो गया था और इलाज के दौरान उसकी मृत्यु हो गई। चार दिन बाद शव गांव लाया गया, जहां शव आया लेकिन पिता नहीं लौट सके, क्योंकि वे गुजरात में ही शव लाने गए थे।

इस घटना ने पलायन और बाल श्रम पर प्रशासन की नीतियों को कठघरे में खड़ा कर दिया है। मृतक की उम्र महज 18 वर्ष थी, और इतने कम उम्र में परदेश जाकर मजदूरी करना बताता है कि सरकारी योजनाओं का लाभ जरूरतमंदों तक नहीं पहुंच रहा है।

बाल संरक्षण, श्रम विभाग और ग्रामीण विकास योजनाओं की मौजूदा स्थिति की समीक्षा और सुधार की सख्त जरूरत है।

## बीमार बेटी के इलाज के लिए पैसे नहीं, मदद की लगाई गुहार

**बेतला।** बरवाडीह प्रखंड के सरईडीह निवासी अखबार विक्रेता विक्रम कुमार की पुत्री मानसी कुमारी गंभीर दिमागी बीमारी से पीड़ित है। विक्रम कुमार ने बताया कि आर्थिक तंगी के कारण वह अपनी बेटी का समुचित इलाज नहीं करा पा रहे हैं। रांची सहित अन्य शहरों में इलाज कराने के बाद डॉक्टरों ने बताया कि मानसी के मस्तिष्क में गहरा जख्म है, जिसका इलाज खर्चीला है। विक्रम ने बताया कि अपनी क्षमता के अनुसार जितना पैसा था, वह इलाज में खर्च हो गया। कुछ कर्ज लेकर इलाज जारी रखने की कोशिश की गई, पर अब और संभव नहीं है। उन्होंने विधायक और उपायुक्त से मदद की अपील की है। मानसी की बिगड़ती हालत ने उसके माता-पिता को मानसिक रूप से तोड़ दिया है।

अंतरराष्ट्रीय योग दिवस पर सामूहिक योगाभ्यास कार्यक्रम आज आयोजित

## भारत विकास परिषद की मेदिनीराय शाखा ने आयोजित की शिविर



वीन मेल संवाददाता

**मेदिनीनगर।** अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर भारत विकास परिषद की मेदिनी राय शाखा, मेदिनीनगर द्वारा आज राष्ट्रीय नवीन मेल प्रेस कार्यालय में सामूहिक योगाभ्यास कार्यक्रम आयोजित किया जाएगा। इस आयोजन को लेकर उत्साह का माहौल है और बड़ी संख्या में पदाधिकारी, सदस्य व नागरिकों की भागीदारी की संभावना है।

कार्यक्रम की जानकारी देते हुए संस्था के दक्षिण झारखंड प्रांत अध्यक्ष सत्येंद्र तिवारी ने बताया कि हर वर्ष की तरह इस बार भी अंतरराष्ट्रीय योग दिवस के मौके पर योग के महत्व को प्रचारित-प्रसारित करने के उद्देश्य से यह आयोजन किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि योग केवल शारीरिक व्यायाम नहीं, बल्कि यह शरीर, मन और आत्मा का सामंजस्य है जो व्यक्ति को सम्पूर्ण रूप से स्वस्थ बनाता है।

योगाभ्यास सत्र में भाग लेने वाले प्रतिभागियों को विभिन्न आसन और प्राणायाम की विधियों से अवगत कराया जाएगा। कार्यक्रम में यह भी समझाया जाएगा कि नियमित योगाभ्यास से मानसिक तनाव, मधुमेह, रक्तचाप, मोटापा व अन्य कई रोगों से बचा जा सकता है।

## पेज एक के शेष

### भारी बारिश को...

आकलन कर राज्य सरकार को तत्काल रिपोर्ट भेजें, ताकि प्रभावित लोगों को राहत और मुआवजा देने में किसी तरह का कोई विलंब नहीं हो। मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने सभी जिलों के उपायुक्तों को निर्देश दिया कि जिलों में स्थापित कंट्रोल रूम को पूर्ण रूप से सक्रिय रखें। अतिवृष्टि को देखते हुए वॉटरफॉल, बराज इत्यादि पर्यटन स्थलों में किसी भी प्रकार की अनहोनी से बचने के लिए एनडीआरएफ की टीम के साथ-साथ स्थानीय लोगों का भी सहयोग लें। मुख्यमंत्री ने कहा कि वॉटरफॉल में आवश्यकता के अनुरूप सुरक्षा कर्मी भी तैनात रखें।मौके पर मंत्री डॉ इरफान अंसारी, मुख्य सचिव अलका तिवारी, मुख्यमंत्री के अपर मुख्य सचिव अविनाश कुमार तथा वीडियो कांफ्रेंसिंग के जरिए सभी जिलों के उपायुक्त उपस्थित थे।

### जल जमाव वाले...

ऐसे में एंटी रेबीज टीके और अन्य सभी जरूरी दवाएं स्वास्थ्य केंद्रों में उपलब्ध कराए जाएं। मुख्यमंत्री ने कहा कि इस वर्ष मॉनसून की शुरुआत में ही भारी बारिश हो रही है, ऐसे में यह जरूरी है कि बरसात के मौसम में होने वाली समस्याओं से निपटने की पूरी तैयारी पहले से ही रखें। मुख्यमंत्री सोरेन ने निर्देश दिया कि भारी बारिश के कारण सड़क, पुल, पुलिया से संबंधित जो भी क्षति पहुंची है, उसकी शीघ्र मरम्मत हो। उन्होंने निर्देश दिया कि किसी भी पुल या पुलिया के धंसने का एक और मुख्य कारण अवैध बालू निकासी हो सकता है, इसकी भी जानकारी लें तथा ऐसे कार्यों पर अविलंब रोक लगाएं।

### बारिश और वज्रपात...

बारिश के साथ तेज आंधी और वज्रपात के कारण बिजली के कई पोल और तार गिर गए हैं। बिजली नहीं रहने से रातभर बच्चों और बुजुर्गों को मच्छरों ने परेशान किया। लोगों की शिकायत है कि बारिश होते ही बिजली चली जाती है, लेकिन विभाग ध्यान नहीं देता है। विभाग सिर्फ शिकायत लेता है, समाधान नहीं करता। वहीं, सुदूरवर्ती क्षेत्रों में मरम्मत कार्य में देरी से गांवों में अंधेरा पसरा रहा। रांची शहर में मेन रोड, अशोक नगर, हरमू, लालपुर क्षेत्र में कई घंटों तक बिजली नहीं रही। वहीं, सिसई (गुमला), तमाड़ (रांची), बसेरिया (लोहरदगा) और बकसपूर (खूंटी) जैसे गांवों में 12 से 18 घंटे तक बिजली गुल रही। इटकी (रांची) में तीन दिनों से लगातार हो रही बारिश के बीच शुक्रवार की सुबह गुलजार रोड स्थित ट्रांसफॉर्मर तेज आवाज के साथ ब्लास्ट कर गया। इससे गुलजार रोड के आसपास का इलाका अंधेरे में डूब गया है। झारखंड बिजली वितरण निगम लिमिटेड (जेबीवीएनएल) के अधिकारियों के अनुसार, आंधी-तूफान के कारण कई जगह तार और ट्रांसफॉर्मर क्षतिग्रस्त हुए हैं। टीम मरम्मत कार्य में लगी हुई है। जल्द ही आपूर्ति बहाल कर दी जाएगी। शुक्रवार को रांची और आसपास के इलाकों में सुबह से रुक-रुक कर बारिश होती रही। दो दिन की बारिश से राजधानी रांची में कई इलाकों में जलजमाव हो गया है। इससे लोगों को परेशानी हो रही है। वहीं, रांची जिले के मांडर प्रखंड के टांगरबसली-पचपदा मुख्य पथ पर स्थित बीरगोड़ा नदी में बन रहा पुल एक बार फिर चर्चा में है। बुधवार रात से लगातार हो रही बारिश के कारण नदी पर बना अस्थायी डायवर्सन बह गया, जिससे क्षेत्र के दर्जनों गांवों का संपर्क प्रखंड मुख्यालय से टूट गया है। भारी बारिश के कारण शुक्रवार को रांची का अधिकतम और न्यूनतम तापमान में अंतर करीब चार डिग्री सेल्सियस ही रह गया। रांची में शुक्रवार को अधिकतम तापमान 26.0 और न्यूनतम तापमान 22.1 डिग्री दर्ज किया गया। मेदिनीनगर (डालटनगंज) अधिकतम तापमान 28.6 और न्यूनतम तापमान 24.4 रिकार्ड किया गया। झमाझम बारिश से कोयला खदान वाले इलाकों की मुसीबत बढ़ गई है। खदानों के नीचे पानी भरने से गैस बाहर आने लगी है, जिससे लोगों को परेशानी हो रही है। रांची के खलारी कोयलांचल में करकट्टा खदान, धनबाद जिले के झरिया, बाघमारा एवं कतरास, रामगढ़ जिले के रजरप्पा में भुचुंगडीह और बोकारो जिले के ढोरी इलाके की एक खदान से गैस और धुएं का गुबार उठ रहा है। खलारी कोयलांचल अंतर्गत करकट्टा स्थित बंद कोयला खदान में दरारों से पानी घुसने के साथ तेज धुआं निकलने लगा है। इस इलाके में 15 से अधिक स्थानों पर गैस और धुआं निकल रहा है। वहीं, भू-धंसान के खतरों से लोग दहशत में हैं। धनबाद के झरिया इलाके में बीसीसीएल (भारत कोकिंग कोल लिमिटेड) की एरिया-9 और सिजुआ इलाके की कनकनी कोलियरी में कई जगहों पर जमीन की दरारों से धुआं उठ रहा है। बीसीसीएल की सभी 12 एरिया की ओपनकास्ट और अंडरग्राउंड खदानों में बरसात का पानी भर गया है। इस वजह से कोयला का उत्पादन बंद करना पड़ा है। खतरे की आशंका को देखते हुए कंपनी प्रबंधन ने भूमिगत खदानों में कर्मियों के प्रवेश पर रोक लगा दी है। खदानों में खड़ी भारी मशीनें पानी में डूब गई हैं। ज्ञात हो कि बीसीसीएल प्रशासन ने पहले से ही हाई अलर्ट जारी किया था, लेकिन जल निकासी व्यवस्था कमजोर रहने के कारण खदानों में पानी भर गया।

### 25 जून तक...

वहीं, 25 जून को राज्य के सभी क्षेत्रों में हल्के से मध्यम दर्जे की बारिश होने की संभावना है। पिछले 24 घंटे के दौरान राज्य में सबसे अधिक बारिश रांची के कांके में 300.4 मिमी दर्ज की गई। राजधानी रांची में 153.3 मिमी बारिश रिकॉर्ड की गई। जमशेदपुर में 247.2, मेदिनीनगर (डालटनगंज) 107.4, बोकारो 38.6, चाईबासा में 123.3, खूंटी में 105, बहरागोड़ा में 237.5 लातेहार में 150 मिमी बारिश रिकॉर्ड की गई।

### जेएसएससी सीजीएल परीक्षा...

इस फोरम के अध्यक्ष विभागीय मंत्री होंगे, जबकि स्पीकर की ओर से मनोनीत पांच विधायक सदस्य होंगे। विकास आयुक्त, विभागीय प्रधान सचिव, सचिव और परियोजना निदेशक भी फोरम के सदस्य होंगे। फोरम की ओर से एचआईवी एड्स की रोकथाम के लिए जागरूकता और एड्स पीड़ितों के साथ भेदभाव समाप्त करने के लिए कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। उन्होंने बताया कि झारखंड राजकीयकृत प्रारंभिक विद्यालय शिक्षक प्रोन्नति नियमावली-2025 की मंजूरी दी गई। लिए गए निर्णय के अनुसार नियमावली में स्नातक प्रशिक्षित समाजिक विज्ञान (वाणिज्य सहित) और गणित एवं भाषा के पदों के विरुद्ध प्रोन्नति के लिए अलग से वरीयता सूची तैयार करने की बाध्यता है। खूंटी में महिला कॉलेज के लिए 57 करोड़ 95 लाख 45 हजार रुपए और सरायकेला-खरसावां जिले के ईचागढ़ में डिग्री महाविद्यालय के लिए 38 करोड़ 76 लाख रुपए मंजूर किए गए हैं। दुमका और पलामू में डिप्लोमा स्तरीय राजकीय फार्मेसी संस्थानों के लिए 28-28 पदों के सृजन के प्रस्तावों को भी कैबिनेट ने स्वीकृति प्रदान की है। इन पदों में प्रचार प्राध्यापक सहित अन्य पद शामिल हैं। झारखंड हाई कोर्ट के आदेश पर उमेश कुमार सिंह सहायक शिक्षक के आश्रित सुमित कुमार सिंह को चतुर्थ से तृतीय वर्ग में प्रोन्नति को लेकर नियमों को क्षान्त करने की स्वीकृति कैबिनेट में दी गई।

### कैबिनेट के अन्य..

-कोर कैपिटल एरिया में प्रस्तावित ताज होटल के निर्माण के लिए मैक्सिमम ग ग्राउंड कवरेज 25 प्रतिशत से बढ़ाकर 40 प्रतिशत एवं मैक्सिमम बिल्डिंग हाइट 26 मीटर से बढ़ाकर 27 मीटर तक करने की स्वीकृति दी गई।

पथ प्रमंडल, सिमडेगा अन्तर्गत सिमडेगा-सेवई-किंकेल-कुरडेग- कुटमाकछार-छत्तीसगढ़ सीमा तक पथ 63.20 किमी का राईडिंग क्वालिटी में सुधार कार्य के लिए 38 करोड़ 34 हजार आठ सौ रुपए की प्रशासनिक स्वीकृति दी गई। पथ प्रमण्डल, मनोहरपुर अन्तर्गत उधन बारंगा धानापल्ली पथ के चैनेज 11वें किमी में कोयल नदी पर उच्चस्तरीय पुल निर्माण कार्य के लिए 37 करोड़ 88 लाख 72 हजार छः सौ रुपए मात्र की प्रशासनिक स्वीकृति दी गई।

### बोकारो के जरीडीह...

अवैध गन फैक्ट्री का काम मैरेज पैलेस के आड़ में रिहायशी इलाके में चल रहा था। वहां नामी अंग्रेजी ब्रांड की कंपनी के नाम से अवैध शराब का भी निर्माण किया जाता था। छापेमारी के दौरान करीब 50 कार्टन अवैध बरामद हुआ है। मिली जानकारी के अनुसार, गिरफ्तार दोनों आरोपियों से पूछताछ में संकेत मिले हैं कि नक्सल संगठनों एवं संगठित आपराधिक गिरोहों को हथियार सप्लाई किया जा रहा था। ये हथियार पश्चिम बंगाल होते हुए बांग्लादेश भी भेजे जा रहे थे। जांच में पता चला है कि यहां गन फैक्ट्री बहुत दिनों से चल रहा था। कोलकाता एसटीएफ को पहले से जानकारी मिल रही थी कि यहां गन फैक्ट्री संचालित हो रहा है। पिछले दिनों धनबाद के महुदा से भी कोलकाता एसटीएफ की सूचना पर एक गन फैक्ट्री का पर्दाफाश किया गया था।

### पुरुलिया में सड़क...

पुलिस अधीक्षक अभिजीत बनर्जी ने घटना की पुष्टि करते हुए बताया कि सभी 9 शवों को बरामद कर लिया गया है। दुर्घटना के कारणों की जांच चल रही है। दुर्घटना के बाद मौके से फरार हुए ट्रेलर चालक और उसके सहायक की तलाश की जा रही है।

अव्यवस्था | 63 केवीए ट्रांसफॉर्मर जलने से कुम्हार टोली में बिजली गुल


# चंदवा में बारिश से बिजली व्यवस्था चरमराई, कई इलाके अंधेरे में

नवीन मेल संवाददाता



**चंदवा (लातेहार)।** प्रखंड क्षेत्र में लगातार हो रही बारिश के कारण विद्युत आपूर्ति व्यवस्था बुरी तरह प्रभावित हुई है। महुआमिलान–डूरु के बीच 11 हजार वोल्ट के तार पर पलाश का पेड़ गिर जाने से महुआमिलान, स्टेशन, रक्सी, पिपराही और मरमर सहित कई गांव पिछले चार दिनों से अंधेरे में हैं। शहर से सटे कुम्हार टोली में लगा 63 केवीए का ट्रांसफार्मर जल गया, जिससे इलाके की विद्युत आपूर्ति पूरी तरह ठप है। स्थानीय निवासियों ने बताया कि उपभोक्ताओं की संख्या अधिक होने के कारण 63 केवीए ट्रांसफार्मर अपर्याप्त है। उन्होंने कम से कम 100 केवीए ट्रांसफार्मर लगाने की मांग की है। उपभोक्ताओं ने मामले की जानकारी विधायक और सांसद को दी है और शीघ्र समाधान की मांग की है।

## महुआडांड़ में बिजली संकट गहराया 24 घंटे में सिर्फ 2 घंटे रोशनी




**महुआडांड़।** अनुमंडल क्षेत्र में बिजली आपूर्ति व्यवस्था चरमराई हुई है। दिनभर में केवल 2 से 3 घंटे ही बिजली मिल रही है, जिससे आम जनजीवन प्रभावित हो रहा है। स्थानीय लोगों ने बताया कि पिछले एक सप्ताह से हालात बेहद खराब हैं। स्कूली बच्चे मोबाइल चार्ज करने के लिए बाजारों का चक्कर लगा रहे हैं, पढ़ाई बाधित हो रही है। बिजली विभाग के अधिकारी फोन नहीं उठाते, कर्मचारी क्षेत्र से गायब हैं। पर्यटकों और सरकारी मेहमानों को भी पानी और बिजली की भारी किल्लत झेलनी पड़ रही है। स्थानीय लोगों ने चेतावनी दी है कि यदि शीघ्र सुधार नहीं हुआ, तो विभाग के खिलाफ धरना प्रदर्शन किया जाएगा।

# अमेरिका ने ईरान को दो हफ्ते की मोहलत दी, बात नहीं बनी तो ट्रंप लेंगे सख्त फैसला

**वाशिंगटन (हि.स.)**

अमेरिका दिल कुछ पसीजा है। राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के ईरान के खिलाफ रुख में कुछ नरमी आई है। कल दक्षिणी इजराइल के एक बड़े अस्पताल पर मिसाइल हमले के बाद राष्ट्रपति ट्रंप ने कहा कि वह अगले दो हफ्ते के भीतर तय करेंगे कि ईरान के खिलाफ इजराइल के बमबारी अभियान में शामिल होना है या नहीं। द न्यूयॉर्क टाइम्स की खबर के अनुसार, व्हाइट हाउस की प्रेस सचिव कैरोलिन लेविट ने बयान में साफ किया है कि ट्रंप ने कहा, " निकट भविष्य में ईरान के साथ बातचीत होने संभावना है। इसलिए वह अगले दो हफ्ते के भीतर अपना फैसला लेंगे। लेविट ने कहा कि ईरान के साथ किसी भी समझौते में यूरेनियम को समृद्ध करने और हथियार विकसित करने पर प्रतिबंध शामिल होना चाहिए। उन्होंने कहा कि राष्ट्रपति के मध्य पूर्व दूत स्टीव विटकॉफ ईरानी अधिकारियों के संपर्क में हैं। सनद रहे कि ईरान ने इजराइल के बीरशेबा में सोरोका मेडिकल सेंटर और अन्य स्थानों पर कल मिसाइल हमला कर अपना आक्रामक रुख साफ कर दिया है। सीएनएन चैनल की खबर के अनुसार, ट्रंप ने सैन्य कार्रवाई पर निर्णय लेने से पहले ईरान के साथ कूटनीति वार्ता के लिए दो सप्ताह की अवधि तय की है। इसका मकसद इजराइल के बमबारी अभियान के बीच रुकी हुई वार्ता को फिर से शुरू करना है। ट्रंप और उनके सलाहकारों को उम्मीद है कि इजराइली हमलों और मिसाइलों के नुकसान के दबाव में ईरान अपने यूरेनियम संवर्धन को बंद करने के लिए सहमत हो सकता है। व्हाइट हाउस के प्रयासों में मध्य पूर्व के दूत स्टीव विटकॉफ और उपराष्ट्रपति जेडी वेंस इस घटनाक्रम पर नजर रख रहे हैं।

आज ब्रिटेन, जर्मनी और फ्रांस के यूरोपीय विदेश मंत्री जिनेवा में ईरानी प्रतिनिधियों से मिलेंगे और विटकॉफ के पहले के प्रस्ताव पर फिर से विचार करेंगे। हालांकि, ईरान ने कहा है कि जब तक इजराइल बमबारी बंद नहीं करता तब तक वह अमेरिका के साथ कोई बातचीत नहीं करेगा। व्हाइट हाउस की प्रेस सचिव कैरोलिन लेविट ने कहा कि ईरान और पूरी दुनिया को पता होना चाहिए कि संयुक्त राज्य अमेरिका की सेना दुनिया की सबसे मजबूत और सबसे घातक लड़ाकू शक्ति है। इस सप्ताह व्हाइट हाउस के सिचुएशन रूम की बैठकों में राष्ट्रपति ने फोर्डो में ईरान की भूमिगत परमाणु सुविधा को लक्षित करने वाले बंकर-बस्टर बमों से जुड़े विकल्पों की समीक्षा की है। उल्लेखनीय है कि इजराइल और ईरान के बीच सैन्य तनाव 13 जून से जारी है। इजराइल ने ईरान के परमाणु बुनियादी ढांचे को निशाना बनाते हुए "राइजिंग लायन" अभियान शुरू किया।




## ईरान की परमाणु गतिविधियों पर अमेरिकी एजेंसियों की चिंता

*द न्यूयॉर्क टाइम्स की खबर के अनुसार, ट्रंप ने गुरुवार को अपनी टिप्पणियों के साथ कुछ सांस लेने की जगह का विकल्प चुना, जो उन्हें नए राजनयिक, सैन्य और गुप्त विकल्पों की मेजबानी ला सकता है। जिनेवा बैठक में भाग लेने वाले ब्रिटेन के विदेश सचिव डेविड लैमी ने बयान में कहा कि ईरान के साथ स्थिति खतरनाक बनी हुई है, लेकिन कूटनीतिक समाधान प्राप्त करने के लिए अगले दो सप्ताह के भीतर एक खिड़की मौजूद है। उनकी यह टिप्पणी व्हाइट हाउस में विदेशमंत्री मार्को रुबियो और मध्य पूर्व के लिए ट्रंप के विशेष दूत स्टीव विटकॉफ के साथ मुलाकात के बाद आई। इजराइल के प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू ने गुरुवार को कहा कि ईरान की परमाणु सुविधाओं के मामले में उनके देश में अपने सभी लक्ष्यों को अकेले हासिल करने की क्षमता है। नेतन्याहू ने कहा कि अमेरिकी पायलटों ने ड्रोन हमलों से इजराइल की रक्षा करने में सक्रिय भूमिका निभाई है।*

### भारत ने इजरायल से अपने नागरिकों को निकालने का फैसला किया

**नई दिल्ली ।** विदेश मंत्रालय ने गुरुवार को 'ऑपरेशन सिंधु' के तहत इस्त्राइल से भारतीय नागरिकों को निकालने की योजना की घोषणा की, क्योंकि इस्त्राइल और ईरान के बीच संघर्ष बढ़ रहा है। विदेश मंत्रालय ने कहा कि जो भारतीय नागरिक घर वापस जाना चाहते हैं, उन्हें इस ऑपरेशन के तहत वापस लाया जाएगा। इजरायल से भारत की यात्रा भूमि सीमाओं के माध्यम से सुगम होगी। विदेश मंत्रालय ने एक बयान में कहा कि ईरान और इस्त्राइल के बीच हाल की घटनाओं को देखते हुए, भारत सरकार ने फैसला किया है कि वे इस्त्राइल से उन भारतीय नागरिकों को निकालेंगे जो वहां से जाना चाहते हैं। उनकी इस्त्राइल से भारत की यात्रा भूमि सीमाओं के माध्यम से और फिर हवाई मार्ग से भारत तक की जाएगी। भारतीयों को तेल अवीव के दूतावास द्वारा सहायता दी जाएगी। विदेश मंत्रालय ने कहा कि इस्त्राइल में मौजूद भारतीय नागरिक जिन्हें घर लौटना है, उन्हें तेल अवीव के भारतीय दूतावास से सहायता मिलेगी।

**इजरायल-ईरान संघर्ष**

## अमेरिकी हस्तक्षेप टलने के बाद कच्चे तेल की कीमत में आई भारी गिरावट

**नई दिल्ली (आईएएनएस)**



वैश्विक बाजारों में शुक्रवार को कच्चे तेल की कीमतों में गिरावट देखने को मिली और ब्रेंट क्रूड फ्यूचर्स 2 प्रतिशत की गिरावट के साथ 77.24 डॉलर प्रति बैरल पर पहुंच गया है। इसकी वजह राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप की ओर से इजरायल-ईरान संघर्ष में अमेरिकी हस्तक्षेप को दो हफ्तों के लिए टलना है।

इजरायल और ईरान संघर्ष में अमेरिका हस्तक्षेप करेगा या नहीं, इस पर फैसला राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप अगले दो हफ्ते में लेंगे। व्हाइट हाउस की प्रेस सचिव कैरोलिन लेविट ने राष्ट्रपति ट्रंप के हवाले से कहा, "निकट भविष्य में ईरान के साथ वार्ता होने या न होने की पर्याप्त संभावना है, राष्ट्रपति ट्रंप अगले दो सप्ताह में इस बारे में निर्णय लेंगे कि हस्तक्षेप करना है या नहीं। विश्लेषकों के मुताबिक, मध्य पूर्व में तनाव कम करने के लिए ईरान से ट्रंप की बातचीत की संभावना के कारण कच्चे तेल की कीमतों में गिरावट आई है। ईरान ने मौजूदा स्थिति में अमेरिका के हस्तक्षेप के खिलाफ चेतावनी दी है। साथ ही कहा है कि इस तरह के किसी भी हस्तक्षेप से पश्चिम एशिया में तनाव और बढ़ेगा। मध्य पूर्व कच्चा तेल का बड़ा निर्यातक क्षेत्र है। इस क्षेत्र में संघर्ष से दुनिया के बड़े कच्चे तेल निर्यातक देश सऊदी अरब, इराक, कुवैत और यूएई की तेल आपूर्ति पर असर हो सकता है, जिससे कच्चे तेल की कीमतों में बढ़ोतरी हो सकती है। इजरायल के हमलों ने ईरान के परमाणु स्थलों और मिसाइल ठिकानों को निशाना बनाया है, लेकिन इस्लामिक देश की तेल सुविधाओं पर हमला नहीं किया है। 13 जून को ईरान के परमाणु संयंत्रों और मिसाइल उत्पादन ठिकानों पर इजरायल के हमले के बाद मध्य पूर्व में भू-राजनीतिक तनाव बढ़ने के बाद अंतरराष्ट्रीय बाजार में तेल की कीमतों में 9 प्रतिशत से अधिक की बढ़ोतरी हुई थी।

## ईरान में फंसे बंगाल के तीर्थयात्री और छात्र परिजनों ने लगाई सरकार से लगाई गुहार

**नई दिल्ली (हि.स.)**



जिले के कई परिवार इन दिनों गहरे संकट से गुजर रहे हैं। ईरान की तीर्थयात्रा और उच्च शिक्षा के लिए गए लोग अब वहां के संघर्षग्रस्त हालात में फंस गए हैं। देगंगा से 11 तीर्थयात्री और स्वरूपनगर व बसीरहाट से तीन छात्र वर्तमान में ईरान में जीवन और मौत के बीच जूझ रहे हैं। देगंगा के चौरासी ग्राम पंचायत के धलीपाड़ा गांव से तीन परिवारों का एक दल 30 मई को मशहद जैसे पवित्र स्थल की यात्रा पर निकला था। उन्हें 18 जून को भारत लौटना था लेकिन तभी क्षेत्र में अचानक हिंसा भड़क उठी और सभी तीर्थयात्री वहां फंस गए। गफूर अली की बेटी शाहिला खातून ने कहा कि हमारी आखिरी बातचीत मुश्किल से एक मिनट चली थी, उसके बाद से पूरी खामोशी है। गफूर अली, उनकी पत्नी शुकरान बीबी, शाहिद अली गयेन व उनकी पत्नी मुसलिमा बीबी, पड़ोसी अकरम हुसैन और अन्य बुजुर्ग सदस्य भी इस समूह में शामिल हैं। अकरम हुसैन की पत्नी सलमा बीबी अपनी पीड़ा रोक न सकीं और रोते हुए बोलीं कि मुझे बस मेरा पति सही-सलामत वापस चाहिए। अब बाकी कुछ मायने नहीं रखता। शाहिद अली के बेटे हुसैन मेहदी ने केंद्र और राज्य सरकार दोनों से अपील करते हुए कहा कि हमने स्थानीय प्रशासन को सूचना दे दी है। इसी तरह स्वरूपनगर के मिर्जापुर के रहने वाले इमरान हुसैन और उनकी पत्नी मुस्कान खातून, जो 2023 से इस्फ़हान यूनिवर्सिटी में फ़ारसी भाषा की पोस्ट-ग्रेजुएट पढ़ाई कर रहे थे, वे भी रविवार से लापता हैं। इमरान की मां रेहाना खातून ने बताया कि हमने रविवार को आखिरी बार बात की थी, उसके बाद से उनके मोबाइल बंद हैं। हमें कुछ समझ नहीं आ रहा कि उन्हें कैसे वापस लाएं।

बसीरहाट के संकचुरा निवासी और शोध छात्र सैयद बाक़िर मज्लिसी रिज़वी भी क़ुम स्थित अल-मुस्तफा इंटरनेशनल यूनिवर्सिटी में पीएचडी कर रहे हैं। वह भी अपने हॉस्टल में फंसे हुए हैं और शनिवार से भारतीय दूतावास से संपर्क करने की कोशिश कर रहे हैं लेकिन उड़ानों के बंद होने से उनकी वापसी अब अनिश्चित हो गई है।

### उमर अब्दुल्ला, फारूक ने ईरान से छात्रों को वापस लाने के केंद्र के प्रयासों की सराहना की

**श्रीनगर ।** जम्मू-कश्मीर के मुख्यमंत्री उमर अब्दुल्ला ने बृहस्पतिवार को युद्धग्रस्त ईरान से भारतीय छात्रों को वापस लाने के लिए केंद्र के प्रयासों की सराहना की। उन्होंने कहा कि ईरान में केंद्र शासित प्रदेश के 1,300 से 1,400 छात्र हैं जबकि 6,000 से 8,000 लोग पूरे देश के हैं। उमर ने युद्धग्रस्त देश से छात्रों को वापस लाने में विदेश मंत्री एस जयशंकर के प्रयासों की सराहना की और कहा कि बंदरगाह एवं हवाई अड्डे बंद होने के कारण फंसे हुए भारतीयों को एक 'ऑपरेशन' के तहत निकाला जा रहा है। नेशनल कॉन्फ्रेंस के प्रमुख फारूक अब्दुल्ला ने युद्धग्रस्त ईरान से भारतीय नागरिकों को वापस लाने के लिए केंद्र सरकार, खासकर प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के प्रयासों की प्रशंसा की। उन्होंने संवाददाताओं से कहा, ''यह हमारी जिम्मेदारी है। हमारे बच्चे वहां (ईरान) शिक्षा हासिल करने गए थे। हालात बिगड़ गए और स्वाभाविक रूप से उनके माता-पिता चिंतित थे। अगर मैं उनकी जगह होता, तो मुझे भी चिंता होती। छात्र खुद वहां से वापस लौटना चाहते थे।

## भारत के बाद पाक ने भी अमेरिका की मध्यस्थता का दावा नकारा

**सऊदी अरब की भूमिका को बताया अहम**

**नई दिल्ली (आईएएनएस)**




भारत के बाद अब पाकिस्तान ने भी दोनों देशों के बीच सीजफायर कराने में अमेरिका की भूमिका को नकारा है। साथ ही यह भी दावा किया कि पाकिस्तान के रिक्वेस्ट पर सऊदी अरब ने भारत से सीजफायर के लिए बात की। पाकिस्तान के उप प्रधान मंत्री इशाक डार ने पाकिस्तानी समाचार चैनल में दिए एक इंटरव्यू के दौरान ऐसा दावा किया।

डार ने इंटरव्यू के दौरान यह भी माना कि भारत ने पाकिस्तान के दो बड़े एयरबेस, नूर खान और शोरकोट, पर हमला किया था। उन्होंने खुलासा किया कि 6-7 मई की दरमियानी रात जब पाकिस्तान जवाबी हमले की तैयारी कर रहा था, तभी भारत ने दोबारा एयर स्ट्राइक किया और नूर खान-शोरकोट एयरबेस को नुकसान पहुंचाया। डार ने दोनों देशों के बीच सीजफायर कराने की भूमिका में सऊदी अरब की पहल की बात स्वीकारी। उन्होंने बताया कि भारत के हमलों के बाद सऊदी अरब के प्रिंस ने भारत से फोन पर बात करने का प्रस्ताव दिया था। फिर पाकिस्तान की हामी के बाद सऊदी अरब ने भारत से बात की थी। उप-प्रधानमंत्री ने बताया, "भारतीय हमलों के करीब 45 मिनट बाद सऊदी अरब के प्रिंस फैसल ने मुझसे फोन पर बात की। प्रिंस ने कहा कि क्या मैं भारत के विदेश मंत्री एस. जयशंकर से बात करूं? अगर पाकिस्तान रुकने के लिए तैयार है तो भारत भी रुक सकता है। इस पर मैंने उन्हें हां कह दिया।

## शुभांशु को अंतरिक्ष ले जाने वाला मिशन 5वीं बार टला

**आईएसएस पर सुरक्षा जांच के चलते पोस्टपोन हुआ, नई तारीख का ऐलान नहीं**

**नई दिल्ली । एजेंसी**



भारतीय एस्ट्रोनॉट शुभांशु शुक्ला को इंटरनेशनल स्पेस स्टेशन यानी आईएसएस ले जाने वाला एक्सियम-4 मिशन पांचवी बार टाल दिया गया है। इसे 22 जून को लॉन्च किया जाना था, लेकिन आईएसएस की सुरक्षा जांच के चलते इसे स्थगित कर दिया गया। इससे पहले इस मिशन को 11 जून को भारतीय समय अनुसार शाम 5.30 बजे लॉन्च किया जाना था। हालांकि, प्रोपल्शन बे में ऑक्सीजन लीक के कारण इसे टाल दिया गया था। एक्सियम मिशन 4 (Ax-4) में चार देशों के चार एस्ट्रोनॉट 14 दिन के लिए स्पेस स्टेशन जाने वाले हैं। शुभांशु आईएसएस पर जाने वाले पहले और स्पेस में जाने वाले दूसरे भारतीय होंगे। इससे पहले राकेश शर्मा ने 1984 में सोवियत यूनियन के स्पेसक्राफ्ट से अंतरिक्ष यात्रा की थी।

### ज्वेज्दा सर्विस मॉड्यूल के पिछले हिस्से में मरम्मत हुई है

नासा ने बताया कि आईएसएस के ज्वेज्दा सर्विस मॉड्यूल के पिछले हिस्से में हाल ही में हुए मरम्मत कार्य की समीक्षा और सुरक्षा जांच के लिए और समय चाहिए। स्पेस स्टेशन की कई प्रणालियां आपस में जुड़ी हुई हैं, इस वजह से नई टीम के लिए सभी तकनीकी सिस्टम पूरी तरह तैयार रहना जरूरी है।

## पाक आर्मी चीफ मुनीर आतंकी ठिकानों की मरम्मत करा रहे, 40 करोड़ का फंड जारी

**भारत ने ऑपरेशन सिंदूर के तहत इन्हें तबाह किया था**

**नई दिल्ली । एजेंसी**



भारत ने ऑपरेशन सिंदूर के तहत 7 मई की रात को पाकिस्तान और पीओके के अंदर मौजूद कई आतंकी ठिकानों को सटीक हमलों में तबाह कर दिया था। इनमें आतंकी संगठन लश्कर-ए-तैयबा और जैश-ए-मोहम्मद के ठिकाने शामिल थे। अब, पाकिस्तान आर्मी उसे फिर से ठीक करा रही है। पाक सेना प्रमुख फील्ड मार्शल आसिम मुनीर ने खुद दखल देते हुए इन आतंकी ठिकानों को रिस्टोर के लिए अब तक 40 करोड़ रूपए का सरकारी फंड जारी किया है। यह फंडिंग उन मदरसों और मस्जिदों तक भी पहुंच रही है जिनका सीधा संबंध लश्कर और जैश जैसे संगठनों से रहा है।

**मुनीर ने तबाह अड्डों को 11 दिन में ठीक करने को कहा :** पाक आर्मी चीफ मुनीर ने मरकज सुब्हान अल्लाह परिसर, बिलाल मस्जिद, उम्मुल कुर्रा, जामिया दावा इस्लामी मदरसा व भारतीय हमलों में तबाह हुए अन्य आतंकी ठिकानों को रिपेयर करने की डेडलाइन 31 जून तय की है।

### कनाडा के सस्केचेवान प्रांत में चक्रवात की चेतावनी, तेज हवाओं के साथ बारिश का अलर्ट

**कनाडा ।** कनाडा के सस्केचेवान प्रांत के कई इलाकों में गुरुवार शाम चक्रवात की चेतावनी जारी की गई है। स्टॉटन, अकोला, ऑक्सबो जैसे शहरों में तेज हवाएं, भारी बारिश और ओलों की संभावना जताई गई है। मौसम विभाग ने बताया कि अभी टॉरनेडो की पुष्टि नहीं हुई है, लेकिन कुछ लोगों ने एस्टेवान और रेजिना के पास टॉरनेडो देखने की बात कही है। एक स्थानीय व्यक्ति ने बताया कि उन्होंने व्हाइट सिटी के पास टॉरनेडो को जमीन से टकराते देखा। अधिकारियों ने कहा है कि लोग खिड़कियों से दूर मजबूत कमरों में शरण लें। किसी तरह के नुकसान की सूचना नहीं है, लेकिन सतर्कता जरूरी है।

## लंदन में बॉयफ्रेंड शिखर पहारिया के साथ वॉक पर निकली जान्हवी कपूर

जान्हवी कपूर को छुट्टी मनाने के दौरान परेशान न करें। 28 वर्षीय बॉलीवुड स्टार अपनी बहन ख़ुशी कपूर और कथित बॉयफ्रेंड शिखर पहारिया के साथ लंदन में हैं। और अंदाज़ा लगाइए क्या? वह अपने ब्रिटिश वेकेशन से बैक-टू-बैक फैशनेबल लुक के साथ दर्शकों का मनोरंजन कर रही हैं। अभिनेत्री जान्हवी कपूर फिलहाल लंदन में अपने बॉयफ्रेंड शिखर पहारिया के साथ कुछ समय बिता रही हैं। सोशल मीडिया पर एक वीडियो वायरल हो रहा है जिसमें दोनों के बीच एक-दूसरे के लिए प्यार भरा पल कैद हुआ है, जब वे शहर की सड़कों पर हाथों में हाथ डाले टहल रहे हैं।




*लंदन से जान्हवी कपूर और शिखर पहाड़िया का एक वीडियो सोशल मीडिया पर सामने आया है, जिसमें दोनों साथ में काफी खुश नजर आ रहे हैं...*

अभिनेत्री के इंस्टाग्राम पर फैन अकाउंट द्वारा शेयर किए गए वीडियो में जान्हवी को जॉगर पैंट के साथ एक आरामदायक ब्लैक ट्यूब टॉप में देखा जा सकता है। उन्होंने अपने खुले बालों और कम मेकअप के साथ अपने लुक को कैज़ुअल रखा। शिखर ने कैज़ुअल टी और सफ़ेद पैंट में उनके साथ नज़र आए, जो बेहद स्टाइलिश लग रहे थे। एक राहगीर द्वारा कैद किए गए इस पल में दोनों हाथ जोड़े हुए करीब से चलते हुए दिखाई दे रहे हैं, जबकि जान्हवी मुस्कुराती हुई दिखाई दे रही हैं। परम सुंदरी अभिनेता के साथ उनकी बहन-अभिनेता खुशी कपूर भी थीं, जिन्होंने पैंट के साथ सफेद टॉप पहना था।

लंदन से जान्हवी कपूर और शिखर पहाड़िया का एक वीडियो सोशल मीडिया पर सामने आया है, जिसमें दोनों साथ में काफी खुश नजर आ रहे हैं। दोनों लंदन की खुली सड़क पर हाथों में हाथ डाले चलते नजर आ रहे हैं। दोनों साथ में काफी खुश नजर आ रहे हैं।

